राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार ,10 अप्रैल 2025

वर्ष 06,अंक 191, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा...03

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर से....08

# 32 साल की महिला ढाई साल में 25 बार बनी मां, 5 बार नसबंदी भी हुई

## जननी सुरक्षा योजना की प्रोत्साहन राशि हड़पने के एक बड़े खेल का खुलासा



आगरा जिले में जननी सुरक्षा योजना की प्रोत्साहन राशि हड़पने के एक बड़े खेल का खुलासा हुआ है. जिससे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है। ऑडिट में कोख से कमाई का खेल पकड़ने जाने पर आगरा सीएमओ ने जांच के लिए नोडल अधिकारी बनाए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जननी सुरक्षा योजना और महिला नसबंदी के लाभार्थियों के भुगतान में किए गए घोटाले की जांच के लिए एनएचएम की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल मंगलवार शाम आगरा पहुंचीं. जो बुधवार और गुरुवार को आगरा में रहकर सीएचसी और अन्य संस्थानों का निरीक्षण करके जांच रिपोर्ट तैयार करेंगी.। इसके साथ ही आगरा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्वत ने फतेहाबाद सीएचसी पर 32 वर्षीय कृष्णा कुमारी के बयान दर्ज किए. कृष्णा कुमारी की कागजों में ढाई साल में 25 बार डिलीवरी और पांच बार नसबंदी कराना दिखाकर सीएचसी के डॉक्टर्स, कर्मचारी, आशा और एक अन्य व्यक्ति ने 45 हजार रुपए का भुगतान हड़पा है.जबकि, हकीकत में कृष्णा कुमारी 8 साल से मां ही नहीं बनी हैं. ऐसी ही अन्य महिलाएं हैं, जिनके साथ कागजों में खेल किया गया है. इन महिलाओं की फर्जी तरीके से गोद भराई और नसबंदी कराकर 8.75 लाख रुपये का खेल किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जननी सुरक्षा योजना और महिला नसबंदी के लिए आगरा जिले में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 में किए गए भुगतान का ऑडिट कराया गया. जिसमें करीब नौ लाख रुपये का संदिग्ध भुगतान पकड़ में आया.। सीएचसी फतेहाबाद से कृष्णा कुमारी के बैंक खाते में ढाई साल के अंदर 45 हजार रुपए का भुगतान किया गया. कागजों में कृष्णा कुमारी की ढाई साल में 25 बार डिलीवरी और पांच बार नसबंदी कराने का खेल किया गया।

### रिश्तेदार ने खुलवाया था बैंक में खाता-

आगरा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को सीएचसी फतेहाबाद पर बुलाकर कृष्णा कुमारी के बयान दर्ज किए गए. जिसमें कृष्णा कुमारी ने बताया कि मेरा गांव नगला कदम है. पति छोटू गुरुग्राम में नौकरी करते हैं. मैं उनके पास ही रहती हूं। मेरी पहली डिलीवरी 2014 में उप स्वास्थ्य केंद्र डौकी में हुई थी. तीन वर्ष बाद 2017 में दूसरी डिलीवरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में हुई थी. दोनों बार मैंने बेटों को जन्म दिया. 2017 की दूसरी डिलेवरी के बाद मैंने नसबंदी करा ली. इसके बाद मेरे कोई बच्चा नहीं हुआ.मेरे रिश्तेदार अशोक ने पेंशन दिलाने की कहकर कागजों पर हस्ताक्षर कराए और बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाया था. बैंक खाते में मेरा मोबाइल नंबर नहीं है. जिसकी वजह से मेरे पास कभी बैंक से कोई मैसेज भी नहीं आया। आगरा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि सीएचसी पर डिलीवरी और नसबंदी कराने पर भुगतान डॉक्टर्स, एएनएम, डाटा ऑपरेटर और आशा से सत्यापन होता है. सीएचसी फतेहाबाद पर 2022, 2023 में डॉ. वीके सोनी, डॉ. देवेंद्र और डॉ. एके सिह अधीक्षक रहे हैं। इस मामले में इन सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे. अभी वर्तमान अधीक्षक प्रमोद कुशवाह, ब्लाक एकाउंट मैनेजर नीरज अवस्थी, डाटा ऑपरेटर गौतम और गौरव थापा के बयान दर्ज किए गए हैं। जिले की सभी सीएचसी के साथ ही एसएन मेडिकल कॉलेज और जिला महिला चिकित्सालय में जननी सुरक्षा योजना और महिला नसबंदी के किए गए भुगतान की जांच के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं. जांच के बाद दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर भुगतान की रिकवरी की जाएगी. एक-एक ब्लॉक में करोड़ों रुपयों का भुगतान हुआ है. इसका भी ऑडिट कराया जा रहा है। आगरा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गांव नगला कदम निवासी अशोक के बनाए समूह में 45 महिलाएं हैं. जिनके एकाउंट भी खुलवाए गए हैं. हर बैंक खाते में अशोक का मोबाइल नंबर दर्ज है। सीएचसी डॉक्टर्स और कर्मचारियों के साथ मिलकर इन महिलाओं की डिलीवरी कराने और नसबंदी के लाभार्थी दिखाकर बैंक एकाउंट में रकम भेजी गई. जिसे यूपीआइ से खुद अशोक निकालता रहा. महिलाओं को एक बार का भुगतान भी नहीं मिला है।

# एसडीएम और बीडीओ ने स्कूल चलो अभियान को दिखाई हरी झंडी

## ..... मुख्य अतिथि एसडीएम अंकित शुक्ला और बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव की मौजूदगी में आयोजित हुआ स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम ।

### ...... ग्राम पंचायत धनुवासांड के ग्राम प्रधान कृष्ण शरण प्रद्युम्न सिंह की अगुवाई में आयोजित हुआ स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम ।





स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के धनुवांसाड गांव में बुधवार को स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। स्कूल चलो अभियान की अगुवाई ग्राम प्रधान कृष्ण शरण प्रद्युम्न सिंह की अगुवाई में की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम मोहनलालगंज अंकित शुक्ला विशिष्ट अतिथि बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव एवं एडीओ पंचायत अशोक यादव की मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। एसडीएम अंकित शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई एवं जनसूचना सम्पर्क विभाग ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कठपुतली कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिससे शिक्षा के प्रति ग्रामीण व अभिभावक जागरूक हों । स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के मौके पर एसडीएम अंकित शुक्ला ने नव प्रवेश छात्रों को नि-शुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा कक्षा 6, 7, 8 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया। इस दौरान एसडीएम अंकित शुक्ला ने प्रदेश सरकार की बेसिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार निःशुल्क शिक्षा देकर शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दे रही है जिससे कोई भी बच्चा अशिक्षित न रहे और निः शुल्क शिक्षा के साथ-साथ दोपहर में निः शुल्क भोजन भी विभाग द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं मोहनलालगंज बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कृष्ण शरण प्रद्युम्न सिंह की सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई और कहा कि शिक्षा इसलिए जरूरी नहीं की सरकारी नौकरी मिले बल्कि इसलिए जरूरी कि अच्छा नागरिक बन सके जिससे समाज में शिक्षा के प्रति एक अच्छा संदेश जाए ।इस दौरान बीडीओ ने कक्षा 7 के छात्र सूरज यादव को विद्यालय में सार्वधिक अंक प्राप्त करने के कारण नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष महेश प्रसाद, सेवानिवृत्त शिक्षक दयाशंकर यादव, शिक्षक राकेश कुमार यादव, वरिष्ठ शिक्षिका मीना विश्वकर्मा, नीता कुमारी, निशा सिंह, शालिनी चतुर्वेदी, विभा जायसवाल एवं सैकड़ों स्कूल छात्राओं सहित अभिभावकों की मौजूदगी रही ।

# इकाई प्रमुख कुदेशिया ने नैनो के लिए संभाला मोर्चा





### बेलहा बांध गांव में नैनो यूरिया प्लस तथा नैनो डीएपी के बताए गुण ।किसानों की दूर की भ्रांतियां।



दया शंकर त्रिपाठी।

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री के किसानों की आय दुगनी करने के आहवान के मद्देनजर इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के निर्देश पर इफको फूलपुर इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने मोर्चा संभालते हुए स्थानीय गांवों में जाकर नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विधि एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कई अधिकारियों के साथ जिसमे, जनसम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश, प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी, एस सी तिवारी उप महाप्रबंधक (विपणन), अक्षय पांडेय (क्षेत्रीय अधिकारी ),कोर्डेट से सुमित तेवतीया थे बेलहा बाँध गांव फूलपु में जाकर ग्राम प्रधान-अजीत पटेल की मौजूदगी में किसानों से मिले तथा नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जायद की वर्तमान फसल मसूर व अरहर की दाल में कैसे नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस का प्रयोग करना हैइसके बारे में किसानों को विस्तृत रूप से समझाया। इसके अतिरिक्त गांव में चौपाल लगाया गया जिसमें जूते किसानों की समस्याओं को सुना तथा अनेक भ्रांतियों को दूर किया गया। यहां यह बताना जरूरी है कि 27 मार्च को तीन दिवसीय निरीक्षण पर फूलपुर में आए इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने निर्देश दिया था कि नैनो के प्रचार प्रसार और लाभ के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए प्लांट के लोग जुट जाएं तभी सभी का भविष्य ठीक रहेगा। प्लांट के केमिकल यूरिया का जमाना जाने वाला है।इस निर्देश का पालन करते हुए इकाई प्रमुख ने स्वयं कमर कसते हुए कल कड़ी धूप में गांव में निकले और स्वयं किसानों को जागरूक किया साथ ही सभी को जिम्मेदारी सौंपी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इच्छुक अभ्यर्थी जिम प्रशिक्षक के लिए 16 अप्रैल तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला खेल कार्यालय में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति से जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी में आधुनिक मल्टीपरपज जिम में 01 प्रशिक्षक (संविदा) पर रखने की स्वीकृति (अध्यक्ष जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति कौशाम्बी) द्वारा की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी जिला खेल कार्यालय कौशाम्बी द्वारा निम्नलिखित योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकतें है। शैक्षिक योग्यता-इण्टरमीडिएट अनुभव-1 वर्ष आयु वर्ष-25 से 35 (31 मार्च 2025 तक) संविदा मानदेय जिम प्रशिक्षक के चयन के लिए योग्यता, जो अभ्यर्थी रखता हो दिनांक 16.04.2025 को सांय 5:00 बजे तक क्रीड़ाधिकारी जिला खेल कार्यालय कौशाम्बी में किसी भी कार्यालय दिवस में आकर प्रातः 11:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र जो स्वयं जमा कर सकते है या स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री डाक द्वारा भेज सकते है, निर्धारित तिथि एवं समय समाप्त होने के उपरान्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।

### पांच बच्चों की मां ,4 बच्चों के बाप प्रेमी संग फरार

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले मे एक ऐसा मामला आया है जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बन गया है. पूरा मामले कि बात करे तो सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के एक गांव मे 5 बच्चों की माँ का दिल मे 4 बच्चों के बाप पर आ गया. धीरे धीरे दोनों का प्यार परवन ऐसा चढ़ा और दोनो अपने बच्चों को छोड़कर एक दिन फरार हो गए. इधर महिला का पति को लगा कि शायद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई है. 3 दिन बाद क्षेत्र के लोगों ने देखा कि प्रेमी के फेसबुक अकाउंट मे एक फोटो व एक उसी फोटो कि रील पोस्ट कि गई है. जिसमे दोनों वरमाला डाले दिख रहे है इस फोटो को देखकर लगता है कि दोनों कि यह तस्वीर शादी करने कि है. तभी से दोनों परिवार के लोग परेशान है. और थाना का चक्कर लगा रहे है. दोनों परिवार के लोगों ने आरोप लगाया है कि पुलिस उनके मामले मे कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। महिला के 5 बच्चों मे 4 बेटियां है वही प्रेमी के 4 बच्चों मे 3 बेटियां है।

# दबंगों के कब्जे से नगर निगम ने खाली करायी सरकारी भूमि

## रहीमाबाद राजस्व लेखपाल की उदासीनता से चकरोड़ व बारातघर की भूमि पर भी दबंगों का कब्जा

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** नगरीय क्षेत्र में नगर निगम की भूमि पर प्रापर्टी डीलरों द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जों की निरन्तर शिकायत नगर निगम के सम्पत्ति अनुभाग को मिलने पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देशन में सरकारी भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित कमेटी ने ग्राम रहीमाबाद की गाटा सं-1305/0.116 हे0 भूमि राजस्व अभिलेखों में वृक्षारोपण दर्ज है। टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार, संदीप यादव व मृदुल मिश्रा लेखपाल नगर निगम एवं राजस्व की ओर से लेखापाल अनुपम मिश्रा व शक्ति वर्मा भेजे गये जबकि रहीमाबाद लेखपाल राजेश तिवारी नदारद रहे। कच्ची सड़क व बाऊँड्रीवाल को जेसीबी से ध्वस्त कर शान्तिपूर्ण ढंग से स्थानीय पुलिस व नगर निगम की ई0टी0एफ0 फोर्स की मदद से कब्जा मुक्त करा लिया । राजस्व लेखपालों की उदासीनता व लापरवाही तथा प्रापर्टी डीलरों से सांठगाठ होने के कारण नापजोख में निर्धारित तिथि से सदैव गायब रहने से ही वर्ष 2008 में निर्मित सामुदायिक केन्द्र की भूमि व जुडे चकरोड़ पर हुए कब्जे की निरन्तर ग्रामवासी व भाजपा पार्षद के शिकायती पत्र को भी नजरअंदाज कर कार्यवाही लम्बित है।

## आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला

### 537 आंगनबाड़ी पदों पर चयन प्रक्रिया में भारी धांधली और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आई हैं

# सीतापुर में न्याय की गुहार, भ्रष्ट तंत्र के विरुद्ध उठी आवाज़

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर।** जिले में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर से प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। जिले के कसमंडा, सिधौली, गोंदलामऊ, मिश्रिख, खैराबाद, हरगांव, मछरेहटा, रेउसा, बेहटा, ऐलिया, महमूदाबाद, लहरपुर, परसेण्डी, महोली, बिसवां, पिसावां सहित अन्य सभी विकास खण्डों में प्रस्तावित 537 आंगनबाड़ी पदों पर चयन प्रक्रिया में भारी धांधली और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आई हैं। आवेदिकाओं के अनुसार सीडीपीओ कार्यालयों के कर्मचारी, बाबू और सुपरवाइजरों ने खुलेआम रिश्वत लेकर अभ्यर्थियों का चयन किया। यह घोटाला केवल ब्लॉक स्तर पर नहीं, बल्कि डीपीओ कार्यालय तक फैला हुआ बताया जा रहा है। सिधौली और कसमंडा ब्लॉकों में लाखों रुपये की अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। सूत्रों की मानें तो पूरे जिले में यह भ्रष्टाचार करीब 15 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। स्पष्ट प्रमाण और चौंकाने वाले मामले कॉल रिकॉर्डिंग प्रकरण- अभ्यर्थी शीला रावत से ?3 लाख की रिश्वत मांगने की कॉल रिकॉर्डिंग सामने आई है, जिसमें कार्यालय बाबू पूनम द्विवेदी और सुपरवाइजर निधि चौरसिया की बातचीत है। यह रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है ।फर्जी दस्तावेज- एक अविवाहित अभ्यर्थी को विधवा दर्शाकर नियुक्ति दी गई। विभागीय अधिकारी इस फर्जीवाड़े पर लीपापोती करने में लगे रहे। गैर-पात्र का चयन- आवेदिका को नियुक्त किया गया, जबकि उनके पति प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं - जोकि नियमों के विरुद्ध है। फर्जी मेरिट लिस्ट और बार-बार बदलाव- रिश्वत न देने वाले योग्य अभ्यर्थियों को कम अंक देकर पीछे रखा गया। प्रभावशाली लोगों के दबाव में चयन सूची बार-बार बदली गई। धमकियां और मनमानी- कुछ आवेदिकाओं को यह कहकर डराया गया कि भर्ती से लेकर रिटायरमेंट तक केस चलते हैं, लेकिन रिश्वत देने वालों का ही चयन होता है भर्ती प्रक्रिया की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष जांच- लोकायुक्त, सतर्कता आयोग या सीबीआई द्वारा, ऋझ्ढ़ के तहत भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो, भर्ती प्रक्रिया को दोबारा पारदर्शिता से संचालित किया जाए, फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि की जांच हो, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट को ही न्यूनतम शैक्षिक योग्यता माना जाए।, आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों की पारदर्शी जांच हो। समाजसेवी पुष्पेंद्र सिंह ने ऐलान किया है समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आवेदिकाओं ने आगामी ,17 अप्रैल 2025 से सीतापुर जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू करने की चेतावनी दी है। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह अत्यंत चिंताजनक है कि गरीब, मेहनती और योग्य अभ्यर्थियों को उनके हक से वंचित कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह घोटाला सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिकता और समाज के प्रति जवाबदेही का भी संकट है। शासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि दोषियों को संरक्षण नहीं, बल्कि दण्ड मिले। अन्यथा यह मामला जनआंदोलन और न्यायालय की चौखट तक पहुँचना तय है।

### 11 अप्रैल से होगा खाद्यान्न का वितरण: जिला पूर्ती अधिकारी

हरदोई जिला पूर्ती अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत माह अप्रैल, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, का नि:शुल्क वितरण माह अप्रैल, 2025 में 11 से 25 अप्रैल 2025 के मध्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत माह फरवरी व मार्च 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकानों स्तर पर उपलब्ध अवशेष बाजरा की मात्रा को सम्मिलित करते हुए जनपद हरदोई के चिन्हित ब्लाकों के अन्त्योदय परिवारों को प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 16 कि0ग्रा0 चावल एवं 05 कि0ग्रा0 बाजरा (उपलब्धतानुसार) का वितरण कराया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं बाजरा को मिलाकर वितरण स्केल की यथावत (21 कि0ग्रा0 प्रति कार्ड) रखा जायेगा। बाजरा का वितरण उन कार्डधारकों को प्राथमिकता में कराएंगे, जिनके द्वारा गत माह में खाद्यान्न/बाजरा का वितरण नहीं लिया गया है। बाजरा की मात्रा समाप्त होने पर शेष अन्त्योदय कार्डधाराकों के मध्य प्रति कार्ड 14 कि0ग्रा0 गेहूँ व 21 कि0ग्रा0 चावल (कुल 35 कि0ग्रा0 खाद्यान्न) का वितरण कराया जायेगा। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुबिधा उपलब्ध रहेगी, खाद्यान्न का निर्बाध रूप से वितरण का कार्य प्रात: 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला अधिकारी नेबायपोखर प्लास्टिक काम्पलेक्स 'ए' व 'बी' गेहूं क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण



**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने खाद्य विभाग की विपणन शाखा पीसीएस बायपोखर प्लास्टिक काम्पलेक्स 'ए' व 'बी' गेहूँ क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि लक्ष्य के सापेक्ष अधिक गेहूँ क्रय किया गया है तथा इस क्रय केन्द्र पर इलेक्ट्रॉनिक काँटा लगा है। उन्होंने देखा कि जिगिना निवासी रवि शुक्ला का गेहूँ क्रय किया जा रहा है तथा उनके द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर दो बार गेहूँ का तौल करा चुका है, तीसरी बार तौल करवा रहे है, क्योंकि इस केन्द्र पर भुगतान 12 घन्टे में हो जाता है। विपणन निरीक्षक ने बताया कि ग्रामों में जाकर एक काँटे से गेहूँ का तौल करवाया जा रहा है एवं एक काँटा इस केन्द्र पर लगा हुआ है। खुले बाजार में भी मूल्य शासकीय दर के लगभग समतुल्य होने के दृष्टिगत केन्द्र प्रभारियों के विशेष प्रयास करते हुए अधिक से अधिक कृषकों को शासकीय क्रय के दायरे में लाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय विपणन निरीक्षक सदर व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आड़ा वहां की चपेट में आने से तीन घायल मौके पर पहुंची पुलिस

**बस्ती।** बस्ती जिले में आयोध्या गोरखपुर हाइवे पर नगर पंचायत कप्तानगंज शिवमन्दिर के पास दिन में 11:30 बजे बस्ती के तरफ तेज रफ्तार जा रही अज्ञात कार ने अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक में टक्कर मार दिया अवेंजर बाइक अनियंत्रित होकर बस्ती की तरफ जा रहे कर के सामने आ गई बाइक चालक कर से टकराते हुए हवा में उड़ते हुए कर के शीशे पर गिर पड़ा तब तक एक और बाइक कर के चपेट में आ गई बाइक सवार कर के अगले बोनट में फंसकर 100 मी घसीटते हुए चली गई घटना में कर चालक और दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए कार चालक और दो बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पर पहुंचा जहां पर कार चालक की पहचान गोरखपुर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के तारामंडल निवासी 45 वर्ष से आशीष श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय पारस श्रीवास्तव के रूप में हुई वह बजाज इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में एजीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं वह लखनऊ से बंसी जा रहे थे एक बाइक चालक रिटायर्डरेलवे के वकील हैं वह बस्ती जा रहे थे तथा बाइक चालक हरैया थाना क्षेत्र के बाहर कला गांव निवासी 35 वर्ष से निलेश पांडे पुत्र जयकरण पांडे के रूप में हुई आवश्यक कार्य बस्ती जा रहे थे दोनों बाइक चालक हेलमेट लगाए हुए थे फिर भी निलेश पांडे को गंभीर चोटे आई है चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल बस्ती के लिए रेफर कर दिया है।

### श्रवण द्विवेदी का आकस्मिक निधन ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बड़ी क्षति- प्रदीप तिवारी

**गोण्डा।** बुधवार को सिंचाई डाक बंगला में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई की आपात बैठक जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी व जिला प्रभारी ए आर उस्मानी की अध्यक्षता में आहूत की गयी। इस अवसर पर शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि श्री द्विवेदी ने अपने कार्यकाल में ग्रामीण पत्रकार संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाया वहीं शिक्षा जगत में वर्ड डिग्री कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज के साथ-साथ कई संस्थानों को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उनका निधन पत्रकारिता जगत और संगठन के लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि संगठन के पदाधिकारी और सदस्य श्री त्रिवेदी के निधन की खबर सुनकर स्तब्ध हैं। शोकसभा में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार दुबे, जिला महामंत्री अशोक कुमार पाठक, किशोर चंद्र जायसवाल, खुशबू कनौजिया, रुबी अवस्थी, रानी मौर्या, अखिलेश त्रिपाठी, राकेश दत्त राम पांडेय, योगेश पांडेय, राजकुमार तिवारी, बृजभूषण तिवारी, आनंद पांडे, शिवकुमार पांडेय, दीपक कौशल, रामकुमार कौशल, विनोद तिवारी, श्री प्रकाश शुक्ला सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

### प्रवर्तन की कार्रवाई में 321 ई-रिक्शा पर 7.34 लाख जुर्माना

कानपुर। प्रदेश में ई-रिक्शा एवं नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा के संचालन से हो रही दुर्घटनाओं के सन्दर्भ में माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश में ई-रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित करने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। आज इस अभियान के क्रम में 321 ई-रिक्शा पर कार्रवाई की गई। तथा 7.34 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान में अम्बुज, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कहकशां खातून, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर.के. वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मानवेन्द्र प्रताप सिंह, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, दिनेश कुमार, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, अनिल कुमार, यात्रीकर अधिकारी एवं दीपक सिंह, यात्रीकर अधिकारी उपस्थित थे।

## राम दरबार व सप्त मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की प्रेसवार्ता

स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या।** चंपत राय का बयान, प्रथम तल पर राम दरबार परकोटा में 6 मंदिरों की स्थापना। सूर्य, भगवती, अन्नपूर्णा, शिवलिंग, गणपति और हनुमान जी। शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण जी की मूर्ति की स्थापना। सप्त मंडप में महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ,विश्वामित्र, अगस्त्य मुनि, निषाद राज, शबरी व अहिल्या मूर्ति की होगी स्थापना,मूर्तियों का निर्माण लगभग हो चुका है, मूर्तियों का श्रृंगार वस्त्र और आभूषण यह सब तैयार हो रहा है, तुलसीदास जी की मूर्ति की स्थापना हो चुकी है, यात्री सुविधा केंद्र का मंडप, 2- 4 लाख जो भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आएंगे वे तुलसीदास जी के दर्शन अवश्य करेंगे, यह सभी प्रतिमाएं सफेद रंग के मकराना मार्बल की है, 15 अप्रैल के बाद इन मूर्तियों को जयपुर से निर्माण स्थल से अयोध्या लाना प्रारंभ कर देंगे। जैसे-जैसे मूर्तियां अयोध्या आती रहेगी तत्काल उनको अपने निर्धारित स्थान पर रख दी जाएगी, लगभग 18 प्रतिमाये में स्थापित होगी, लार्सन टुब्रो इस काम को संपन्न करेगा, 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है अत्यंत शुभ दिन है, 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को राम दरबार को अपने स्थान पर प्रवेश कर देंगे, पहली मंजिल के गर्भ गृह में स्थापित कर देंगे, जब जून महीने में सभी ट्रस्टी आ जाएंगे तब एक साथ प्राण प्रतिष्ठा कर दी जाएगी, प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन तीन दिवसीय होगा, जो भी प्रमुख दिन तय होगा उसके दो दिन पहले से कार्य शुरू हो जाएगा। जलवास, अन्नवास, औषधिवास व शैय्या। जून माह में यह कार्य संपन्न हो जाएगा, शेषावतार मंदिर यह कार्य वह में होगा, जब यह कार्य शुरू होगा तो अंदर के टावर क्रेन हटा दिए जाएंगे, टावर क्रेन हटाने का मतलब होगा अंदर अब कोई निर्माण नहीं होगा। परकोटा उत्तर और दक्षिण दिशा में जो अधूरा पड़ा हुआ है उस परकोटे का निर्माण करना प्रारंभ करेंगे, राम मंदिर में चार द्वार बना रहे हैं, उत्तरी दिशा में एक द्वार, क्रासिंग 11 का द्वार,क्रासिंग तीन का द्वार, रामजन्मभूमि का प्रवेश द्वार। द्वारों के नाम इस ढंग से रखे जाएंगे की संपूर्ण भारत की आध्यात्मिक एकात्म यहां प्रकट हो। रामानुज परंपरा, शंकराचार्य जी की परंपरा, वैष्णव में माधवाचार्य जी की परंपरा, अयोध्या में रामानंदाचार्य की परंपरा। यह चार परंपराएं ऐसी हैं जिससे संपूर्ण देश का एकात्मका का प्रकट होगा। परकोटा 2025 तक कार्य पूरा हो जाएगा। इतना बड़ा कार्य है अगर दो-चार महीने और लग गए तो इसे रोलिंग पीरियड कहेंगे। शिखर का पूजन हो चुका है, जैसे-जैसे तैयारी होती रहेगी शिखर को ऊपर स्थापित करते रहेंगे। इसके बाद भुज दंड। सारे दंड आ चुके हैं। उसके बाद सभी का सामूहिक पूजन करेंगे, परिस्थितियों के अनुसार उसे दंड की स्थापना करते रहेंगे। प्रयागराज, पुरंदर दास एक आंध्र के हैं इनकी प्रतिमाएं भी लगाई जाएगी। गिलहरी की भी स्थापना की जाएगी।



## गजेन्द्रमणित्रिपाठी की अध्यक्षता मेंविकास भवन सभागार में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक की

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिले के विकास भवन सभागार में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपाध्यक्ष गजेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार की योजनाओं एवं नीतियों से किसानों को अधिकाधिक लाभ दिलाये जाने का सुगमतापूर्ण कार्य करें। डीबीटी का लाभ प्राप्त करने, पंजीकरण कराने सहित योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भी तत्परता दिखाए। उन्होने नलकूप विभाग के एसडीओ प्रदीप गुप्ता को निर्देशित किया कि बसहवाँ में स्थित आदर्श नलकूप की सौन्दर्यीकरण को वित्तीय वर्ष 2024-25 में दो बार कराये जाने का कार्य आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। कृषि विभाग के एसडीओ हरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि जनपद में किसानों के लिए मक्का व उड़द की मिनी किट का वितरण किया गया है तथा कुल 490 कुन्तल ढैचा का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 40 कुन्तल ढैचा का प्रदर्शन हेतु लक्ष्य है। पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को शासन द्वारा निर्धारित अनुदान राशि का वितरण डीबीटी के माध्यम से कराया जा रहा है तथा इससे जनप्रतिनिधियों को भी संज्ञानित किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि कप्तानगंज गुलाब चन्द्र सोनकर ने बैठक में उपस्थित बाढ खण्ड के जेई से जानकारी चाही। उक्त क्रम के उन्होंने बताया कि बाढ खण्ड की आठ परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। गन्ना विभाग के अधिकारी ने कहा कि बजाज सुगर मिल्स का किसानों का कुल गन्ना मूल्य का बकाया वर्तमान में कुल 80 करोड़ है, जिसका मिल प्रबंधन द्वारा रु 65 करोड़ का भुगतान किए जाने का कार्यवाही संचालित है, जबकि अवशेष 15 करोड़ रुपये की व्यवस्था बाद में करायी जायेगी। वरिष्ठ उद्यान निरीक्षण भानुप्रताप त्रिपाठी ने बताया कि पाली हाउस संरक्षित में प्रगतिशील किसान विजय शंकर वर्मा ने लगभग 4 हजार वर्गमीटर में जरबेरा फूल की खेती की है, जिसमें किसान को शासन द्वारा प्रदत्त 50 प्रतिशत अनुदान राशि भुगतान करा दी गयी है। शासन द्वारा किसानों को बीज उपलब्ध कराने के साथ बैरीकेडिंग कराये जाने की व्यवस्था के लिए, शासन स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सदर मो. सलीम, अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-4/नोडल एकेश कुमार गौतम, सहायक अभियन्ता अयोध्या राजनारायण तिवारी, विपिन कुमार मौर्या, अम्बिकेश प्रताप सिंह, प्रिन्स वर्मा, हरिशन्द्र उपाध्याय, अरविन्द कुमार, आदित्य, अमित कुमार, दुर्गेश कुमार उपस्थित रहें।

### सूचना अधिकार कानून का माखौल बर्दाश्त नहीं, राजन चौधरी ने भेजा लीगल नोटिस



**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व ज्ञान क्रांति जनहित संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन चौधरी ने जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जनहित में मांगी गई सूचना की वास्तविकता की प्रति उपलब्ध कराने की जगह पर भ्रमित करने वाली सूचना उपलब्ध कराए जाने पर, कार्यपालिका न्यायपालिका व प्रदेश के अधिकारियों को लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि यदि न्यायहित में कार्यवाही न हुई तो वे सर्वोच्च न्यायालय में अपील दाखिल करेंगे। जनहित संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन चौधरी ने बताया कि सूचना के अधिकार कानून का अनेक अधिकारी माखौल उड़ा रहे हैं। समय पर सूचना न देना, लोगों को अकारण दौड़ाना आदत में शामिल हो गया है। इन सवालों को लेकर वे विधिक तौर पर संघर्ष करेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से राजन चौधरी ने बताया कि लीगल नोटिस प्राप्त होने के एक सप्ताह के अंदर मांगी गई बिंदुवार सूचना की प्रति यदि उपलब्ध न कराई गई तो सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली तक प्रकरण को ले जाया जायेगा।

## दरोगा की शर्मनाक करतूत, नशे में धुत होकर नागरिक के घर में घुसा, वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें वर्दी की आड़ में कानून के रक्षक ने ही कानून की धज्जियां उड़ा दी। एक पुलिस दरोगा शराब के नशे में धुत होकर एक आम नागरिक के घर में घुस गया और वहां उत्पात मचाया। इस शर्मनाक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों के विरोध करने पर दरोगा ने उल्टा उन पर ही अपनी वर्दी का रौब झाड़ने की कोशिश की, जिससे जनता में आक्रोश और बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना बीती रात की है, जब दरोगा नशे की हालत में एक स्थानीय निवासी के घर में बिना किसी कारण घुस गया। वायरल वीडियो में दरोगा की हालत साफ नजर आ रही है, जिसमें वह लड़खड़ाता हुआ और असंयमित व्यवहार करता दिख रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दरोगा ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और परिवार वालों के साथ अभद्रता भी की। जब आसपास के लोगों ने इस कृत्य का विरोध किया, तो उसने अपनी वर्दी का दुरुपयोग करते हुए उन्हें धमकाने की कोशिश की। लोगों का कहना है कि जिस पुलिस पर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही जब इस तरह के कृत्यों में शामिल हो, तो आम जनता भरोसा किस पर करे? स्थानीय निवासी राम प्रसाद ने बताया, "हमने पुलिस को सूचना दी, लेकिन शुरू में कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर वीडियो वायरल न होता, तो शायद यह मामला दब ही जाता।" अन्य निवासी श्यामलाल ने कहा, "यह पहली बार नहीं है जब बस्ती पुलिस विवादों में आई हो। पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।" घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि, अभी तक पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर दरोगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद पुलिस की छवि पहले से ही कई विवादों के कारण धूमिल रही है। पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार, लापरवाही और दुराचार के कई मामले सामने आ चुके हैं। इस नई घटना ने पुलिस की विश्वसनीयता पर एक और गहरा धब्बा लगाया है। जानकारों का मानना है कि अगर समय रहते इस मामले में कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो जनता का पुलिस पर से भरोसा और कम हो सकता है।



## सपा महिला कार्यकर्ताओं ने फूंका दिल्ली सीएम का पुतला, अखिलेश यादव पर अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** समाजवादी पार्टी (सपा) की महिला कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर रेखा गुप्ता द्वारा की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष गीता भारती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शास्त्री चौक के पास एकत्र होकर दिल्ली सीएम का पुतला फूंका और उनके खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान गीता भारती ने कहा कि लोकतंत्र में शब्दों की मर्यादा का विशेष महत्व है और किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को अपनी भाषा में संयम बरतना चाहिए। उन्होंने रेखा गुप्ता की टिप्पणी को निंदनीय करार देते हुए कहा, "दिल्ली की मुख्यमंत्री ने हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ जिस तरह के अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, वह न केवल उनकी मर्यादा का उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी प्रहार है।" गीता भारती ने रेखा गुप्ता से तत्काल माफी मांगने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो समाजवादी महिला सभा का विरोध और तेज होगा। इस विरोध प्रदर्शन में समाजवादी महिला सभा की कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुईं। बबिता गौतम, शकुंतला चौरसिया, प्रिया श्रीवास्तव और इन्द्रावती शुक्ला ने प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा राधा देवी, सुशीला, विजय लक्ष्मी, रागिनी गौड़, सरस्वती देवी और रंजना मौर्य ने भी नारेबाजी करते हुए रेखा गुप्ता के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। उर्मिला मिश्र, संगीता, फूलमती, केतकी, दुर्गावती, बासमती, अनीता, झिनका, संतराजी, चन्द्रावती, चम्पा, राजवती और निर्मला सहित अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने भी इस प्रदर्शन में सक्रिय भागीदारी की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर रेखा गुप्ता से माफी मांगने और उनकी टिप्पणी को वापस लेने की मांग लिखी थी। शास्त्री चौक पर पुतला दहन के दौरान "रेखा गुप्ता शर्म करो" और "अखिलेश यादव पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं" जैसे नारे गूंजते रहे। प्रदर्शन के कारण कुछ देर के लिए क्षेत्र में आवागमन भी प्रभावित हुआ, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में रही। समाजवादी महिला सभा की कार्यकर्ताओं का कहना है कि अखिलेश यादव न केवल उनकी पार्टी के नेता हैं, बल्कि देश के एक लोकप्रिय और सम्मानित राजनेता भी हैं। उनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी को वे किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगी। प्रदर्शन में शामिल बबिता गौतम ने कहा, "हमारी मांग साफ है कि रेखा गुप्ता अपने शब्दों के लिए माफी मांगें, वरना यह आंदोलन पूरे प्रदेश में फैलेगा।" आपको बताते चलें की यह प्रदर्शन उस घटनाक्रम का हिस्सा है, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक साक्षात्कार के दौरान अखिलेश यादव पर विवादित टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के बाद से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया है और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। बस्ती में हुए इस प्रदर्शन ने भी इस मुद्दे को और गर्म कर दिया है।



## गोंडा की डीएम नेहा शर्मा एक्शन मोड में- कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में जिम्मेदारों की लापरवाही पर कसी नकेल, अनुपस्थित स्टाफ पर सख्त तेवर

**● 10 दिन की डेडलाइन- छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए डीएम का अल्टीमेटम**

**जिम्मेदारों की जवाबदेही तय, 10 दिन में स्थिति नहीं सुधरी तो जिला समन्वयक बालिका शिक्षा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी निर्धारित**




स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एक बार फिर अपने सख्त प्रशासनिक तेवर दिखाते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में जिम्मेदारों की लापरवाही पर बड़ा एक्शन लिया है। पंजीकृत संख्या के सापेक्ष छात्राओं की कम उपस्थिति और स्टाफ की लापरवाही पर डीएम ने बुधवार को अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। डीएम के निर्देश पर जनपद के सभी 17 कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में कराए गए औचक निरीक्षण में चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। अधिकांश विद्यालयों में पंजीकृत संख्या के सापेक्ष छात्राओं की उपस्थिति कम पाई गई और कई जगह स्टाफ भी ड्यूटी से गायब मिला। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए गैरहाजिर स्टाफ का वेतन रोकने व कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

**10 दिन की मोहलत — फिर देनी होगी रिपोर्ट-** जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि आगामी 10 दिनों के भीतर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जिला समन्वयक बालिका शिक्षा की भी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को उसके संबंध में 10 दिन के बाद रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए हैं।

**बालिका शिक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-** डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग को अलर्ट करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में छात्राओं तक पहुंचे।

**शिक्षा विभाग में हड़कंप-** डीएम के इस एक्शन के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारों का मानना है कि यह कार्रवाई न सिर्फ बालिका शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम है बल्कि विद्यालय प्रशासन की जवाबदेही भी तय करेगा।

## विद्यालय के भवन का गौरा विधायक ने किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात





**मनकापुर (गोंडा)** शिक्षा क्षेत्र छपिया के श्री स्वामी नारायण प्राथमिक विद्यालय छपिया प्रथम के विद्यालय भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक प्रभात वर्मा, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी नेहा शर्मा, सीडीओ अंकिता जैन, महंत देव प्रकाश स्वामी, बीएसए, उप जिलाधिकारी मनकापुर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। मंदिर के महंत देव प्रकाश स्वामी, कोठारी विष्णु स्वामी, सागर भगत ने मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र, व स्वामी नारायण भगवान की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय बैदौली के छात्रों ने स्टाल लगाया। कार्यक्रम का संचालन गयालाल यादव ने किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा छपिया के ब्लाक अध्यक्ष राजमंगल पांडेय, मंत्री ऋषि तिवारी शिक्षामित्र संघ के ब्लाक अध्यक्ष वशिष्ठ पांडेय ने विद्यालय समय परिवर्तन के संदर्भ में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। विद्यालय उद्घाटन के पूर्व जिलाधिकारी नेहा शर्मा, विधायक प्रभात वर्मा, सीडीओ अंकिता जैन, उप जिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी छपिया गीतांजलि तिवारी खण्ड विकास अधिकारी छपिया पूर्णेन्दु मिश्रा ने भगवान घनश्याम महाराज की जन्मस्थली स्वामी नारायण छपिया मंदिर में भगवान का दर्शन किया। मंदिर में महंत देव स्वामी, कोठारी विष्णु स्वामी, सागर भगत ने मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जवशन तिवारी, जितेंद्र नाथ पांडे, राजन सिंह, बलराम वर्मा अतुल मालवीय,राजमंगल पांडे ऋषि तिवारी, वशिष्ठ पाण्डेय, नागेन्द्र पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, अनिल सिंह, मनोज सिंह, , दिलीप वर्मा असगर अली दया शंकर पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआ कलां उत्कृष्ट विद्यालय से सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** अगर अच्छी सोच के साथ कोई काम करने की ठान लो तो कुछ भी असंभव नहीं रहता। परिषदीय विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षक की ऐसी ही सोच ने ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया, जहां से बच्चे नए नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। यह बच्चे अपनी कला के लिए सराहे जा रहे हैं। विकास खंड पचपेड़वा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआ कलां में सहायक अध्यापक राजेश्वर प्रसाद यादव की वर्ष 2018 में तैनाती की गई थी। तब विद्यालय की शैक्षिक स्तर बहुत ही पिछड़ा था। शिक्षक ने विद्यालय की दशा देख प्रण लिया कि इस विद्यालय को एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करना है और वह इसी सोच के साथ अपने लक्ष्य को पाने में लग गए। उनके प्रयास में और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय को बदल कर रख दिया। राजेश्वर प्रसाद यादव द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 50 से अधिक मॉडल पेपर बनाए गए है जिससे पूरे प्रदेश के बच्चे लाभान्वित होते हैं।

विद्यालय में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षा 6 से ही तैयार किया जाता है। जिससे अब तक विद्यालय से 47 बच्चे



nmms, 20 बच्चे अटल आवासीय विद्यालय एवं 4 बच्चे श्रेष्ठ में चयनित हो चुके हैं। इसी क्रम में सहायक अध्यापक राजेश्वर प्रसाद यादव को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर श्री शुभम शुक्ला द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## ग्राम प्रेमपुर पुरैना में आग लगने से गरीब परिवार का घर जलकर राख, शादी का सामान भी नष्ट

स्वतंत्र प्रभात





**जरवा/बलरामपुर** विकास खंड गैसड़ी ग्राम पंचायत प्रेमपुर पुरैना में एक गरीब परिवार के घर में खाना बनाते समय अचानक आग लग गई, जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया। इस आगजनी में आभूषण, कपड़े, रजाई, गद्दे सब जलकर खाक हो गए। सबसे दुखद पहलू यह रहा कि इस घर में लड़की की शादी की तैयारियां चल रही थीं और आग की चपेट में आकर शादी का सारा सामान नष्ट हो गया।आग लगने के बाद, आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज़ थीं कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक परिवार का सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन गांववासियों का कहना है कि घर में खाना बनाने के दौरान गैस चूल्हे से आग लग सकती है।

परिवार के मुखिया ने बताया कि इस हादसे के बाद उनके पास न तो पैसे हैं और न ही कोई सामान, जो उनकी बेटी की शादी के लिए बचाकर रखा था। स्थानीय प्रशासन और समाजसेवियों ने परिवार की मदद करने की अपील की है, ताकि वे इस कठिन समय में अपनी बेटी की शादी के लिए फिर से जरूरी सामान जुटा सकें। ग्राम पंचायत ने भी प्रभावित परिवार को राहत देने के लिए कुछ मदद देने की बात कही है। इस घटना ने पूरे गांव में शोक का माहौल बना दिया है, और लोग गरीब परिवार की मदद के लिए एकजुट हो गए हैं। क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी कमलेश यादव ने बताया कि इस अग्निकांड से हुए नुकसान का आकलन लगभग 85,000 रुपये किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी, ताकि प्रभावित परिवार की मदद की जा सके।



## कार्यालय ग्राम पंचायत चेतरा विकास खण्ड - शोहरतगढ़, जनपद -सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत चेतरा विकास खण्ड - शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट , बालू , सीमेंट , सरिया , मोरंग , इंटरलाकिंग ईंट , ह्यूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है , इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 12.4.2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वाछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत चेतरा सुबह 10.00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रु० 5000 ( पाँच हजार ) होगी।

**नियम एवं शर्ते**

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा । 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी । 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी । 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है । 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी। 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा । 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत चेतरा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत चेतरा कार्यालय से प्राप्त किया जाएगा जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत चेतरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट, अत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, बारातघर , इंटरलाकिंग ईंट , सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

किसमत अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- चेतरा विकास खण्ड -
शोहरतगढ़, जनपद- सिद्धार्थनगर

राम स्वरूप गुप्ता
सचिव
ग्राम पंचायत चेतरा विकास खण्ड-
शोहरतगढ़, जनपद - सिद्धार्थनगर

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशासन की लापरवाही, डीआरडीओ रोड पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के बनी मोहान मार्ग से डीआरडी जाने वाले रास्ते से होकर वाया सहिजनपुर गाँव होकर हरौनी रेलवे क्रासिंग के पार जाने के लिए कच्चे रास्ते पर मौरंग से भरी ट्राली पलट गई हालांकि ड्राइवर व मजदूर बाल बाल बच गये। गौरतलब हो कि हरौनी रेलवे क्रासिंग एक साल से बंद होने से क्रासिंग को पार करने के लिए कोई भी वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था नहीं की गई जो रास्ता है भी वो कच्चा और धूल भरा मार्ग है जिस पर पहले भी तमाम चार पहिया वाहन पलटते बचे हैं। हरौनी निवासी किसान नेता राजेश सिंह चौहान ने एसडीएम सरोजनीनगर से वैकल्पिक रास्ता बनवाये जाने की भी मांग रखी थी लेकिन दो दिन बाद भी उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर ने मौके पर आकर मुयाना ही किया और न ही वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था कराई जिससे बुधवार को मौरंग से भरी ट्राली पलट ही गयी। अगर हालात यही रहे तो आगे भी तमाम हादसे हो सकते है। घटना के बाद भी प्रशासन की कुम्भकर्णी नींद नहीं खुल रही है जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत पैदा हो रही है।

### गांव में जंगली जानवर का आतंक, किया सांड पर हमला, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

सीतापुर लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रावल अदेसर में एक अज्ञात जंगली जानवर का आतंक फैला हुआ है जानवर ने मंगलवार देर रात एक सांड पर हमला किया घटना उस समय हुई जब वन विभाग की टीम ग्राम प्रधान के आवास पर जमा ग्रामीणों को जंगली जानवर से बचाव के बारे में जागरूक कर रही थी। अचानक एक सांड को तेजी से भागते देखा गया वन विभाग की टीम और ग्रामीणों ने खेतों में जाकर जंगली जानवर की तलाश की लेकिन वह नहीं मिला ग्राम प्रधान नरेंद्र त्रिवेदी समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि सांड के पिछले हिस्से पर जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले जानवर के डर से ग्रामीण रात भर आग जलाकर अपनी और अपने पशुओं की रक्षा कर रहे हैं। किसान खेतों में भी नहीं जा पा रहे हैं वन दरोगा राजकुमार वर्मा ने बताया कि वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ गांव में लगातार कॉम्बिंग कर रही है वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के अनुसार, जंगली जानवर को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगा दिया गया है साथ ही ग्रामीणों को सजग रहने और समूह में रहने की सलाह दी जा रही है!!

### बाइक पर खतरनाक स्टंट वीडियो वायरल, सड़क पर हाथ छोड़कर चलाई मोटरसाइकिल, पुलिस ने शुरू की जांच

सीतापुर जनपद सीतापुर मानपुर-बिसवा मार्ग पर एक युवक का खतरनाक बाइक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो में युवक बाइक चलाते समय हैंडल को छोड़कर बैठा हुआ है युवक ने सार्वजनिक सड़क पर यह स्टंट किया और खुद ही वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के स्टंट न सिर्फ स्टंटबाज के लिए बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी खतरनाक हैं। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है पुलिस सूत्रों के अनुसार, बाइक सवार की पहचान की जा रही है और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी!!

### ब्लाक के सभागार में सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन।

**मिश्रिख (सीतापुर)।** भाजपा द्वारा विकासखंड मिश्रिख के सभागार में सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अशोक कुमार रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, पूर्व एमलसी



भरत त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी सक्रिय सदस्य, मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, शक्तिकेंद्र प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में सांसद और विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पांडेय, रोहित सिंह, विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी, प्रवीण सिंह, देवेन्द्र नन्द, सियाराम, मंडल अध्यक्ष मिश्रित देवेश पांडेय, जितेन्द्र गुप्ता, अंकित शुक्ला, भास्कर मिश्रा, प्रधान राजन मिश्रा, रामकिशोर वर्मा, बड़कन्ने, रंजीत रावत, हरजीत कुमार, विवेक सिंह चौहान,सन्नो देवी आदि उपस्थित रहे।

# जिला कार्यकारिणी की बैठक क्वींस इंटर कॉलेज में संपन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 09 अप्रैल, 2025 शिक्षा भवन के कार्यालयों में शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2025 को जारी सिटीजन चार्टर को प्रभावी ढ़ग से लागू कराने की मांग को लेकर संगठन की लखनऊ की 104 विद्यालय इकाइयों में सिटीजन चार्टर लागू कराये जाने सम्बन्धी पारित प्रस्ताव मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, अपर मुख्य सचिव एवं शिक्षा निदेशक को प्रेषित किए जाएगे। यह निर्णय आज क्वीन्स इण्टर में जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला कार्यकारिणी की बैठक में किया गया। उत्तर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र ने बताया कि जिला संगठन द्वारा गत दो वर्षो से शिक्षा भवन के कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सिटीजन चार्टर लागू कराने की मांग की जा रही थी। शिक्षा निदेशक द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2025 को सिटीजन चार्टर जारी कर प्रदेश के शिक्षाधिकारियों को इसे लागू किए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिला संगठन द्वारा संयुक्त शिक्षा निदेशक, उप-शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रथम एवं द्वितीय को पत्र लिखकर 01 अप्रैल, 2025 से इसे लागू किए जाने की मांग की गई थी और शिक्षाधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था। किन्तु अभी तक इसे लागू नही किया गया है जिससे जिला संगठन का चरणबद्ध संघर्ष के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष अनिल षर्मा एवं जिलामंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि जिला संगठन सभी विद्यालय इकाइयों से 31 मार्च, 2025 तक शिक्षा भवन के कार्यालयों में प्राप्त कराए गए प्रकरणों की सूची प्राप्त करेगा और जिला संगठन इन प्रकरणों को सिटीजन चार्टर के अनुसार निस्तारित कराने की लिये यदि आवश्यक हुआ तो संघर्ष करेगा। बैठक में यह भी निर्णय किया गया है कि शाखा इकाइयों की बैठक में जिला संगठन के पद पदाधिकारी अवश्य उपस्थित रहेगें। जिला संगठन की बैठक में प्रदेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, मंजू चैधरी, सदस्य राज्य कार्यकारिणी डा0 मीता श्रीवास्तव, जिलामंत्री महेश चन्द्र, संयोजक संरक्षण समिति चन्द्र प्रकाश शुक्ल, संयोजक संघर्ष समिति इनायत उल्लाह खां, कोषाध्यक्ष आर0पी0 सिंह, आय व्यय निरीक्षक आलोक पाठक, संयुक्त मंत्री डा0 अनिल तिवारी, डा0 शैलजा गुप्ता, सुमित अजॉय दास, आरती वर्मा, रेनू वर्मा, गायत्री दीक्षित, मुनीर अहमद, डा0 काजी खलीकुर्र रहमान, महमूज आलम, विनीत तिवारी, उपेन्द्र मिश्र, मो0 सिराज, वसीम महमूद, रमेश यादव, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बार एसोसिएशन चुनाव में उमड़े उम्मीदवार, अध्यक्ष पद के लिए 3 महामंत्री के लिए 3 समेत कुल 12ने भरा नामांकन

स्वतंत्र प्रभात



**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव में बुधवार को कई पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की बिक्री के अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की अध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र पांडे, श्रवण जायसवाल और कमलेश वर्मा ने नामांकन भरा महामंत्री पद के लिए कृपाशंकर पांडे, रवि प्रकाश और सरोज अवस्थी ने दावेदारी पेश की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए राम सुचित ने नामांकन दाखिल किया 10 वर्ष से अधिक अनुभव वर्ग में उपाध्यक्ष पद के लिए बूटा सिंह ने नामांकन भरा कोषाध्यक्ष पद के लिए महेंद्र कुमार द्विवेदी ने दावेदारी पेश की संयुक्त मंत्री पद के लिए आनंद वर्मा, श्रीकांत सिंह और उमेंद्र कुमार ने नामांकन दाखिल किया। कनिष्ठ सदस्य पद के लिए दुर्गेश गिरी ने अपना नामांकन पत्र जमा किया चुनाव अधिकारी एडवोकेट कमलेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी उन्होंने यह भी बताया कि लहरपुर बार एसोसिएशन में कुल 88 सदस्य पंजीकृत हैं!!

# डीएलएड मूल्यांकन पारिश्रमिक में बढ़ोत्तरी की मांग, शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

## नहीं बढ़ा मूल्यांकन पारिश्रमिक शिक्षकों ने मनीष रावत के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर (सिधौली)।** डीएलएड प्रशिक्षुओं उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लगे शिक्षकों को विगत कई वर्षों से मात्र 11 रुपया प्रति के आधार पर पारिश्रमिक प्रदान किया जा रहा है। यह दर पिछले लगभग आठ वर्षों से अपरिवर्तित है, जबकि इस अवधि में महंगाई और जीवन यापन की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हो चुकी है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने सिधौली विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय मनीष रावत जी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में आग्रह किया गया है कि डीएलएड उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन पारिश्रमिक को यथाशीघ्र 25 रुपया प्रति किया जाए। शिक्षा परिषद की परीक्षाओं तथा बी.एड पाठ्यक्रम के मूल्यांकन कार्यों में समय-समय पर पारिश्रमिक में वृद्धि की जाती रही है। वर्ष 2024 में डीएलएड प्रशिक्षुओं की परीक्षा शुल्क 400 रुपया से बढ़ाकर 600 रुपया कर दी गई है, जिससे परीक्षार्थियों से अधिक राजस्व वसूला जा रहा है। मूल्यांकन कार्य अप्रैल के द्वितीय सप्ताह में आयोजित होना है, और शिक्षकों में इस विषय को लेकर असंतोष व्याप्त है, जो कार्य की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। शिक्षकों की ओर से यह अपील की गई है कि उनके श्रम और सम्मान का ध्यान रखते हुए मूल्यांकन पारिश्रमिक में शीघ्र वृद्धि की जाए, जिससे वे पूरे मनोयोग और उत्साह से इस महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न कर सकें। इस मौके पर आशीष त्रिपाठी, सुशील कुमार, चंद्रशेखर, कमलेश कुमार, राजेश मिश्रा, अखिलेश वर्मा, रामशंकर, आदि लोग मौजूद रहे।

# सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में कई प्रत्याशियों ने किए नामांकन

## ......सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन में महामंत्री पद हेतु शिवकुमार पाण्डेय ने सैकड़ों समर्थकों संग किया नामांकन पत्र दाखिल

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी के गठन हेतु मीराबाई मार्ग स्थिति राज्य कर भवन मे मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है, जिसमें बुधवार को नामांकन के दूसरे दिन कई प्रत्याशीयों ने विभिन्न पदों हेतु अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें मुख्य रूप से महामंत्री पद हेतु गत वर्ष के उपविजेता शिव कुमार पांडेय ने अपना नामांकन पत्र भारी संख्या में समर्थकों संग दाखिल किया। इस अवसर पर मोहम्मद सलीम, संजय यादव, राजेश गौतम, सुरेंद्र यादव, अखिलेश शुक्ला, रमेश श्रीवास्तव, अंजनी वर्मा, राजीव त्रिवेदी, पुनीत पांडेय, अनिल सिंह, संदीप श्रीवास्तव समेत सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त प्रशांत सोनी ने कनिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद अवस्थी ने उपाध्यक्ष मध्य हेतु, शिव चरित्र तिवारी ने वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हेतु अपना नामांकन दाखिल किया इसके आलावा जूनियर और सीनियर कार्यकारिणी सदस्य हेतु भी विभिन्न अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन दाखिल किया। ज्ञात हो कि नामांकन के प्रथम दिन मंगलवार को अध्यक्ष पद हेतु संजय मिश्रा एवं जलज चतुर्वेदी ने अपना नामांकन दाखिल किया था, इसके अलावा सचिव, कोषाध्यक्ष, एवं उपाध्यक्ष पद हेतु एक - एक नामांकन दाखिल हुआ था। इस मौके पर महामंत्री पद के प्रत्याशी शिव कुमार पांडेय ने बताया कि अभी 11 अप्रैल तक नामांकन प्रक्रिया की तिथि निर्धारित है इसलिए उम्मीद हैं कि अभी कई और प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे, जिससे इस बार का चुनाव काफी रोमांचक हो सकता है और अप्रत्याशित परिणाम भी आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए 25 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई हैं।

# सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा किसान संगठन ने डीएम को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के खिलाफ किसान संगठन सक्रिय हो गया है संगठन ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। इसमें तालाबों और सार्वजनिक जमीनों पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया गया है किसान संगठन के युवा अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने खैराबाद के मिश्रापुर गांव का मामला उठाया उन्होंने बताया कि वहां 25 साल पुराने मदरसे को मस्जिद में बदलने की कोशिश हो रही है शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर पालिका क्षेत्र में भी अवैध कब्जे की शिकायतें सामने आई हैं किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू के अनुसार, मुंशीगंज में तालाब की जमीन पर एक निजी स्कूल चल रहा है शहर में करीब 100 कुओं को दबंगों ने पाट दिया है जिला अध्यक्ष सोनी श्री ने मदरसों में विदेशी फंडिंग की जांच की मांग की है सदर तहसील के रिकॉर्ड के मुताबिक गाटा संख्या 669 में दर्ज तालाब की 5 बीघा जमीन पर अवैध मदरसा बना हुआ है ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता देवी ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है उन्होंने कहा कि इस दौरान कार्रवाई नहीं होने पर संगठन आंदोलन करेगा इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी!!

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से किसान की हुई मौत, चीनी मिल से लौटते समय हुआ हादसा, रात भर दबा रहा शव

स्वतंत्र प्रभात



सीतापुर रामकोट थाना क्षेत्र में एक हादसा सामने आया है चौबे नेवादा गांव के जयप्रकाश (45) की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। जयप्रकाश मंगलवार देर रात चीनी मिल से गन्ना तौलवाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहे थे सुल्तानपुर गांव के पास अज्ञात कारणों से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जयप्रकाश स्टेयरिंग के नीचे दब गए मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रातभर उनका शव ट्रैक्टर के नीचे दबा रहा बुधवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने हादसे को देखा उन्होंने तुरंत रामकोट पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला जांच में पता चला कि सिर स्टेयरिंग के नीचे दबने से जयप्रकाश की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हादसे की खबर सुनते ही परिजनों में शोक छा गया!!

# किसान को तत्काल भुगतान करने के निर्देश, गेहूं खरीद केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण, लेखपालो को डेली रिपोर्ट बनाने को कहा

स्वतंत्र प्रभात




सीतापुर जनपद सीतापुर के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गेहूं खरीद केंद्रों का दौरा किया उन्होंने सीतापुर नवीन गल्ला मंडी, खैराबाद और बिसवां में राजकीय गेहूं केंद्रों का निरीक्षण किया डीएम ने मंडी अधिकारियों को किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, स्वच्छता और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया सीतापुर मंडी में डीएम ने किसान हरभजन सिंह से बातचीत की मोबाइल ऐप के जरिए खतौनी की जांच कर व्यवस्था की पारदर्शिता को परखा बिसवां मंडी में किसानों से फोन पर बात की और उन्हें सरकारी केंद्रों पर ही गेहूं बेचने की सलाह दी खैराबाद में किसानों से मिलकर उन्हें अन्य किसानों को भी सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करने को कहा लेखपाल और कानूनगो को गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी सदर और बिसवां को निर्देश दिए गए कि लेखपाल प्रतिदिन खरीद केंद्रों की प्रगति रिपोर्ट तैयार करें इससे खरीद की सटीक निगरानी की जा सकेगी खरीद की गति बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए जिलाधिकारी ने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्यान्न क्रय पंजिका की समीक्षा की और किसानों की समस्याएं सुनीं मंडी व्यवस्था पर निरंतर निगरानी और किसानों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, एसडीएम सदर अभिनव कुमार, एसडीएम बिसवां मनीष कुमार और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे!!

# मलिहाबाद में भाजपा ने किया सक्रिय सदस्य सम्मेलन

स्वतंत्र प्रभात



**मलिहाबाद, लखनऊ।** सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर मलिहाबाद ब्लॉक सभागार में पार्टी के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमें पार्टी के जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आपको बता दें कि मलिहाबाद ब्लॉक सभागार में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, पूर्व जिलाध्यक्ष,वीरेंद्र प्रताप सिंह व दिनेश तिवारी,के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें वक्ताओं ने पार्टी की विभिन्न नीतियों के बारे में बताया। प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों को सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसमें लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वाहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए सत्ता नहीं, राष्ट्र प्रथम होता है। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने पार्टी की विभिन्न जानकारियां सदस्यों को दी। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जिसका हमें गर्व है जो राष्ट्र के लिए काम करती है। इस मौके पर रहीमाबाद मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी को स्थापित करने का काम करता है और कार्यकर्ता की सक्रियता से ही पार्टी के लिए नेतृत्व मिलता है। तभी तो पार्टी द्वारा तय किए गए सभी कार्यक्रमों को सफल बनाना हर कार्यकर्ता का दायित्व बन जाता है और जुट जाता है।

# प्रगतिशील लेखक संघ, इलाहाबाद (प्रयागराज ) इकाई का पुनर्गठन

स्वतंत्र प्रभात




**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रगतिशील लेखक संघ के स्थापना दिवस एवं पंडित राहुल सांकृत्यायन के जन्म जयंती के अवसर पर प्रगतिशील लेखक संघ की इलाहाबाद इकाई की सामान्य सभा की बैठक की गई। बैठक में प्रलेस के संविधान का वाचन किया गया एवं सभी सदस्यों को नियमों की जानकारी दी गई. तत्पश्चात हिंदी के वरिष्ठ कथाकार और आयाम पत्रिका के संपादक अरविन्द गुप्त की अध्यक्षता में प्रलेस की सदस्यता हेतु आवेदन पत्र जारी किया गया. जिसमें पुराने सदस्यों ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराया तथा नये व्यक्तियों ने प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान पूर्ण होने के पश्चात् सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संरक्षक मण्डल श्एहतराम इस्लाम, अरविन्द गुप्त, संतोष भदौरिया। अध्यक्ष मण्डल असरार गाँधी, संजय पाण्डेय, अशरफ अली बेग कार्यकारी अध्यक्ष असरार गांधी उपाध्यक्ष मण्डल अशोक श्रीवास्तव कुमुद, मुनेन्द्र कनौजिया, जे के पटेल सचिव सुश्री आरती चिराग सह-सचिव गुरविंदर (जनसम्पर्क एवं प्रचार -प्रसार ). मोहम्मद रेहान ( मीडिया ) कोषाध्यक्ष डॉ. शमीनाज़ शेख कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ताहिरा परवीन, डॉ. धीरेन्द्र धवल, डॉ. बृजेश कुमार, शिवम, दीपक सिंह, राहुल कुमार सिंह. बैठक के अंत में यह तय किया गया कि विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए प्रयास किया जाएगा.पंडित राहुल सांकृत्यायन जी की कृतियों एवं उनके विचारों की प्रासंगिकता की चर्चा के साथ सभी का आभार कार्यकारिणी सदस्य डा. ताहिरा परवीन द्वारा व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### भदोही की जबर्दस्त बल्लेबाजी के सामने अमेठी डीसीए की टीम हुई परास्त



**प्रतापगढ़।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को पहले मैच में भदोही ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 300 रन 6 विकेट खोकर बनाये,जिसमें आदित्य ने 59 नितेश ने 40 और शुभम ने 49 की पारी खेली। अमेठी डीसीए की तरफ से विनायक ने चार विकेट अंश और अतुल ने एक-एक विकेट लिये।जवाब में उतरी अमेठी की टीम 10 ओवर में मात्र 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आकाश और शुभम ने 49 और 35 रन बनाये और यह मैच भदोही में जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### गोवध व पशु क्रूरता के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** गोवध व पशु क्रुरता निवारण अधिनियम से संबंधित दो अभियुक्तों को थाना क्षेत्रान्तर्गत बनरहिया बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना आसपुर देवसरा थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजन कुमार बिन्द मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना आसपुर देवसरा के मु.अ.सं. 227/21 धारा 147/ 148/ 149/307/120बी भादवि व धारा 3/5 ए/ 8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 से संबंधित दो अभियुक्तों मुलायम पुत्र कमाल निवासी सिंहौली थाना चांदा जनपद सुलतानपुर,नन्हे पुत्र कमाल निवासी सिंहौली थाना चांदा सुल्तानपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत बनरहिया बाग के पास से गिरफ्तार किया गया।

### हत्या का प्रयास, गाली गलौज, धमकी, मारपीट के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास, गाली-गलौज, धमकी, मारपीट के अभियोग से संबंधित वांछित एक अभियुक्त को जगदीशगढ़ चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। थाना दिलीपपुर क्षेत्रान्तर्गत निवासी ग्राम रामपुर अधारगंज की वादिनी के पति व पुत्र के साथ रास्ते में आरोपीगणों द्वारा एकराय होकर जान से मारने की नियति से लाठी-डण्डा से हमला कर घायल करने, गाली गलौज व धमकी देने के प्रकरण में वादिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर 04 अप्रैल को थाना दिलीपपुर में चार नामजद व तीन अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया था।थाना दिलीपपुर थानाध्यक्ष शत्रुघ्न वर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज जायसवाल मय हमराह संबंधित वांछित अभियुक्त सद्दाम उर्फ आजाद पुत्र निजाम अली उर्फ कल्लन निवासी ग्राम करनपुर खूझी थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ को थाना दिलीपपुर क्षेत्रान्तर्गत जगदीशगढ चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 05 लाख का ब्याज मुक्त मिलेगा ऋण




**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत पांच लाख रुपए का ऋण प्रदान किया जाता है। शासन द्वारा जनपद का वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1700 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होने योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बन्ध में बताया है कि आवेदक उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिये एवं उसकी आयु 21 से 40 वर्ष होनी चाहिये। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण होना चाहिये। इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता दी जायेगी। आवेदक सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। इस योजना में रूपये 5 लाख का 04 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त मार्जिन मनी सब्सिडी देय है। पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में ब्याज अथवा पूंजी उपादान का लाभ न प्राप्त किया हो। योजना अन्तर्गत स्वयं का अंशदान श्रेणी क्रम में सामान्य 15 प्रतिशत, ओबीसी 12.50 प्रतिशत, एससी/एसटी और दिव्यांगता 10 प्रतिशत रहेगा।आवेदक द्वारा आवेदन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in अथवा www.msme.up.gov.in किया जा सकता है।

## पारिवारिक कलह ने ली एक और जान- सैतेली मां के लालच और संपत्ति विवाद में युवक ने तोड़ा दम

**● संपत्ति विवाद में अनेकों बार राजस्व, पुलिस का चक्कर लगाता रहा मृतक**

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर** खजनी थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक विवाद और अचल संपत्ति को लेकर लंबे समय से चल रहे तनाव ने एक बेटे को जिंदगी से हार मानने पर मजबूर कर दिया। ग्राम बिशुनपुरा के मूल निवासी लक्ष्मण पाठक पुत्र स्बर्गीय बिंध्याचल पाठक उम्र (45 वर्ष), खजनी कस्बा क्षेत्र के बरी बन्दुआरी में स्थित अपने पूर्वजों के मकान में रहते थे। बताया जा रहा है कि लक्ष्मण पिछले कई वर्षो से पारिवारिक कलह से जूझ रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, उनके पिता की दूसरी पत्नी ने सारी अचल संपत्ति अपने नाम कर ली थी, जिससे लक्ष्मण मानसिक रूप से बेहद परेशान थे।

दिन-प्रतिदिन संपत्ति को लेकर होने वाले विवाद ने उनके मनोबल को पूरी तरह तोड़ दिया था। यहां तक कि उनके परिवार को घर से बाहर निकालने की धमकियां भी दी जा रही थीं। आज बुधवार को उनके मकान में उस समय सनसनी फैल गई जब लक्ष्मण की लाश बरामदे में कुंडी से लटकी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुट गई है।

इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। एक जिम्मेदार पिता, पति और बेटा—जो अपनों के लिए सबकुछ सहता रहा—आखिरकार उस कलह से टूट गया, जिसने उसके पूरे अस्तित्व को जकड़ लिया था। लक्ष्मण अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं, जो अब भगवान के भरोसे हैं। यह सिर्फ एक आत्महत्या नहीं, बल्कि एक परिवारिक तंत्र की असफलता की दर्दनाक कहानी है।

## डीएम ने 50 लाख के ऊपर की परियोजनाओं, पूर्वांचल विकास निधि, सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा

**● सीएम डैशबोर्ड में खराब रैकिंग को प्राथमिकता पर ठीक करायें-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं, पूर्वांचल विकास निधि व सीएम डैशबोर्ड एवं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं/निर्माण कार्यो की समीक्षा में पिछली मासिक बैठक में दिये गये निर्देशों एवं प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लोहंगपट्टी ग्रामीण पाइप्ड पेयजल योजना में ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है , जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाय। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क से सम्बन्धित कार्य कराने के लिए उनकी कार्ययोजना बनाकर सड़कों के कार्य गुणवत्तायुक्त कराया जाय। जिलाधिकारी ने उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सेतु निर्माण, सी0 एण्ड डी0एस यूनिट-10 प्रयागराज, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-14 लखनऊ, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-2 प्रयागराज, यूपीआरएनएसएस प्रयागराज, यूपी राजकीय निर्माण निगम प्रयागराज आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे परियोजनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा किया।निर्माण कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन्हें एक सप्ताह के अन्दर हैंड ओवर कर दिया जाय और कहा कि परियोजनाओं के निर्माण कार्य यदि गुणवत्तायुक्त न हो तो हैण्डओवर न लिया जाय।

परियोजनाओं की निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण नहीं किया जाता तो सम्बन्धित अधिकारी परियोजनाओं के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता को देखें और जो भी कमियां दिखायी दें उसे सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को अवगत कराते हुये दुरूस्त करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में जमीन से सम्बन्धित जो प्रकरण लम्बित है सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाय यदि कोई समस्या आती है तो अवगत कराया जाय। पूर्वांचल विकास निधि के स्वीकृत कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी जिसमें यूपीएसआईसी द्वारा कराये गये कार्यो में लापरवाही पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी



ने कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि कार्यो को गुणवत्तायुक्त किया जाय। पूर्वांचल विकास निधि के टेंडर का कार्य पूर्ण हो जाने पर वर्क आर्डर जारी कर कार्य कराया जाय। सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा में पंचायती राज विभाग, वन विभाग, मत्स्य विभाग व समाज कल्याण की रैकिंग ई श्रेणी में पायी गयी। इसी प्रकार जल निगम, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, लोक निर्माण की रैकिंग सी श्रेणी में पायी गयी। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यो से सम्बन्धित बी, सी, डी एवं ई श्रेणी का फार्मूला समझ लें और प्राथमिकता पर ध्यान देकर रैकिंग ठीक करा लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गाजे बाजे के साथ हुआ नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष का स्वागत

**● सिसवा विधान सभा के बंदी ढाला पर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने माला एवं बुके देकर किया स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात

**सिसवा बाजार/ महराजगंज।** बुधवार को सुबह लगभग दस बजे भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय का ढोल नगाड़े एवं गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सिसवा विधान सभा के बंदी ढाले पर भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव का जोर शोर से कार्यकर्ताओं ने माला एवं बुके देकर स्वागत किया।स्वागत के क्रम में बंदी ढाले पर नागेन्द्र मल्ल रणधीर सिंह राममिलन गुप्ता सुरेंद्र कुमार मल्ल सुनील कुमार पाठक ने स्वागत किया। जबकि बौरहवा स्थान पर धीरज तिवारी विपिन तिवारी कोठीभार काली मंदिर पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह स्टेट चौक पर अंतरराष्ट्रीय भजन गायक अमित अंजन गोपाल नगर चौराहे पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल तथा सबया में सभासद अभिमन्यु चौरसिया प्रमोद चौरसिया



शिव कुमार सिंह के द्वारा स्वागत किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रमोद जायसवाल बैजनाथ सिंह राकेश दुबे सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र कुमार मल्ल सुनील पांडेय प्रमोद पटेल अशोक चौहान प्रमोद हरिकिशन पिंटू गुप्ता जय नारायणन चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीद वर्ष 2025 -26 की बैठक व कार्यशाला जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

**● अब 100 कुंतल तक गेहूं, किसानों द्वारा विक्रय हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं- जिलाधिकारी**

**केन्द्र प्रभारी गांवो में जाकर किसानों को बोरी उपलब्ध कराते हुए, मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से गेहूं क्रय करना सुनिश्चित करें,वही से ट्रक लोड कर सीधे एफसीआई भेजे-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 9 अप्रैल 2025/**गेहूं खरीद वर्ष 2025 -26 की बैठक व कार्यशाला जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। जिला खाद्य व विपणन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि शासन द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति कुंतल है 15 जून 2025 तक गेहूं क्रय किया जाएगा। गेहूं खरीद वर्ष 25 -26 हेतु 47 क्रय केंद्रों के सापेक्ष 37 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। गेहूं खरीद वर्ष 2025-26 में 18500 मी टन गेहूं क्रय? लक्ष्य, तथा अभी तक 71 लाभान्वित कृषकों की संख्या जिनसे खरीद हुई,गेहूं खरीद की कुल मात्रा 247.20 मी.टन है। जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा बताया गया कि 100 कु. तक का सत्यापन मुक्त कर दिया गया है। अब 100 कुंतल तक विक्रय हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा सभी केन्द्र प्रभारियों को क्रय लक्ष्य के सापेक्ष खरीद के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जो भी लक्ष्य के अनुरुप खरीद नहीं करेगें, उनका आगामी खरीद में केंद्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

केन्द्र प्रभारी गांवो में जाकर मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से गेहूं क्रय करना सुनिश्चित करें। गांव में ही किसानों को बोरी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं तथा वही से ट्रक लोड कर सीधे एफसीआई भेजे। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि समय-2 पर खरीद की प्रगति की समीक्षा करें तथा तहसील के प्रत्येक केंद्र पर लक्ष्य के सापेक्ष खरू सुनिश्चित कराएं। 100 कु. से ऊपर के किसान पंजीकरण का सत्यापन तत्काल करायें जिससे 100 कु. से ऊपर गेहूँ खरीद तत्काल कराई जा सके। अपने तहसील में गठित टीम द्वारा गेहूँ के अवैध संचरण व भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही करें। सभी अधिक से अधिक खरीद सुनिश्चित कराये साथ ही यह



ध्यान दें कि किसी भी कृषक को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए मण्डी समिति द्वारा किसानों के लिए पेय-जल, वाहन पार्किंग की व्यवस्था, किसानों के बैठने की सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, किसानों के गेहूँ की सुरक्षा हेतु त्रिपाल आदि की व्यवस्था की जायेगी। मण्डी परिषद द्वारा मण्डी के गेट पर गेहूँ क्रय के व्यापक प्रचार-प्रसार के निमित्त बड़े-बड़े फ्लैक्सी बैनर लगवाये जायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, ए आर कोऑपरेटिव रामप्रकाश, राजकीय गेहूं क्रय केंद्र व सहकारी केदो के प्रभारी, गेहूं क्रय की सभी एजेंसियां पीसीएफ, भारतीय खाद्य निगम, यूपीएसएस, यूपीसीयू के प्रभारी सहित आदि उपस्थित रहे।

## स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सिसवा बाजार, महराजगंज।** स्थानीय स्टर्लिंग पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को एम0बी0डी समूह द्वारा शैक्षिक सलाहकार साक्षी फोगाट के नेतृत्व में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य इस दौरान शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) और कक्षा में उसका उपयोग,पाठ योजना और उसका कार्यान्वयन, शैक्षणिक योजनाकार, एंव प्लेवे पद्धति और गतिविधियों की व्याख्या आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। व्यवसाय प्रबंधन में मास्टर की उपाधि प्राप्त साक्षी फोगाट ने प्रभावी शिक्षण तकनीकें, शिक्षण तकनीकों में सुधार, नाद विद्या,शिक्षार्थी के अनुभव को बढाने, प्रभावी ज्ञान प्रतिधारण कैरियर, व्यक्तित्व विकास, व्यवहार सम्बन्धी विकारों आदि विषय पर प्रकाश डाला। प्रबन्धक एन0 बी0 पाल ने साक्षी फोगाट को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षको को शिक्षण की नए तरीके,विधियाँ, रणनीतियां ,कौशल और उपकरण सीखने की जानकारी मिलती है,



इससे उनका आत्मविश्वास एंव मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य रवीन्द्र सिंह, मधुमिता, प्रीति यादव ,प्रिया जायसवाल, संध्या कुशवाहा, मुस्कान, तनु मिश्रा ,ममता, आराधना त्रिपाठी,खुशी, आदि शिक्षका उपस्थित रही।

## गोरखपुर पुलिस में बड़ा फेरबदल! एसएसपी गौरव ग्रोवर का एक्शन- 29 दरोगाओं का तबादला, एक थानेदार लाइन हाजिर

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** जिले की पुलिस व्यवस्था में बुधवार को भूचाल आ गया जब स्स्कगौरव ग्रोवर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 29 निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तत्काल प्रभाव से तबादले कर दिए। इस फेरबदल में कुछ अधिकारियों को थाने की कमान सौंपी गई है, तो कुछ से जिम्मेदारियां छीन ली गई हैं।

**लाइन हाजिर और नई नियुक्ति-** डाइनामाइट न्यूज संवादाता अनुसार चौरीचौरा थाने के वर्तमान थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनकी जगह वेदप्रकाश शर्मा को नया थानेदार नियुक्त किया गया है। वही चौरी चौरा थाने की नई जिम्मेदारी अंजुल चतुर्वेदी को दिया गया है ।

**प्रमुख तबादले इस प्रकार हैं-** दरोगा कमलेश प्रताप सिंह- चौकी सरहरी से ई. कॉलेज चौकी, नवीन कुमार राय- थाना कैंट से डांगीपार चौकी

**दीप मंजरी पाण्डेय-** नगर निगम चौकी से बेतियाहाता चौकी, कमलेन्द्र सिंह- पिपरौली चौकी से मजनू चौकी, अशोक यादव- अपराध शाखा से कलेक्ट्रेट चौकी, सुरेन्द्र सिंह- पुलिस लाइन से कूरी बाजार चौकी, जितेन्द्र कुमार- गोला थाना से चीनीमिल चौकी, अनूप तिवारी- दुर्गाबाड़ी चौकी से पीपीगंज कस्बा की जिम्मेदारी दी गई।

**SSP का कड़ा संदेश-** SSP गौरव ग्रोवर ने साफ कहा है, "काम करो, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहो।" सूत्रों के अनुसार यह कदम पुलिस विभाग में अनुशासन, जवाबदेही और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।



**अब देखना यह है कि नए पद स्थानों पर तैनात**

अधिकारी अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करते हैं या फिर अगली सूची में और नाम जुड़ते हैं। फिलहाल, गोरखपुर की जनता और पुलिस महकमे की नज़रें इन तबादलों के असर पर टिकी हैं।

## गोरखपुर- स्वर्णकार कारीगर मण्डल ने जनसेवा में बढ़ाया कदम, सर्राफा भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** के सर्राफा भवन में स्वर्णकार कारीगर मण्डल (रजि.) ने एक भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन कर समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डा. शीष शंकर शाही ने दीप प्रज्वलन के साथ किया, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाया।शिविर में संगठन के सभी पदाधिकारी, सदस्यों और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे कार्यक्रम की सफलता में चार चाँद लग गए। इसके अलावा, सर्राफा सप्लाई चेन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस पहल की जमकर प्रशंसा की।कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे संरक्षक- पी.डी. जैन, पंकज गोयल, शरदचंद्र अग्रहरीअध्यक्ष- हरीद्वार वर्मासंस्थापक- रवि वर्मासंरक्षक- प्रदीप वर्माअध्यक्ष (वी. भवन)- कमाए वर्मामहामंत्री- शंकु वर्माउपाध्यक्ष- धव कुमारकोषाध्यक्ष- रहनदीप वर्मासंयोजक- मनोज कुमार वर्माइस स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनकी जाँच की और स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। यह आयोजन स्वर्णकार समाज की सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का एक जीवंत प्रमाण बन गया। शाही ग्लोबल के डायरेक्टर शिव शंकर शाही ने



कहा, "स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए पाँचों मुख्य इंद्रियों की नियमित जाँच और देखभाल बेहद जरूरी है, जिसमें आँखों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। "स्वर्णकार कारीगर मण्डल ने प्रतिबद्धता जताई कि भविष्य में भी इस तरह के जनसेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की मिसाल भी कायम की।

## चावल की बोरी चोरी करने वाले दो अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा सरकारी कोटे की दुकान से चावल की बोरी चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को ग्राम भुवालपुर किला में मजरा धनी का पुरवा मुर्गी फार्म से गिरफ्तार किया और अभियुक्तों के कब्जे से 18 बोरी चावल बरामद किया गया। घटना के बारे में पता चला कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भदोही निवासी वादी की सरकारी कोटे की दुकान से गेहूं व चावल की बोरी चोरी होने के प्रकरण में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर 08 अप्रैल को मु0अ0सं0 78/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग दर्ज किया गया है।थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही ने उप निरीक्षक मृत्युन्जय पाण्डेय मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर दर्ज मुकदमा से संबंधित वांछित दो अभियुक्तों ललित पटेल पुत्र कुंदन लाल पटेल व राजनाथ पटेल पुत्र शिवप्रसाद पटेल निवासी गण ग्राम भुवालपुर किला थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को चोरी के 18 बोरी चावल के साथ



थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भुवालपुर किला में मजरा धनी का पूरवा मुर्गी फार्म से गिरफ्तार किया गया।उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

## समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य पुन: बनाए गए एलायंस क्लब इंटरनेशनल डायरेक्टर

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की सूरत में संपन्न बैठक में क्लब के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील अग्रवाल द्वारा बहुमुखी प्रतिभा के धनी समाज में निरंतर बने रहने वाले प्रतापगढ़ के समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को पुनः सत्र 2025-26 का इंटरनेशनल डायरेक्टर के पद से नवाजा गया।

इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील अग्रवाल ने कहा कि रोशनलाल उमरवैश्य ने अपने सेवा कार्यो से क्लब को निरंतर नई ऊंचाईयां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में सर्वसम्मति से बोर्ड की बैठक में रोशन लाल उमरवैश्य को इंटरनेशनल डायरेक्टर की जिम्मेदारी पुनः दी जा रही है। फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया, पूर्व प्रेसिडेंट के जी अग्रवाल, भूपेंद्र चाहवाला ने कहा कि रोशन लाल ने अपने सेवा कार्यो से इंटरनेशनल स्तर की पहचान बनाने में सफल हुए हैं। उनके बहुमुखी सेवा कार्य से क्लब का मान बढ़ रहा है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य ने कहा कि रोशनलाल को अंतरराष्ट्रीय निदेशक बनाए जाने पर पूरा प्रतापगढ़ गौरवान्वित हो रहा है। रोशनलाल ने पशु पक्षियों, वृद्धजनों के साथ महाकुंभ में जो सेवा की वह अनुकरणीय है। हम सब बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस पद पर पुनः नियुक्त होने पर समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील अग्रवाल, पूर्व प्रेसिडेंट भूपेंद्र चाहवाला, के जी अग्रवाल, तृप्ताकौर जुनेजा, सरिता बर्मन, कमाल लाखोटिया का आभार



जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है इसे पूरी तरह निभाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर राजीव कुमार आर्य, विनय श्रीवास्तव, आनंद मोहन ओझा, संतोष कुमार, राजेश सिंह, सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, देवानंद, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, आदर्श कुमार, अर्चना खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य, सुधा अग्रवाल, ज्योति खंडेलवाल, पूनम गुप्ता आदि ने खुशी जाहिर की है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**● पुलिस ने विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर सशक्तिकरण का दिया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को महिला पुलिस टीम ने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों का दौरा कर छात्राओं को जागरूक किया। छात्राओं को उनके सुरक्षा के संबंध में कानूनी अधिकारों एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान कर उन्हें सतर्क और सशक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक, सोमेंद्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक, आतिश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे "मिशन शक्ति" अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाना है।



इसी क्रम जनपद के थाना फरेंदा क्षेत्र में महिला उपनिरीक्षक अंजली राय, महिला आरक्षी दीपिका मिश्रा व मनीष गौतम द्वारा लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, थाना श्यामदेउरवा क्षेत्र में महिला उपनिरीक्षक साक्षी सिंह, महिला आरक्षी अंजली मिश्रा व सोनी वर्मा द्वारा हैप्पी पब्लिक इंटर कॉलेज में, तथा महिला उपनिरीक्षक नेहा कुमारी व लकी पटेल द्वारा सेंट जोसेफ स्कूल कस्बा सिसवा बाजार में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों के सहयोग से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को बाल श्रम, बाल विवाह, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न जैसे महिला अपराधों से संबंधित विभिन्न विषयों पर शिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त, उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पॉवर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102 आदि की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए मिशन शक्ति (फेज-5.0) अभियान से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

**कार्यालय ग्रा.पं. सुगौटी वि.ख. कटेहरी अंबेडकर नगर**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सुगौटी वि.ख. कटेहरी जनपद अंबेडकरनगर में मनरेगा/ राज्य/14वां/15वां/ केंद्रीय वित्त के योजनाअंतर्गत लिखित कार्य के लिए सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मोरंग,ईट गिट्टी, रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग ईट,आदि हेतु आपूर्ति ईट भट्ठा मालिकों व आपूर्तिकर्ताओं से अपने लेटर पैड पर मुहर बंद निविदाएं दिनाँक 10/04/ 2025 से 14/04/2025 तक की अवधि में ग्राम पंचायत कार्यालय के कार्य अवधि में आमंत्रित की जाती है तथा दिनाँक 14/04/2025 अधोहस्ताक्षरित निविदाओं के सक्षम सायं 4 बजे खोली जाएगी। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

आपूर्ति हेतु सामग्री निम्नवत है।

**परियोजना का नाम-**
(1) राम बक्स के घर से घमंडी के के घर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।

**झपसी राम**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. सगौटी वि.ख. कटेहरी**
**अंबेडकर नगरड्ड**

**नेहा सिंह**
**सचिव**
**ग्रा.पं. सगौटी वि.ख. कटेहरी**
**अंबेडकर नगर**

# संक्षिप्त खबरें

## एनडीपीएस एक्ट में एक वर्ष का सश्रम कारावास

**कानपुर।** ऑपरेशन कनविक्शन सेल पलिस उपायुक्त पूर्वी, कमिश्नरेट कानपुर नगर के दिशा निर्देशन में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के तहत पूर्वी जोन द्वारा थाना चकेरी पर पंजीकृत मुकदमा धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट बनाम अभियुक्त गुफरान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी- पुल के नीचे जाजमऊ कानपुर नगर को सघन प्रभावी पैरवी करायी गयी, जिसके फलस्वरूप माननीय न्यायालय ए0डी0जे0-9 कानपुर नगर द्वारा उपरोक्त अभियोग में अभियुक्त गुफरान उपरोक्त का दोषसिद्ध होने पर 21/22 एनडीपीएस एक्ट में 1 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 10000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## रावतपुर थप्पड़ कांड - शांति व्यवस्था के लिए हेड कांस्टेबल ने किया हल्के बल का प्रयोग




**कानपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें रावतपुर थाने पर तैनात एक हेड कांस्टेबल द्वारा एक व्यक्ति को थप्पड़ लगाते हुए दिखाई दे रहा है जिसकी जांच पुलिस द्वारा मौके पर जाकर की गई, एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिकायतकर्ता गुड्डू कुमार की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल संजीव कुमार मौके पर पहुंचे तो प्रथम दृष्टया वीडियो में दिख रहे दोनों व्यक्तियो ने शराब पी रखी थी। जिनको मौके पर हेड कांस्टेबल द्वारा समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। परन्तु दोनों लोग वही मौके पर एक दूसरे से वाद विवाद कर गाली गलौज करने लगे जिसको सूचना पर गए हे0 का0 संजीव कुमार द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु हल्का बल प्रयोग कर उन्हें वहां से हटाया गया। इस प्रकरण की और भी गहराई से जांच करायी जा रही है, यदि कोई दोषी होगा तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था प्रबंधक ने स्कूल चलो अभियान की कि शुरुआत



**शुकुलबाजार अमेठी।** सामाजिक कार्यो के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन,उत्साहवर्धन एवं सहयोग से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक गांव भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी के तिवारी ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल चलो अभियान के तहत क्षेत्र मे पहुंचकर बच्चों मे नोटबुक एवं पेन्सिल भेंटकर स्कूल चलो अभियान की शुरुआत कर उन्हे प्रोत्साहित किया और बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया और अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की और कहा कि वह अपना अभियान जारी रखेंगे और लोगों को इस मुहिम मे साथ देने की अपील करेंगे वहीं संस्था प्रबंधक के इस पुनीत कार्य के लिए समाज का प्रत्येक वर्ग उनकी सराहना कर रहा है।

## ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल में पुण्यतिथि एवं विदाई समारोह का आयोजन



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के बाल्हेमऊ ऐहार स्थित ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को कुंवर विवेक सिंह की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। विद्यालय अध्यक्ष मुकेश सिंह व मैनेजिंग डायरेक्टर स्वदेश यादव ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार देने के लिए अनुशासित व सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया है। प्रधानाचार्य और उनकी प्रशिक्षित शिक्षकों की काबिल टीम बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। अभिभावकों ने विद्यालय की पढ़ाई एवं वातावरण की सराहना करते हुए कक्षाएं बढ़ाए जाने की मांग की है, जिस पर विद्यालय प्रबंधन गंभीरता से विचार कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद इस्माइल उर्फ भुट्टो, भाजपा नेता राजकिशोर सिंह बघेल, अनुराग तिवारी, जय प्रकाश श्रीवास्तव, नागेन्द्र सिंह, केशव प्रसाद यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप यादव, पीआरओ दिव्यांशी तिवारी समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने कुंवर विवेक सिंह के योगदान को याद किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी- विधायक सुरेश पासी

**● कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं अपितु दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी**

**क्षेत्र के विकास एवं कार्यकर्ताओं की रक्षा, सुरक्षा को सदैव रहूंगा समर्पित- सुरेश पासी**



स्वतंत्र प्रभात

**जगदीशपुर अमेठी।** विधानसभा 184 जगदीशपुर में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम को 184 जगदीशपुर से विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री सुरेश पासी ने सम्बोधित कर केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा विधानसभा जगदीशपुर के सर्वांगीण विकास और कार्यकर्ताओं की रक्षा एवं सुरक्षा हेतु सदैव समर्पित रहा हूं और रहूंगा। उन्होंने सक्रिय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है, भारतीय जनता पार्टी में जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। छोटा सा कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन सकता है और यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। उन्होंने कहा कि जहां अन्य पार्टियों में परिवारवाद, जातिवाद और वंशवाद को बढ़ावा दिया जाता है वहीं भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं की योग्यता को महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज कार्यकर्ताओं के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं आप पूरी दुनिया में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा एक नहीं अनेक उदाहरण है जहां भारतीय जनता पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता को भी बड़े से बड़ा पद दिया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीड की हड्डी बताते हुए कहा कि देश की जनता को केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार पर, भारतीय जनता पार्टी पर पूरा भरोसा है और इसी के चलते चुनाव में जनता भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताते हुए जनादेश देती है। विधायक सुरेश पासी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के लिए 24 घंटे समर्पित हूं और समर्पित रहूंगा। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला, इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव , सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया व केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, भाजपा नेता व उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, भाजपा नेता अशोक शुक्ला, सहित 184 विधानसभा जगदीशपुर के लगभग सभी सक्रिय सदस्य, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक व अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

**● कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** विकासखंड शुक्ल बाजार की ग्राम सभा इन्वरिया में आयोजित सात दिवसीय अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष में गाजे बाजे के साथ जय श्री कृष्णा की धुन पर थिरकते हुए अबीर गुलाल उड़ाते हुए हजारों की संख्या में भक्तगण कथा व्यास मंडप स्थल इन्दरिया से ठाकुरगंज, शुकुल बाजार कस्बा, पांडेय गंज होते हुए आदि गंगा गोमती रीछ घाट पहुंचे। जहां कलश में जल भरकर कथा व्यास मंडप में कलश स्थापित किया, इस दौरान कथावाचक शुभम कृष्ण जी महाराज श्री धाम वृंदावन ने कहा कि 7 दिनों तक अनवरत भक्तगणों को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन सुनने को प्राप्त होगा। वही मुख्य यजमान साहब प्रसाद मिश्र ने बताया कि 9 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाली यह अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा 15 अप्रैल तक चलेगी 16 अप्रैल को पूर्णाहुति तथा 17 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया की कथा शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चलेगी वही कार्यक्रम के आयोजन दिलीप कुमार मिश्रा, संजेस कुमार मिश्रा, अमरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दूर दराज से आने वाले भक्तगणों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसको लेकर सभी इंतजाम किए गए हैं। वहीं कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से धन,धाम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का



बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में सभी ग्रथों का सार निहित है। इस दौरान प्रमुख रूप से जग प्रसाद मिश्रा, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, जगदीश प्रसाद मिश्रा, पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, उमेश पांडेय, सोनू पांडेय, अर्पित मिश्रा, हर्षित मिश्रा, आयुष मिश्रा, आदित्य मिश्रा, छोटू मिश्रा, अभिषेक शुक्ला उर्फ विधायक सहित क्षेत्र के हजारों भक्तगण शामिल हुए।

## 11 वर्षीय नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म करने वाले आरोपी बस चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली-** यूपी के रायबरेली में महराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी स्कूल के बस चालक पर कक्षा तीन की 11 वर्षीय नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीडिता छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर, गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीडिता 11 वर्षीय नाबालिक छात्रा के पिता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि, उसकी बेटी महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा स्थित ज्ञान विद्या मंदिर में कक्षा 3 की छात्रा है। नियमित वह विद्यालय की बस द्वारा स्कूल आती जाती है।

आरोप है कि, विद्यालय के बस चालक धीरेंद्र यादव पुत्र परमेश्वर यादव निवासी कोडरा थाना महराजगंज स्कूल में छुट्टी होने के बाद बस द्वारा जब बच्चों को उनके घर छोड़ने जाता था तो पहले सभी बच्चों को उनके अपने-अपने घर छोड़ने के बाद उसकी बेटी को घर छोड़ना था। विगत तीन दिनों से बस ड्राइवर धीरेंद्र यादव सभी बच्चों को घर छोड़ने के बाद उसकी बेटी से दुष्कर्म करता था उसके बाद उसे घर छोड़ देता था। आज सुबह जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो मां ने अपनी नाबालिक बच्ची से पूछताछ शुरू करी, तो बेटी ने अपनी मां को बस से स्कूल न जाने की बात कह कर उसके साथ पिछले तीन दिनों से हो रहे अत्याचार की आप बीती सुनाई, तो मां के होश उड़ गए। यह बात पीड़िता की मां ने अपने पति यानी की नाबालिक के पिता से बताई।

पीड़िता के पिता ने स्थानीय थाने पहुंचकर घटना में बस चालक को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामले में एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि, महराजगंज थाना क्षेत्र में कक्षा 3 की एक नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता द्वारा मिली तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अग्रिम



कार्यवाही की जा रही है। 11 वर्षीया नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश- उधर कक्षा तीन की 11 वर्षीय नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। आरोपी को पुलिस द्वारा डॉक्टरी चेकअप के लिए अस्पताल ले जाने पर वहां सैकड़ो की तादात में आक्रोशित लोगों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों द्वारा एक स्वर में दुष्कर्म के आरोपी को फांसी दो या फिर एनकाउंटर करो के नारे लगाए गए। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी को मेडिकल चेकअप के बाद गाड़ी पर बैठा कर ले जा रहे पुलिस वालों की गाड़ियां भी रोकी गई, किंतु समझाने बुझाने के बाद आक्रोशित भीड़ के लोग मान गए और लगातार दुष्कर्म के आरोपी को फांसी दो या फिर एनकाउंटर करो के नारे लगाते रहे।

# छह वर्षों से जल संकट, परेशान नागरिकों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** नगर पालिका परिषद जौनपुर के वार्ड नंबर 25, मीरपुर अंतर्गत मानेपुर, रशिदाबाद, बड़कपुर, सर्फराजपुर और विशेषरपुर मोहल्लों के निवासियों ने क्षेत्र में पिछले छह वर्षों से चली आ रही गंभीर जल समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में जलापूर्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है।

ज्ञापन के माध्यम से नागरिकों ने अवगत कराया कि नलों में नियमित रूप से पानी नहीं आता, और जब आता भी है तो उसकी मात्रा इतनी कम होती है कि वह दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ है। स्थिति यह है कि कई बार दिनों तक जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहती है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को मजबूरी में दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ता है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि भूजल स्तर में लगातार गिरावट के चलते हैंडपंपों का जल स्रोत भी सूख चुका है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। नागरिकों ने बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु कई बार नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए नागरिकों ने जिलाधिकारी से तीन मुख्य मांगें की हैं–

1. क्षेत्र में एक नए ट्यूबवेल की स्थापना।
2. पाइपलाइन बिछाने और जल आपूर्ति प्रणाली के उन्नयन की व्यवस्था।
3. भूजल स्तर सुधार हेतु दीर्घकालिक समाधान अपनाना।

ज्ञापन देने वालों मे एडवोकेट कतेंदर बिंद, रीता, सतीमा, प्रदीप, रिचिश मौर्य, प्रवीण कुमार, पलाश, प्रेम नाई, भीगीता निशा, लालचन्द्र मौर्य, ज्योति, पूनम, इंद्रावती, राजन मोहन, वृजनाथ मिश्रा, नगीना, मीना, युकीत बिंद, सुनिता, अनिषा मिश्रा, अनुराधा, अखिलेश सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी शामिल रहे स्थानीय लोगों ने आशा व्यक्त की है। कि जिला प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को इस जल संकट से राहत मिल सके।

## विश्व होम्योपैथिक दिवस पर डॉ. हैनिमन को दी गई श्रद्धांजलि, होम्योपैथी की उपलब्धियों पर हुआ संवाद

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुएल हैनिमन की जयंती पर डॉ. राम नारायण सिंह के आवास पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. शैलेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. ब्रह्मदेव पांडेय एवं डॉ. बी.बी. नवाब सिंह द्वारा डॉ. हैनिमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित सभी चिकित्सकों ने डॉ. हैनिमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डॉ. बी.बी. सिंह नवाब और डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने डॉ. हैनिमन के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की उपलब्धियों और इसके महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित चिकित्सकों में डॉ. बी.बी. सिंह नवाब, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. ब्रह्मदेव पांडेय, डॉ. बृजेश कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ.



तुषार सिंह, डॉ. हर्षित सिंह, डॉ. अभय राज यादव, डॉ. संपूर्णानंद अस्थान, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. संजय कुमार यादव, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. विजय कुमार यादव व डॉ. बी.डी. शर्मा सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## डीसीपी पूर्वी ने रेलबाजार में किया भंडारा वितरण



**कानपुर।** आज दिनांक 09.04.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा थाना रेलबाजार अन्तर्गत भण्डारा वितरण किया। ?इस दौरान स्थानीय नागरिकों को प्रसाद के रूप में भोजन वितरित किया गया। यह कार्यक्रम आपसी सौहार्द, सामुदायिक सहभागिता और पुलिस-जन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सद्भाव और सेवा की भावना - यह समाज में भाईचारे और सेवा की भावना को जागृत करता हैं। पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद - ऐसे आयोजनों से पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत होती है। प्रभारी निरीक्षक रेलबाजार मौजूद रहे।

# डीजे संचालकों से फिर की पुलिस प्रशासन ने वार्ता

**● रामनवमी शोभायात्रा के दौरान रावतपुर में बंद कराए थे डीजे**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आगामी त्यौहारों पर निकलने वाले शोभा यात्रा/जुलूसों में डीजे ,बैंड बाजा और लाउडस्पीकर आदि के व्यापक उपयोग से आम जनमानस को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत आज दिनांक 9.4.25 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा डीजे संचालकों, बैंड वालों, लाउड स्पीकर वालो के साथ मीटिंग की एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शोभायात्राओं और जुलूसों के दौरान ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए डीजे और लाउडस्पीकर की ध्वनि सीमा का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिए ।जिससे स्थानीय लोगों को शोर से परेशानी न हो और उपयोग के



लिए एक निर्धारित समय सीमा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संचालकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान ध्वनि उपकरणों का उपयोग करते समय स्थानीय समुदाय की भावनाओं का सम्मान किया जाए और किसी भी प्रकार की असहमति या विवाद से बचा जाए। सभी डीजे संचालकों और बैंड वालों को कानूनी अनुमति और नियमों का पालन करने को कहा गया । सभी संचालकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने उपकरणों का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें।

## आईएमए का 42 वां रिफ्रेशर कोर्स 11 से 13 अप्रैल तक

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर की अध्यक्ष डा0 नंदिनी रस्तोगी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दिनांक 11 अप्रैल से 13 अप्रैल, 2025 तक आई.एम.ए. सी.जी.पी. (कॉलेज ऑफ जनरल प्रेक्टीशनर्स) कानपुर सब फैकल्टी का 42वां वार्षिक रिफ्रेशर कोर्स आईएमए टेंपल ऑफ सर्विस कानपुर के नवीन सभागार में आयोजित किया जा रहा है। कानपुर आईएमए के इतिहास मे दूसरी बार इस बार का रिफ्रेशर कोर्स 3 दिन का होगा। इस रिफ्रेशर कोर्स में देश के प्रतिष्ठित चिकित्सक, वक्ता के रूप में भाग लेगें तथा कानपुर के चिकित्सकों को विभिन्न बीमारियों, उनके निदान एवं नवीनतम उपचार के संबंध में व्याख्यान देगें। डॉ शालिनी मोहन ने बताया कि इस बार 3 दिन चलने वाले इस रिफ्रेशर कोर्स में इस बार आईएमए सीजीपी प्रोग्राम के लिए एमसीआई ने सबसे अधिक 9 क्रेडिट पॉइंट्स दिए है जो चिकित्सकों को आगे बहुत ही सहायक सिद्ध होगे।

इस रिफ्रेशर कोर्स में कुल 20 वैज्ञानिक सत्र होगे। आई0एम0ए0 सी0जी0पी0 का उद्घाटन




दिनांक- 12 अप्रैल,2025 को दोपहर 12:00 से 1:00 बजे आई एम ए कानपुर के सभागार में मुख्य अतिथि डॉ वी एस प्रसाद नेशनल डीन आईएमए सीजीपी एवं विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ0 संजय काला प्रधानाचार्य, जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर एवं प्रो डॉ0 विनय कुमार पाठक, कुलपति सीजेएम यूनिवर्सिटी कानपुर है।

इस पत्रकार वार्ता को आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, डॉ शालिनी मोहन सहायक निदेशक आई.एम.ए. सी.जी.पी. कानपुर सब फैकल्टी, आईएमए सचिव डॉ विकास मिश्रा, डॉ एस के गौतम, सहायक सचिव,आई.एम.ए. सी.जी.पी. कानपुर सब फैकल्टी, डॉ दीपक श्रीवास्तव सहायक वित्त सचिव, डॉ गणेश शंकर वैज्ञानिक सचिव आई एम ए कानपुर एवं डॉ कुणाल सहाय प्रोग्राम कॉर्डिनेटर ने संयुक्त रूप से संबोधित किया।

## निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

**देवरिया।** विकास भवन के गांधी सभागार मे मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पान्डेय की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने भूसा दान एवं क्रय की स्थिति, भरण-पोषण हेतु 15 दिन पूर्व साईलेज की मांग-पत्र, आपूर्ति किये गये साइलेज के भुगतान की स्थिति, एस.एफ.सी.पूलिंग के अन्तर्गत प्राप्त, व्यय एवं अवशेष धनराशि, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाने, अतिरिक्त शेड निर्माण/ क्षमता विस्तार, अतिरिक्त भूसा घर निर्माण, संतुलित आहार दिये जाने, चारागाह की भूमि पर नेपियर, ज्वार बोने आदि की समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर मुख्य अधिकारी-जिला पंचायत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियंता, सिचाई विभाग, अधिशासी अभियंता,लघु सिंचाई विभाग, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पशुचिकित्सा अधिकारी/उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम की दो-टूक, "विद्यालय प्रबंधन स्कूल चलाएं" ना कि दुकान

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी, उक्त बैठक में समिति के सदस्यो के साथ-साथ समिति की विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन उपस्थिति रही। बैठक में उन विद्यालयों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए जिनकी अभिभावकों ने सबसे ज्यादा शिकायतें की।

इन विद्यालयों के प्रतिनिधियों की ली क्लास - जिलाधिकारी द्वारा जनपद के एक्मे पब्लिक स्कूल, गुजैनी, ऐन एल के इण्टर कालेज, अशोक नगर,ऐन एल के पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर, एस0जे0 विद्या निकेतन इण्टर कालेज, नौबस्ता,वेण्डी ऐकेडमी हाईस्कूल, साकेत नगर और चिन्टल्स स्कूल, 121 एच, आई0जी0 रतनलाल विद्यालयों के प्रतिनिधियों को दो- टूक कहा कि वे स्कूल चलाएं ना कि दुकान। जिस पर विद्यालय के प्रतिनिधियों ने कहा, उन पर पर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद हैं। छात्रों से ना तो गलत फीस वसूली जा रही है और ना ही उन्हें किताब अथवा कॉपी किसी चुनिंदा दुकान से खरीदने को बाध्य किया जाता है।

प्रतिनिधियों के उक्त जवाब से जिलाधिकारी व समिति के सदस्य संतुष्ट नहीं दिखे। इसलिए उन्होंने 11 अप्रैल शुक्रवार को समिति के समक्ष बुक सेलर्स को भी बुलाने के निर्देश दिए।और जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि बुक सेलर्स और विद्यालय प्रबंधन के सांठ - गाँठ की जांच की जाए । राजस्व एवं शिक्षा विभाग की टीम अभिभावकों के घर-घर जाकर उनका फीडबैक लें ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके। बैठक में विद्यालय के प्रतिनिधियों द्वारा बच्चों संग किताबों की लिस्ट साझा करने की बात कही गई लेकिन जिलाधिकारी इससे संतुष्ट न हुए। उन्होंने उनसे पूछा कि उनके विद्यालय द्वारा बच्चों के पठन-पाठन हेतु लागू की गई किताबें क्या प्रत्येक दुकानों पर उपलब्ध रहती हैं, सिलेबस क्या होता है और कितने दिनों में बदल जाता है, कॉपी- किताबों पर प्रकाशक का नाम और मूल्य लिखा जाता है अथवा नहीं। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों से किताबों के चयन का आधार के बारे में भी पूछा जिसका वे जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, द्वितीय को नियमानुसार शैक्षिक सत्र



शुरू होने से 60 दिन पहले विद्यालयों के द्वारा सरकारी वेबसाइट पर समस्त डाटा अपलोड करने या ना करने वाले विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों के यूनिफॉर्म बदलने के आधार को भी जानना चाहा जिसका प्रतिनिधियों द्वारा सही जवाब नहीं दिया गया। इस पर जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से फीस, यूनिफार्म, आरटीई, कॉपी - किताबें इत्यादि समस्त मानकों की गहनता से जांच के निर्देश दिए। निर्देश दिए, 5 वर्षों में जितने स्कूलों ने बच्चों की यूनिफॉर्म बदलवाई है, उनकी लिस्ट बनाते हुए उन पर कार्रवाई किया जाए।इसके अलावा जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को मनमानी फीस वसूलने और बच्चों के आर्थिक शोषण करने वाले स्कूलों की सूची बनाकर पेश करते हुए दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# भारतीय ज्ञान परंपरा में समाहित है वैज्ञानिक दृष्टिकोण: प्रो. बीएल शर्मा

**● भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** भारतीय ज्ञान परंपरा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण" विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर, फार्मेसी भवन में किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीएल शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा न केवल अध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि उसमें वैज्ञानिक चिंतन और तर्क शीलता की गहराई भी समाहित है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल ज्ञान का संचय नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने की प्रक्रिया है। इसमें प्रकृति, मानव और ब्रह्मांड के मध्य संतुलन की बात की गई है, जो आज के सतत विकास की अवधारणा से मेल खाती है।



उन्होंने कहा कि जीवन में विपत्ति से बचाव के पांच ही साधन है। मंत्र, मणि, औषधि, स्नान और दान। उन्होंने कहा कि श्रुति, स्मृति, सदाचार, आत्मा की आवाज से धर्म बनता है। साथ ही कहा कि हमारी संस्कृति भाषण से नहीं आचरण से सिखाने की है। पश्चिम ने मशीन को महत्व दिया हमारे देश ने मानव को प्रमुख माना। उन्होंने सनातन से लेकर आयुर्वेद और धर्म की विस्तार से व्याख्या की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि जीवन में धर्म का आचरण करने से बहुत से समस्याओं का समाधान खुद ही हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को एक वृक्ष के उदाहरण से समझाते हुए कहा कि जब वृक्ष हरा भरा रहेगा तभी वह विकसित होगा और अच्छे फल देगा। उन्होंने कहा कि हम भारतीय ज्ञान परंपरा पर शोध के लिए नया ग्रुप बना रहे हैं। इस संबंध में एक एमओयू भी शीघ्र किया जाएगा। बतौर मुख्य वक्ता बीएचयू के डॉ. एम. के सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय परंपरा का मुख्य आधार संगीत रहा है।

उन्होंने कहा कि मंत्रों के रिद्म, राग और उच्चारण का मानव के जीवन में अलग-अलग प्रभाव है। उन्होंने कहा कि बहुत से रोगों का निदान मेडिसिन से नहीं, थिरैपी और योग के माध्यम से संभव होता है। बीएचयू के आईएमएस प्रो. अजीत सिंह ने कहा कि भारत में बहुत से आधुनिक रोग, मस्कुलर पेन, बैक पेन, सरवाइकल पेन जैसी समस्या का समाधान योग, थिरैपी और मेडिटेशन से संभव है। इसमें खासतौर से खान-पान और लाइफस्टाइल को बदल कर ठीक किया जा सकता है। बीएचयू आईएमएस के डॉ. शुभम श्रीवास्तव ने आदमी की दिनचर्या, बैठने के पोस्चर, सूर्य की किरणों से लाभ को भारतीय परंपरा से जोड़ते हुए विस्तृत ढंग से प्रकाश डाला। कहा कि हमारे यहां प्रार्थना, सूर्य नमस्कार, योग शुरू से ही भारतीय परंपरा में था।

प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने धर्म के मापनी विकास शोध पत्र को विस्तार से समझाया। कहा कि धर्मानुकूल आचरण करने वाला ही जीवन में सफल होता है। अतिथियों का स्वागत संगोष्ठी के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र एवं विषय प्रवर्तन प्रो मानस पांडे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ धीरेन्द्र कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो देवराज, प्रो प्रमोद यादव, प्रो मनोज मिश्र, प्रो सौरभ पाल, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. शचींद्र मिश्र, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. नीतेश जायसवाल, आदि सभी विभाग के संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा का नवाबगंज में हुआ जोरदार स्वागत



**बरेली**/भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा के प्रथम बार नवाबगंज पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया इस कार्यक्रम में उनके साथ सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कु रविंद्र सिंह राठौड़ भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार नगर पालिका अध्यक्ष पति भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौर नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ ए के गंगवार स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार के पुत्र विशाल गंगवार समेत भारी संख्या में भाजपा कार्य करता गण उपस्थित थे

### भाजपा युवा मोर्चा द्वारा टूण्डला विधानसभा की बाइक रैली का आयोजन किया गया



**टूण्डला-** बुधवार 9 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के बैनर तले दीपा चौराहे से लेकर तहसील परिसर तक टूण्डला विधानसभा की बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्र सरकार में माननीय मंत्री एस पी सिंह बघेल व भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर दीपा चौराहा टूंडला से तहसील परिसर टूण्डला के लिए रवाना किया। बाइक रैली में टूण्डला विधानसभा से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे व पूरे जोश के साथ भारत माता की जय, जय श्री राम, वंदे मातरम,भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए तहसील परिसर तक पहुंचे। बाइक रैली में भाजयुमो क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीष गौतम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह चौहान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नागेंद्र चाहर, जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, टूण्डला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह, जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, पूर्व विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन, टूण्डला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता पचोखरा मंडल अध्यक्ष महावीर बघेल, नारखी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगला बीच मंडल अध्यक्ष विनोद पाल सिंह, मां सीयर देवी मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह, मां वैष्णो देवी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बेनीवाल, जुबीन भारद्वाज, देवांशू उपाध्याय, अनंत प्रताप सिंह, शशांक प्रताप सिंह, विक्की सिंह, ब्रजवीर सिंह चौहान, अजीत कुशवाहा, रामू कुशवाहा संदीप जैन, दीपक ठेनुआ, मनप्रीत कीर, विष्णु तिवारी, रिंकू उपाध्याय, बिट्टू पचौरी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूल बना सिनेमा हॉल

**सिंगाही खीरी वार्ड नंबर 12मोहल्ला पूरब टोला का मामला**

**सिंगही खीरी** सिंगही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के नाम पर हो रही भारी लापरवाही सामने आई है यहां पर तैनात शिक्षक जगमोहन गुप्ता बच्चों को पढ़ाने के बजाय एलईडी टीवी पर फिल्में दिखा रहे हैं।विद्यालय का माहौल अब कक्षा का नहीं बल्कि सिनेमा हॉल जैसा बन गया है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य इस लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है।जबकि यही सरकारी शिक्षक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं।सवाल उठता है क्या उन्हें अपनी ही शिक्षा प्रणाली पर भरोसा नहीं है। निघासन क्षेत्र के कई अन्य स्कूलों में भी ऐसी ही लापरवाहियां सामने आ रही हैं। विद्यालय में पढ़ाई के बजाय गुरुजी मोबाइल पर वीडियो कॉलिंग में व्यस्त रहते हैं बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। इस गंभीर मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल द्वत्रऋ पर जगमोहन गुप्ता के खिलाफ दर्ज की गई है।अब देखना होगा कि शासन इस पर क्या कार्रवाई करता है।क्या सरकार अब जागेगी क्या बच्चों को मिलेगा उनका शिक्षा का अधिकार? अब देखना यह है की खंड शिक्षा अधिकारी इस मामले पर क्या कार्रवाई करते हैं।

### गेहूं के खेत में लगी आग 50 बीघा फसल जलकर राख, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

**शाहजहांपुर** के जलालाबाद तहसील के गांव बथुआ में अज्ञात कारणों से गेहूं के खेतों में आग लग गई। इस हादसे में 7 किसानों की लगभग 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई,वही प्रभावित किसानों में नरवीर, इंद्रजीत, भानु, राहुल, शिवेंद्र, विमला और देवेंद्र पाल शामिल हैं।

## मनरेगा मे भ्रष्टाचार, चार पहिया वाहन स्वामी खोद रहे मनरेगा

**● फर्जी हाज़िरी लगा निकाला जा रहा मनरेगा मजदूरी का पैसा**




**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड बेहजम की घपले और घोटाले की बहुचर्चित ग्राम पंचायत बनिका काहै,जहां फर्जी हाजिरी लगाकर साधन संपन्न, रसूखदार लोगो से मनरेगा खुदवाया जाने का मामला प्रकाश मे आयाहै।सूत्र बताते है बनिका ग्राम पंचायत मे प्रधान के भतीजे व परिवार के कई अन्य नामो को शामिल कर पंचायत सचिव तथा तकनीकी सहायक की मिलीभगत से मनरेगा योजना मे जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।यहां पर फर्जी हाजिरी लगाकर ऐसे लोगो से मनरेगा खुदवाया जा रहाहै।जो काफ़ी साधन संपन्न है और कभी कही काम करने गए ही नहीं।जिसकी बानगी स्वरूप मनरेगा मे काम रहे चन्दन दीक्षित व अलका दीक्षित को देखकर लगाया जा सकती है।कि किस कदर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव मिलकर मनरेगा मे भ्रष्टाचार कर अपनी जेबे भरने मे लगे है। काम कर रहे लोगो ने बताया कि जिनके खाते मे पैसा लगाया जाता है वह कभी बाहर काम करने आते ही नहीं है यह तो भ्रष्टाचार की एक बानगी भर है।लोगो की जुबानी सत्य माने तो कई फर्जी लोगो के नाम फर्जी हाजिरी भरकर व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है।सूत्र बताते है इन सबके बाद भी हौसले बुलंद प्रधान व पंचायत सचिव सहित तकनीकी सहायक शासन के आदेशो की धज्जियां उडाते हुये देखे जा सकते है।और यह सब खण्ड विकास अधिकारी नीरज दुबे सहित ए.पी.ओ.मनरेगा व डी सी मनरेगा को दिखाई ही नहीं पड रहा है।जिम्मेदार साहब को यह सब कार्य दिखाई न देना उनकी जबाबदेही तय करने को काफीहै। ग्रामीणों का आरोप है कि डीसी मनरेगा को यह सब नियम विपरीत कार्य क्यों नहीं दिखाई पड़ रहे हैं बताते चलें कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में जमकर फर्जी हाजिरी लगाकर लूट मची होने के आरोपो का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायत बनिका पर एक नजर डालें तो यहां पर फर्जी हाजी लगाकर जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

**हर हाथ को काम दो,काम का पूरा दाम लो**

मनरेगा योजना का यह नारा रहा है कि हर हाथ को कम दो काम का पूरा दम लो मनरेगा अधिनियम के अनुसार हर ग्रामीण परिवार को न्यूनतम वेतन के साथ 100 दिन के रोजगार की गारंटी देता है मगर क्या मनरेगा कानून का वास्तविक लाभ ग्रामीण मजदूरों को मिल पा रहा है यह एक गंभीर व यक्ष प्रश्न बना है मनरेगा में फर्जी वाडा व भ्रष्टाचार के मामले अक्सर आते रहते हैं। ठीक उक्त की तरह बनिका में फर्जी हाजिरी लगा रहे हैं और सरकारी धन की लूट मची दिखाई दे रही है। यदि इस मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच हो जाए तो कई लोग इस षडयंत्र में भ्रष्टाचार में शामिल मिलेंगे। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मनरेगा मजदूरी 10त्न कटौती कमीशन पर उनके खाते में पैसे डाले जाते है। और फिर 10त्न का कमीशन देकर शेष पैसा वापस प्रधान जी के वसूली एजेंट के माध्यम से वापस करना होता है वैसे भी मनरेगा योजना में 30 से 40त्न का खेल चलने का मामला जन चर्चा का विषय बना है ।उक्त मामले पर जब रोजगार सेवकों व प्रधानों से बात की गई तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर कमीशन खोरी की बात बताई गयी हैउक्त 30त्न से 40त्न में साहब ए पी ओ तथा बाबूजी, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य का हिस्सा उनकी आवश्यकता अथवा सीट अनुसार बधा होने का खुलासा एक प्रधान पत्नी द्वारा किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है जांच में कई जिम्मेदारों के चेहरों से ईमानदारी का नकाब उतर जाएगा और बेनकाब होते दिखाई पड़ेंगे। अब देखना यह है कि उक्त मामले में जिम्मेदारों द्वारा जांच कराकर कार्यवाही की जाती है या फिर जांच के नाम पर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है।

**क्या कहते है खण्ड विकास अधिकारी नीरज दुबे-**

उपरोक्त प्रकरण पर जब खंड विकास अधिकारी बेहजम नीरज दुबे से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान में आया है मामले की जांच कर कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। ग्राम पंचायत सचिव बनिका सीमांचल यादव से मामले की जानकारी लेने पर उन्होने बताया मेरी मा आई सी. यू. मे भर्ती है इस समय मै कुछ नहीं बता सकती हूँ जिससे उनके पक्ष की जानकारी नही हो सकी।

## पूर्व ग्रह राज्यमंत्री ने बैठक कर गिनाई सरकार की उपलब्धिया

**स्वतंत्र प्रभात**




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारतीय जनता पार्टी भारतीय संस्कृति पर आधारित पार्टी है और विचारों से जुड़े कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या बलिदान के बल पर देश को नई दिशा देने का काम पार्टी ने किया है। जिससे पूरे विश्व में भारत माता का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है यह विचार नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के आवास पर आयोजित सामान्य बैठक में भारत सरकार के निवर्तमान केंद्रीय ग्रहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने अपने संबोधन में व्यक्त किए उन्होंने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक जनसंघ के विचारों से प्रभावित कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी को मजबूत किया है जिसके कारण देश के अंदर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है।सामान्य बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा पूरे देश मेंभारत सरकार के गृह राज्यमंत्री ने जनपद खीरी की पहचान बनाई है।उन्होंने कहा मैंने अपने राजनीतिक जीवन में समाज सेवा को प्राथमिकता दी है और समाज सेवा से मुझे कोई अलग नहीं कर सकता पद हो या ना हो इसका प्रभाव मेरे जीवन में नहीं है मैंने सदैव नगर की जनता को अपना परिवार माना है और सुख-दुख में बराबर की भागीदारी करना मेरे जीवन की प्राथमिकता है।पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।सामान्य बैठक में मंच पर नकहा ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता ठाकुर प्रसाद गंगवार विजय महेश्वरी डॉ. कौशल वर्मा पूर्व सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार अरविंद सिंह संजय मुन्ना लाल अवस्थी विजय महेश्वरी जितेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।बैठक में नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा,न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसायटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी, ग्लोबल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज बर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा रामकृष्ण गुप्ता, योग शिक्षक ओम प्रकाश वर्मा,सुनील शुक्ला, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामू वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता, अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ल,सीनर वाजपेई,गौरव मिश्रा, शिवम सिंह, सुमित पांडे, गोपाल गुप्ता, अनुज सिंह,दीपक मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, संजय गुप्ता, पूर्व सैनिक कृष्ण गोपाल त्रिवेदी मिथिलेश अवस्थी राजेश्वर सिंह, विनोद स्वर्णकार, संदीप अवस्थी, मयंक दीक्षित, उत्कर्ष बाजपेई, सुधीर अवस्थी, मनोज मिश्रा सहित मंजू भारद्वाज, शकुंतल राजपूत, उर्मिला गुप्ता, रजनीश सिन्हा, अंजुम बारसी भारी संख्या मे मातृशक्ति, नगर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे बैठक का सफल संचालन मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया।

## प्राइवेट लड़कों के द्वारा चलाया जा रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़

**● सीश्एचश्सी में हर स्तर पर देना पड़ रहा पैसा, बिना पैसा दिए मरीजों का कोई काम नही-आरोप**

**सरकार से सीएचसी के लिए अलग-अलग योजनाओं के तहत करोड़ों रुपए आते हैं वह भी बंदर बाट कर लिया जाता है सूत्र**

**कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती के बाद ष्ट॥ष्ट में भ्रष्टाचार का बढ़ा ग्राफ**

**पत्रकारों का जिम्मेदार अधिकारी नहीं उठाते फोन**




**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड़ भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया हैऐसा लोगो का आरोप है।अस्पताल में मरीजों को इलाज बिना पैसा नहीं मिलता है। हॉस्पिटल में दलालों का कब्जा है डॉक्टर मरीजों को बाजार की महंगी दवाइयां लिखते है।बाहर की दवा न लेने पर सही इलाज नहीं करते हैं जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पनपरहा है।बताते चलेअस्पताल परिसर में गंदगी फैली है, डॉक्टर समय से नहीं बैठते हैं मरीजों को इलाज का लाभ नहीं मिल पाता है।जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि जिले के गरीब परिवारों को राज्य सरकार बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन ये योजनाएं भ्रष्टाचार और लूट-खसोट के आगे दम तोड़ रही हैं। और स्वास्थ्य महक़मे के जिम्मेदार इस और ध्यान देना उचित नहीं समझ रहे हैं।

## जिलाधिकारी सख्त- भू जल प्रबंधन का पालन न करने पर नमस्ते इंडिया समेत 11 उद्योगों को नोटिस

**स्वतंत्र प्रभात**



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद के शहरी क्षेत्रों में भूजल प्रबन्धन के दीर्घकालिक उपायों हेतु कार्य योजना बनाये जाने के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा, जिन औद्योगिक , अवसंरचनात्मक, वाणिज्यिक एवं सामूहिक भूजल उपयोक्ताओं को भूजल निष्कर्षण हेतु एनओसी ली. जारी की गई है और उनके द्वारा एनओसी की नियत- शर्तों के अनुसार जल का रिचार्ज नहीं किया जा रहा है। उनके विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा नियम एवं शर्तों का पालन न करने वाले थ्रेड्स इंडिया लिमिटेड,लोहिया कॉर्प लिमिटेड, अनीसा कारपेट लिमिटेड, शैम टेक्सटाइल, नमस्ते इंडिया फूड्स, (शिवराजपुर यूनिट)स्पाई पिक फूड एल एल पी,जॉन्सन मैथे केमिकल्स, कानपुर प्लास्टिपैक, सुपर टैनरी, हरिओम इंडस्ट्री, औद्योगिक इकाइयों को नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्थित पार्को एवं तालाबों को चिन्हित कर उनमें वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय तथा उनके जीर्णोद्धार किये जाने के निर्देश दिये गये।साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि पार्को के निर्माण कराते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि पार्कों में केवल 5 प्रतिशत ही निर्माण कराया जाए।

## कैदियों से भी बुरा हाल गौशाला में बंधी गायो का है नहीं हो रही देखभाल अधिकारी मौन

**स्वतंत्र प्रभात**





**बरेली**/विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत ज्योति जागीर में बनी गौशाला में संरक्षित किए गए गौव वंश की दयनीय दशा जेल के कैदियों से भी बद्तर है ना उसमें साफ सफाई खाने को भी केवल उनके जीवन मात्र को सूखा भूसा दिया जा रहा है उनके बैठने के लिए भी साफ सफाई की व्यवस्था नहीं न हीं गौशाला में पंखे लगाए गए ना ही यहां पर तिरपाल लगाया गया है जिसके कारण संरक्षित पशुओं को चलने वाली गर्म हवा से बचाया जा सके। साथ ही गर्मी में उन्हें राहत देने के लिए पंखे भी नहीं लगाई जा सके हैं जिसके चलते यह गौशाला जेल के कैदियों से भी बुरा हाल है इस मामले में सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया उसे दिखाकर ठीक कराया जाएगा इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान ने बताया उनके संज्ञान में नहीं है वे इसका निरीक्षण कर दोषियों को नोटिस जारी किया जाएगा।

गौशाला के अंदर भारी गंदगी वहां की व्यवस्था प्रदर्शित करती है के इसको कोई भी महत्व नहीं दिया जा रहा है जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गौशालाओं में संरक्षित पशुओं पर मोटा बजट खर्च कर रहे हैं उसके बाद भी संरक्षित पशुओं को सूखा भूसा खाने को मिल रहा है इस तरफ किसी भी प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान नहीं जाता है जिसके चलते इसमें बंद पशु सजा काट रहे हैं पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी इस पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण अंधेर नगरी चौपट राज की तरह गौशालाओं पर कार्य किया जा रहा है इस ग्राम पंचायत के सचिव पुष्पेंद्र मिश्रा से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया प्रत्येक दिन हरा चारा दिया जा रहा है जब उनसे गौशाला पर उपस्थित होने के लिए कहा गया को उन्होंने टालमटोल कर दी और कहा आज मैं किसी समय गौशाला को देखकर ठीक करवाऊंगा।

## दबंगों ने पानी निकास की पुलिया बंद, घरों का गंदा पानी गलियों में भरा, कई मकानों की दीवारें गिरीं

**स्वतंत्र प्रभात**




**शाहजहांपुर** के जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम धीयरपुरा में दबंगों की मनमानी से ग्रामीणों का जीवन मुश्किल हो गया है। कुछ दबंगों ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर पानी निकासी की पुलिया बंद कर दी है। गांव में घरों का गंदा पानी गलियों में भरा ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को बताया कि शमशाद, शरीफ और सलामुद्दीन ने पुलिया पर अवैध कब्जा कर मकान बना लिए हैं।जिससे घरों का गंदा पानी गलियों में भर रहा है,और बताया डॉक्टर साजिद की दुकान से गुड्डी के मकान तक पानी लबालब जैसा भरा है।प्रस्ताव पारित कराया पानी भराव से सरवर, गब्बर, रवि अहमद, घुरई, हुकुम और उद्धऊ के मकानों की दीवारें गिर गई हैं। गंदे पानी के जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान विमलेश द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने नाला और सोकपिट निर्माण का प्रस्ताव पारित कराया है।अवैध कब्जा हटवाएंगे लेकिन तहसील और पुलिस प्रशासन अवैध कब्जा नहीं हटवा रहे हैं। तहसीलदार पैगाम हैदर ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। वे जल्द ही टीम बनाकर अवैध कब्जा हटवाएंगे और बंद पुलिया को खुलवाकर पानी का निकास शुरू करवाएंगे।

## पांडव कालीन चिल्लौआ वाली काली देवी मंदिर पर भव्य मेला कल से

**● 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक लगेगा सुप्रसिद्ध काली मन्दिर पर चार दिवसीय मेला,हजारों वर्ष पूर्व पाण्डवों ने यहां से प्राप्त की थीं सिद्धियां**

**स्वतंत्र प्रभात**



**शाहजहांपुर** जनपद मुख्यालय से करीब पचास किलोमीटर दूर जलालाबाद अल्हागंज के बीचअल्हागंज क्षेत्र के सुप्रसिद्ध काली देवी मंदिर चिल्लौआ में सैंकड़ों वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम से मेला आयोजित होने जा रहा है। मेला प्रबंधक प्रवेश मिश्रा के मुताबिक चिल्लौआ काली देवी के मंदिर पर हजारों वर्ष पूर्व पाण्डवों ने पूजा अर्चना करते हुए अपनी सिद्धियां प्राप्त की थीं। तब से लेकर आज तक क्षेत्र के तीन जिलों शाहजहांपुर हरदोई और फर्रुखाबाद से भक्तगण देवी मन्दिर पर माथा टेक कर अपनी मन्नते पूरी करने की मांग करने आते हैं।

**"चिल्लौआ को मेला निकल जैहै तो फरिया उढ़निया को का हुईह"**

वर्षों पुरानी कहावत है कि जबचिल्लौआ को मेला निकल जैहै तो फरिया उढ़निया को का हुईहै।भक्तों का मानना है कि मां काली सभी भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करती हैं। मनोकामना पूर्ण होते ही आने वाले मेले में भक्तगण बड़े धूम धाम से माता काली को फरिया उढ़निया और घंटा चढ़ाते हैं। हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ होती है जिसके लिए अल्हागंज थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाता है। चोर लफंगों और जेबकतरों के मसूबों को नाकाम साबित करने के लिए पुलिस की पैनी नजर रहती है। मनोरंजन के लिए झूला हिडोला और दंगल भी होता है जिसमें कानपुर बरेली एटा फर्रुखाबाद शाहजहांपुर मेरठ आदि के पहलवान अपनी ताकत दिखाकर पुरुस्कार प्राप्त करते हैं। इस मेले में मां के दरबार आने के लिए दूर दूर तक के लोग इस मेले का इंतजार करते है। उनकी मुराद दस अप्रैल से 13 अप्रैल को पूजा अर्चना करने के साथ प्रसाद चढ़ाने से पूर्ण हो जाएगी।मेला प्रबंधक प्रवेश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार से शुरू होने वाले मेला को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक वर्ष की भांति पुलिस को सूचित कर दिया है।

**"सैकड़ों वर्षो से चला आ रहा पाण्डव कालीन चिल्लौआ मेला"**

अल्हागंज जलालाबाद स्टेट हाईवे पर अल्हागंज से करीब पांच किलोमीटर और स्टेट हाईवे से एक किलोमीटर पूरब दिशा में बसा गांव चिलौआ इस प्राचीन मंदिर के कारण दूर-दूर तक विख्यात है। हर वर्ष चैत्र मास शुक्ल पक्ष के तेरस पर्व से इस मेले की होने वाली शुरुआत होती है। इस वर्ष यह मेला 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा। मंदिर के साथ ही हर साल यहां लगने वाला मेला भी हजारों साल पुराना बताया जाता है। मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ पूरे गांव का भी सहयोग रहता है। आयोजकों द्वारा पानी से लेकर लाइट की उचित व्यवस्था की गई है।जिसे लोग दूर दूर से देखने आते है। मंदिर में दुर्गा जागरण भी होता है। तमाम दुकानदारों ने भी मेला स्थल पर पहुंचने के लिए अभी से तैयारियां शुरु कर दी है। मेले में मेला प्रबंधक प्रवेश कुमार मिश्रा ने बताया है कि किसी दुकानदार आदि को कोई जानकारी चाहिए तो वह उनके नंबर 9794504390 पर फोन करके बात कर सकता है।

## बीमा पॉलिसी पर ब्याज सहित दिलवाने के नाम पर 12 लाख 80 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधडी

**स्वतंत्र प्रभात**





**शाहजहांपुर।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा साइबर क्राइम थाना पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वादी के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शत प्रतिशत धनराशि रु0 12,82,371 ( बारह लाख बयासी हजार तीन सौ इकहत्तर) /- वापस कराई गयी जान्सन पटेल पुत्र प्रमोद कुमार वर्मा निवासी रौतापुर कलां थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर ने उपस्थित थाना आकर अवगत कराया कि उसके साथ इन्श्योरेन्स इन्वेस्टमेन्ट पर फोन कर बीमा पॉलिसी पर ब्याज सहित दिलवाने के नाम पर 12 लाख 80 हजार रुपये कीऑनलाइन धोखाधडी कर ली गयी है । वादी के साथ हुई इस धोखाधडी पर थाना साइबर क्राइम पर तत्काल मु0अ0सं0 01/2025 धारा 318 (4) बीएनएस व 66 डी आई.टी. एक्ट पंजीकृत कर विवेचना निरी0 इन्द्रपाल सिंह थाना साइबर क्राइम को सुपुर्द की गयी ।साइबर अपराध की इस घटना को श्रीमान पुलिस अधीक्षक ने गम्भीरता से लिया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी अपराध के पर्यवेक्षण, प्रभारी थाना साइबर क्राइम के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम की इस घटना से सम्बन्धित धनराशि को रिकवर कराने के सम्बन्ध प्रभारी निरीक्षक/विवेचक को कडे दिशा निर्देश दिये गये ।इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक/विवेचक द्वारा मय थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा वादी से उपरोक्त घटना से सम्बन्धित दस्तावेजों सहित जिन खातो में धनराशि ट्रांसफर की गयी थी डिटेल प्राप्त करते हुये सम्बन्धित बैंकों को मेल कर खाते फ्रीज कराये गये तथा सम्बन्धित धनराशि को वादी के खाते में वापस कराये जाने हेतु समन्वय स्थापित किया गया ।इसी क्रम में वादी जान्सन पटेल पुत्र प्रमोद कुमार वर्मा निवासी रौतापुर कलां थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर द्वारा तहरीर प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उसके साथ इन्श्योरेन्स इन्वेस्टमेन्ट के नाम पर हुई आनलाइन धोखाधडी से सम्बन्धित धनराशि 12 लाख 82 हजार 371 रु0 उसके खाते में सकुशल वापस हो गये है । मुकदमा उपरोक्त में साइबर क्राइम थाना जनपद शाहजहांपुर पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही से वादी ने पूर्ण रुप से संतुष्ट होकर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

इस दौरान -निरीक्षक इन्द्रपाल सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना शाह0, रोहित कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0, लोकेन्द्र सिंह , सुजीत कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0, अखिलेश कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0 पुष्पेन्द्र कुमार सचिन नागर प्रिया मोनिका गौतम जागरुक रहे-सजग रहे, साइबर अपराध से सुरक्षित रहे ।साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

## माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेलकुट की बैठक संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट की जिला इकाई खीरी की एक महत्वपूर्ण बैठक कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला के गोवर्धन हाल में शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए संघ की उपलब्धियों के साथ ही आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। बैठक का संचालन करते हुए शिक्षक संघ के जिला महामंत्री वीर प्रताप सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट का वार्षिक सम्मेलन संजय कम्युनिटी हाल सिविल लाइंस बरेली में दिनांक 15, 16 और 17 अप्रैल 2025 को संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि आज के इस बैठक का महत्वपूर्ण विषय जनपद की ओर से अधिक से अधिक शिक्षकों की प्रादेशिक सम्मेलन में प्रतिभागिता सुनिश्चित करना था। बैठक में पधारे पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रादेशिक पार्षद ओमप्रकाश यादव, पी डी भारती इण्टर कॉलेज मोहम्मदी के प्रधानाचार्य श्याम कुमार वर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, दिनेश कुमार, राममिलन, जिला कोषाध्यक्ष दर्शन गुप्ता आदि पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे। इस दौरान दिनेश राज, राकेश वर्मा, बृजेन्द्र कुमार, अरुण कुमार पांडे, उमेश तिवारी, हरीश कुमार, उमेश कुमार, रमेश कुमार , देवेन्द्र सिंह सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरपुर का किया गया निरीक्षण



**भदोही**/सुरियावा दिनांक 09.04.2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरपुर, उपकेंद्र हरिहरपुर एवं उपकेंद्र विशाका पूरा का निरीक्षण किया गया सीएमओ द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजन कुमार शर्मा एवं कुमारी प्रियंका सरोज anm का 07 दिवस का वेतन बाधित किया गया एवं निर्देशित किया गया कि जब तक मुख्यालय पर रहकर निवास बनाकर कार्य नहीं करेंगे तब तक 07 दिवस का वेतन बाधित रहेगा

### थाने पर सुनवाई नही होने पर मनरेगा मजदूर गर्भवती महिला पहुची पुलिस अधीक्षक कार्यालय लगाई न्याय की गुहार



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी सविता पत्नी कैलाश ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि थाने पर सुनवाई नहीं हो रहा है जिससे तंग आकर जिला मुख्यालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा सविता देवी ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 8 तारीख को सुबह करीब 6ः00 बजे दिन महुआ बिने के लिए विवाद कर विपक्षी जबरदस्ती प्रार्थी के पेड़ को अपने हक में कह कर प्रार्थनी का महुआ बिनना चाहते थे मना करने पर प्रार्थीनी को गाली गुप्ता देते हुए विपक्षीगढ़ ने गिराकर मारा पीटा तथा अश्लील हरकत किया प्रार्थी मनरेगा मजदूरी का कार्य करती है विपक्षी द्वारा काफी मारपीट किया गया और आगे भी घर पर चढकर मारने की धमकी दिया महिला थाने पर गई सुनवाई नहीं हुआ तो बुधवार को सुबह महिला ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई का मांग किया है और अपने जाल माल की सुरक्षा की गुहार लगाया है साथ ही साथ महिला ने बताया कि घर पर भी आकर विपक्षीगढ़ जबरन मारपीट कर सकते हैं।

### समस्तीपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों और ग्रामीणों में हिंसक झड़प, दोनों पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल



**समस्तीपुर** में इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है । घटना के बाद घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर समझा-बुझाकर जाम हटवाया। और मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को नरघोघी गांव स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज का एक छात्र गांव में आया और स्थानीय लोगों से गाली गलौज करने लगा। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। जिसके बाद करीब 150 से अधिक छात्र गांव में पहुंचे और ईट-पत्थर से ग्रामीणों पर हमला कर दिया।

बताया गया है कि इस हमले में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए जिन्हे इलाज के लिए स्थानीयअस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज के छात्र अक्सर गांव में घुसकर विवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज का एक सस्पेंड छात्र कैंपस में आकर माहौल खराब कर रहा है। वहीं इस घटना आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में सरायरंजन थाना अध्यक्ष ने बताया कि सड़क जाम की सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि त्वरित कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। जिसमें लोगों ने कॉलेज के प्रिंसिपल को बदलने और दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## 84 वें अधिवेशन में अहमदाबाद में इकट्ठा होकर कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प ले रहे हैं

स्वतंत्र प्रभात



जहां एक और देश भर के एआईसीसी सदस्य भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 84 वें अधिवेशन में अहमदाबाद में इकट्ठा होकर कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसारी लगातार अध्यक्ष बनने के पश्चात जनपद भदोही के सुदूर गाँवों के वरिष्ठ कांग्रेस जनों व कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात कर कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञात हो कि 21 मार्च 2025 को वसीम अंसारी जी को जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली तत्पश्चात वे लगातार कार्यकर्ताओं से उनके आवास पर स्वयं जाकर मुलाकात करते हुए आगामी संगठन सृजन अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील कर रहे हैं। इस अवसर पर वसीम अंसारी जी ने बताया कि संपर्क,संवाद, संघर्ष व समन्वय से ही एक अच्छे संगठन का निर्माण हो सकता है। संगठन में पिछले 19 वर्षों से काम करने के कारण जो थोड़ा सा अनुभव है, उसका प्रयोग कर मैं सभी के सहयोग से कांग्रेस को भदोही में सशक्त बनाने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने बताया कि सभी वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात करने के पश्चात इसी माह में सभी 6 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तर पर बैठक कर संगठन निर्माण की प्रक्रिया को गति देने का प्रयास करूंगा. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व युवा हृदय सम्राट राहुल गांधी जी के निर्देशानुसार संगठन में सभी वर्ग पिछड़ा, अल्पसंख्यक, दलित समाज के साथ-साथ सामान्य वर्ग को भी को समान प्रतिनिधित्व दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि संगठन निर्माण के पश्चात कांग्रेस आने वाले दिनों में भदोही के सड़कों पर एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए नजर आएगी. वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार से उत्तर प्रदेश की जनता ऊब चुकी है, और हम सब का एक ही प्रयास है की जनता की आशा पर खरा उतरकर 2027 में इंडिया गठबंधन की सरकार का निर्माण करना. आज उन्होंने अभोली ब्लॉक के भगीरथीपुर, गौरा, टेमा, नीमिचौर, बारीपुर, घटमापुर इत्यादि गाँव का दौरा किया. उनके साथ संपर्क करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रिलोकी नाथ बिन्द, राजेश्वर दुबे, नाजिम अली, सुबुक़तगीन अंसारी, संदीप दूबे, विनोद गौतम जी इत्यादि रहें।

## समस्तीपुर में ताबड़तोड़ फायरिंग! बेखौफ बदमाशों ने तीन को मारी गोली, दो की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात



**समस्तीपुर** जिले के दलसिंहसराय में बेखौफ बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर एक महिला समेत तीन लोगों को गोली मारकर जख्मी कर दिया। गोलीबारी से पुरे इलाके में दहशत फैल गया है। घटना जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के लोकनाथपुर गंज इलाके की है। घटना के बाद लोगों को आते देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। सभी जख्मी का ईलाज पीएमसीएच पटना में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 10 बजे बेखौफ बदमाशों ने एक परिवार पर हमलाकर तीन लोगों को गोली मार दी। इस घटना में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीबारी की आवाज पर जुटे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां सभी जख्मी का ईलाज चल रहा है।

इस घटना में घायलों की पहचान सुजीत पासवान के पुत्र सौरभ कुमार सुमन (24 वर्ष ), सुशांत पासवान के पुत्र बाल किशन (12 वर्ष ) और सुरेश पासवान की पत्नी सुशीला देवी के रूप में हुई हैं। सौरभ को सिर में गोली लगी है, जबकि बाल किशन को सीने में गोली लगी है। हालांकि अभी तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल परिजन भी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं।

घटना सुचना पर पहुंची पुलिस पुरे मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस द्वारा घटना के सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही हैं। FSLएवं DIU की टीम भी घटनास्थल पर पहुँच चुकी हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्तीपुर एसपी अशोक मिश्रा ने अनुमंडलपुलिस पदाधिकारी, दलसिंहसराय के नेतृत्व में द्वारा टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## परिवहन विभाग ने राजस्व वसूली में बनाया रिकॉर्ड ! वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.68 करोड़ टैक्स वसूला

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर** जिले में परिवहन विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 1.15 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी विवेक चंद्र पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपना निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लिया है। इस वित्तीय वर्ष में विभाग ने जिले के 16,918 कामर्शियल वाहनों से 4.68 करोड़ रुपये का टैक्स वसूला है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 1.15 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा टैक्स वसूली व्यवस्था में सकारात्मक सुधार को दर्शाता है।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि ये वसूली सभी प्रकार के कामर्शियल वाहनों से की गयी है। जिनमें 15,000 तीन चक्का वाहनों से 3.26 करोड़ रुपये, 580 ट्रैक्टरों से 56.22 लाख रुपये और 109 बसों से 7.57 लाख रुपये प्राप्त हुए। वहीं तीन एम्बुलेंस से 51 हजार रुपये की वसूली की गई। जबकि 1,164 बड़ी और छोटी गाड़ियों से 55.25 लाख रुपये तथा 62 मैक्सी और मोटर कैब से 21.91 लाख रुपये का टैक्स वसूला गया। उन्होंने कहा कि विभाग अब उन वाहन मालिकों पर फोकस कर रहा है,



जिन्होंने कई वर्षों से टैक्स जमा नहीं किया है। इन बकाएदारों को जल्द नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। टैक्स वसूली को और पारदर्शी बनाने के लिए नियमित अभियान चलाए जाएंगे। जिससे जिले में राजस्व संग्रहण और मजबूत होगा।

## समस्तीपुर डीएम ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कराकर फसल उत्पादन का किया आकलन

स्वतंत्र प्रभात



**समस्तीपुर** 7 समस्तीपुर जिले में रवि उत्पादन परखने के लिए जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बुधवार को गेहूं की फसल कटवाकर और उसका तौल कराकर फसल उत्पादन का आकलन किया। इस मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, बीडीओ, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्यवक, किसान सलाहकार मौजूद थे।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के सरायरंजन प्रखंड के पंचायत राज बखरी बुजुर्ग के राजस्व ग्राम उदापट्टी में किसान मो. शमशुल के खेत में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की मौजूदगी में गेहूं की कटनी कराई गई। इस दौरान गेहूं के खेत में 10 मीटर लंबा और 5 मीटर चौड़ा यानि 50 वर्ग मीटर क्षेत्र में गेहूं फसल की कटनी कराई गई। इसके फसल कटनी के बाद थ्रेशिंग किया गया। थ्रेशिंग के बाद उसका वजन किया गया। 50 वर्ग मीटर क्षेत्र में हरा दाना का उत्पादन 15.515 किलोग्राम हुआ। इस हिसाब से इस साल जिले में गेहूं का उत्पादन 31.03 क्विंटल प्रति हेकटेयरहोने का अनुमान है। हालांकि ही वजन का आकलन 5 से 7 दिन बाद दाना सूखने के बाद हो पाएगा।

कृषि विभाग के अनुसार बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत बीमित फसलों के क्षतिपूर्ति के निर्धारण एवं उत्पादकता दर को ज्ञात करने के लिए खरीफ और रबी मौसम में बीमित फसल मकई, अगहनी धान, रबी गेहूं एवं रबी मकई का पंचायत स्तरीय फसल का कटनी आयोजित किया जाता है। बताया गया है कि कृषि विभाग द्वारा क्रॉप कटिंग के आधार पर प्रति एकड़ व हेक्टेयर उपज का आकलन किया जाता है। इसके लिए खेत में 10 मीटर लंबाई व पांच मीटर चौड़ाई के आयताकार प्रयोगात्मक खंड का निर्धारण कर इस खंड में लगे गेहूं के फसल की कटाई की जाती है।

## सुपौल में विशेष विकास शिविर संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**सुपौल-** सुपौल जिला के सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में संचालित होने वाले विशेष विकास शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लहटन चौधरी सभागार, सुपौल में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाधिकारी कौशल कुमार ने की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुपौल, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि दिनांक 14 अप्रैल 2025 को सुपौल प्रखंड अंतर्गत महनी पंचायत के महादलित टोला वार्ड संख्या-12 में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिनांक 19 अप्रैल 2025 से प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार को सभी प्रखंडों के चिन्हित महादलित टोलों में विशेष विकास शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन संबंधित पंचायत के विकास मित्र एवं पंचायत सचिव के माध्यम से किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रत्येक शिविर के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने प्रखंड स्तरीय समकक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि 22 सरकारी योजनाओं से वंचित महादलित



परिवारों को इन शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जाए। शिविर की तिथि से पूर्व लाभ से वंचित परिवारों की पहचान एवं सर्वेक्षण का कार्य विकास मित्र एवं पंचायत सचिव द्वारा किया जाएगा, जिसका अनुश्रवण प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

## भदोही में पुलिस ने चार माह पुर्व हुई हत्या का खुलासा

**● बीते सोमवार क़ो कुएं में मिली थी युवक की लाश**

**लाश मिलने क़े 72 घंटे क़े अंदर पुलिस ने किया खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** गोपीगंज क्षेत्र क़े मदनपुर गांव निवासी युवक बीते वर्ष 30 दिसंबर से लापता था और परिजनों ने इसकी शिकायत भी पुलिस से की थी, पुलिस भी तलाश में जुटी थी। और बीते सोमवार क़ो युवक क़े घर से कुछ ही दुरी पर स्थित एक सूखे कुएं में युवक का शव मिला था। पुलिस जांच में जुटी थी और परिजनों क़े पूछताछ क़े आधार और अन्य सबूतों क़े अनुसार गांव निवासी नेबूलाल बिन्द क़ो पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ किया और नेबूलाल ने मुकेश बिन्द की हत्या की बात स्वीकार की। और पुलिस क़ो 72 घंटे क़े अंदर इस हत्या का खुलासा करने में सफलता मिली। एसपी ने इस मामले का खुलासा करने वाली टीम क़ो 15 हजार का ईनाम भी देने की बात कही। घटना क़े बारे में हत्यारोपी नेबूलाल ने बताया कि बीते वर्ष 30 दिसंबर क़ो मुकेश और वह जुआ खेलने गए और फिर वहां से शराब पीने क़े लिए शराब क़े ठेका पर जा रहे थे। इसी बीच एक महिला जा रही थी जिसको लेकर मुकेश ने अपशब्द कहा और वह महिला नेबूलाल की ही पत्नी थी, यह देखकर नेबूलाल क़ो आघात लगा और वह मुकेश क़ो मारने का मन बना लिया, दोनों शराब पीकर लौटे और इसी बीच नेबूलाल ने मौका पाकर मुकेश क़े



सर पर ईंट से वार कर दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। और उसने शव क़ो कुएं में फेक दिया। और खून लगे कपड़ा क़ो भी जला दिया। पुलिस जब भी उससे पूछती तो बहाना बनाता लेकिन शव मिलने क़े बाद पोलिस से पूछताछ में नेबूलाल आखिर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली और इस मामले का खुलासा भी हो गया।

## मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

**● पानी है अनमोल, न करे पानी की बर्बादी, पानी के महत्व के बारे में लोगो को किया जाए जागरूक -मण्डलायुक्त**



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, सोनभद्र जागृति अवस्थी, भदोही शिवाकान्त द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मीरजापुर देवेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर जल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे यदि निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक खराब मिली तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यदायी इस योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछा रही है अथवा बिछा चुकी है खोदी गई सड़को का शत प्रतिशत मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, जिस मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि कहीं-कही सड़को मरम्मत सही तरीके से नही कराया गया है जिस पर मण्डलायुक्त ने तीनो जनपदो के मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण कर जिन सड़को का मरम्मत नही कराया गया है अपने स्तर से कार्यदायी संस्था निर्देशित करते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था मेघा द्वारा मीरजापुर में कराए गए कार्यो में बताया गया कि कही सड़को की मरम्मत नही कराई गई हैं, जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिस जगह स्थल कार्य कराया गया है तत्काल दुरूस्त कराया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी भदोही को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर जल योजनान्तर्गत जिन जगहो पर कार्य कराए गए है उन सभी कार्यो का निरीक्षण कर कार्यो शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सोनभद्र में कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0 के द्वारा हर घर जल योजना के तहत खोदी गई सड़को मरम्मत के कार्य में 95 प्रतिशत कार्य कराया गया है एवं एन0सी0सी0 के द्वारा 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन सड़को का मरम्मत होना शेष उन सभी सड़को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मीरजापुर में कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0 के द्वारा प्रगति धीमी होने पर मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि लेबरो की संख्या बढ़ाते हुए कार्य को एक महीने में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि मण्डल में आंगनबाड़ी व स्कूलो में हर जल योजनान्तर्गत कनेक्शन नही किया गया है तो तत्काल करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि खोदी गई सड़को व लीकेज पाइपलाइन का निरीक्षण कर ठीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानो पर पानी की टंकी लगाई गई उन सभी स्थानो पर पानी के आने व जाने का समय व सम्बन्धित आपरेटर नम्बर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्लोगन के माध्यम से जगह-जगह पानी की उपयोगिता के बारे में लोगो को बताए कि यह पानी पीने आ रहा है व अन्य किसी उपयोग में न लें। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी समय-समय पर पानी की टेस्टिंग भी कराएं कि पानी पीने योग्य है अथवा नही। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही हो तो सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराए ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जहां पर बूस्थर पम्प लगाने की आवश्यकता है तत्काल लगवाना सुनिश्चित करें ताकि जिन लोगो को पानी नही मिल रहा है उन्हे भी उपलब्ध कराया जा सकें।

## दक्षिणेश्वर काली मां का हुआ श्रृंगार

**● भजन संध्या का हुआ आयोजन**

**भव्य भंडारे का भी हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार मिर्जापुर।** नगर के टेकउर स्थित प्राचीन दक्षिणेश्वर काली माता मंदिर पर मंगलवार को चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी को मां का भव्य श्रृंगार किया गया। मां काली का दर्शन पूजन करने पहुंचे भक्तों को मंदिर पर मां के सेवक के रूप में विराजमान बंगाली पुरोहित गिरधारी पंडा ने और मां के अनन्य भक्त लक्ष्मी अग्रवाल, रामजी अग्रवाल, गोल्डी, आंचल, पूनम, सुनीता, मीनू , कुसुम, सुरेंद्र सिंह के द्वारा मां के दरबार में आए श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में केला, सेव,नारियल, मीठा आदि का वितरण किया गया। मंदिर पुरोहित ने कहा कि मां काली का दस महाविद्या में एक प्रमुख स्वरूप है। यहां पर परंपरागत रूप से बंगाली ब्राह्मण ही पुरोहित का कार्य करते हैं। मंदिर के बाहर भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महिला श्रद्धालुओ ने देवी गीत, पचरा, भजन गीत गाकर मंदिर परिसर को देवीमय बना दिया। इसके पश्चात भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी से आई कलाकार पूनम मिश्रा व सर्वेश लाल यादव ने एक बढ़ कर एक देवी गीत, भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान श्रोताओं ने भक्तिरस से



सराबोर होकर नाचने पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर राम पुजारी, सुरेंदर सिंह, गौरीनाथ दीक्षित, मदन लाल, गोपी नाथ मिश्रा, अनील मिश्रा, पिंकू, राजू अग्रवाल, करतार सिंह कुशवाहा, चक्रधारी यादव, अमन सेठ, राजू यादव, नीरज सेठ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक सम्पन्न

**● अवैध निर्माणो व एन0जी0टी0 के अन्तर्गत निर्माण पर करे प्रभावी कार्यवाही**



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागागार में मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक आहूत की गई। बैठक में विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रो में विकास कार्यो को प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व में किए गए कार्यो व उस पर व्यय धनराशि के सम्बन्ध में भी समीक्षा की गई तथा चल रहे विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि बिना नक्शा पास कराए तथा अन्य अवैध निर्माणों एवं गंगा के किनारे एन0जी0टी0 के अन्तर्गत अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्यो को नोटिस देते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाए। बैठक में मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड के द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए प्रस्तुत बजट की भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, अपर निदेशक कोषागार एवं मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

## ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मिर्जापुर।** सोमवार को देर शाम भारतीय किसान मोर्चा कार्यालय बस स्टैंड स्थित नूरी नगर में ईद मिलन समारोह कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुनार नगर अध्यक्ष मंसूर अहमद रहे । उन्होंने चुनार के हिन्दू और मुसलमान भाई को गंगा जमुनी तहजीब के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में कवि सुरेंद्र मिश्र अंकुर जी ने अपनी कविताओं से चांद चांद लगा दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता शकील लाइन ने किया संरक्षक जनार्दन त्रिपाठी अजय लाल पटेल प्रेम शंकर पांडे भारतीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना चौबे उपाध्यक्ष शरद कुशवाहा जुबेर हाशमी हैदर अली कोषाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल एडवोकेट अनिल कुमार मिश्रा शाहिद आलम सुनील कुशवाहा बसंत लाल श्रीवास्तव संत पाल सिंह बबलू अशोक पाल भानु यादव संजीव कुमार तथा भारी संख्या में लोग ईद मिलन समारोह के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें हिंदू मुसलमान भाई



अपने भाईचारे एकता का एक मिसाल भी दिया और गंगा जमुना की तहजीब को कायम रखते हुए ईद मिलन होली मिलन तथा नवरात्रि की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

# डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर से 21 दिन की फरलो मिली

स्वतंत्र प्रभात

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर से 21 दिन की फरलो मिली है। हरियाणा सरकार की ओर से राम रहीम को यह राहत दी गई है. फरलो मिलने के बाद आज (9 अप्रैल) सुबह-सुबह पुलिस सुरक्षा के बीच राम रहीम सिरसा डेरा पहुंच गया है। राम रहीम को लेने खुद हनीप्रीत पहुंची थी। इस बार वह सिरसा डेरा में रहेगा। राम रहीम को यह राहत डेरा सच्चा सौदा के स्थापना दिवस से पहले मिली है. 29 अप्रैल को डेरा सच्चा सौदा का स्थापना दिवस है, जिसे लेकर एक बड़ा कार्यक्रम होने की संभावना है। इससे पहले राम रहीम दिल्ली चुनाव से पहले 30 दिन की पैरोल पर बाहर आया था। इस तरह पिछले चार सालों में कुल 13वीं बार राम रहीम जेल से बाहर आया है। अगस्त 2017



में दो शिष्याओं से रेप के लिए 20 साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद 28 जनवरी को उसे 30 दिनों की पैरोल दी गई थी। इस दौरान पहली बार वह सिरसा में अपने डेरे में 10 दिनों तक रुका था. बाद में वह उत्तर प्रदेश के बागपत में रहा था। राम रहीम को इससे पहले 20 दिन की पैरोल दी गई थी. यह पैरोल पिछले साल 5 अक्टूबर को हरियाणा में मतदान से चार दिन पहले दी गई थी।

**पिछले साल अगस्त में भी मिली थी 21 दिन की फरलो।**

पिछली बार उसने अपने पिता मगहर सिंह की पुण्यतिथि 5 अक्टूबर का हवाला देते हुए पैरोल मांगी थी, जिसे परमार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है. पिछले साल अक्टूबर से पहले हरियाणा सरकार ने राम रहीम को अगस्त में 21 दिन की फरलो दी थी, जो 2 सितंबर को समाप्त हो गई थी।

**सुनारिया जेल में बंद है राम रहीम**

राम रहीम फिलहाल राज्य की राजधानी चंडीगढ़ से 250 किलोमीटर दूर रोहतक की उच्च सुरक्षा वाली सुनारिया जेल में बंद है. इससे पहले, हाईकोर्ट ने राम रहीम की अपनी दत्तक बेटियों की शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल की याचिका खारिज कर दी थी।

**राम रहीम को सुनाई गई है २० साल जेल की सजा।**

राम रहीम को दो महिलाओं के साथ रेप के मामले में अगस्त 2017 में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी. पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 2019 में उन्हें और तीन अन्य को 16 साल पहले एक पत्रकार की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. 25 अगस्त 2017 को दोषी करार होने के बाद पंचकूला और सिरसा में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें 41 लोग मारे गए और 260 से अधिक घायल हो गए थे।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय चायल का औचक निरीक्षण कर आईजीआरएस सहित अन्य शिकायती पंजिका का किया अवलोकन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास खण्ड कार्यालय चायल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सहित अन्य शिकायती पंजिका का अवलोकन किया, उन्होंने लम्बित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त स्टॉफ को कार्यालय में समय से उपस्थित होने एवं रात्रि निवास कर शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सही न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने, कार्यालय भवन की रंगाई-पुताई



करवाये जाने एवं पत्रावलियों का रख-रखाव सूचीबद्ध तरीके से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विकास खण्ड कार्यालय भवन के पीछे निर्माणाधीन खेल के मैदान को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने मनरेगा सेल में साफ-सफाई एवं फाइलों के ऊपर सम्बन्धित विवरण सूचीबद्ध तरीके से संरक्षित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ब्लॉक मिशन प्रबन्धन इकाई कार्यालय में साफ-सफाई एवं फाइलों के ऊपर सम्बन्धित विवरण सूचीबद्ध तरीके से संरक्षित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी दिनेश कुमार समस्त सहायक विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी समाज को व जाति को बांटने का कर रही काम : भूपेन्द्र चौधरी

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के विधानसभा सिराथू में भाजपा सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शामिल होकर सम्बोधित किया।सिराथू ब्लॉक परिसर सभागार में आयोजित सक्रिय सदस्यता सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर सक्रिय सदस्यता का सम्मेलन सात दिनों तक विभिन्न जगहों पर आयोजित किया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी कभी दो सांसदों की पार्टी हुआ करती थी आज भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज तीसरी बार केन्द्र में सरकार चला रही है व कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राहुल गांधी हाथों में संविधान लेकर घूम रहे हैं और संविधान



बचाओ की दुहाई दे रहे है ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया व प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में तमाम बातों को विस्तार से बताया व उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया साथ जी जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित किया कि आजादी के बाद से देश में सबसे ज्यादा राष्ट्रपति शासन कांग्रेश के शासन काल में लगा देश में इमरजेंसी कांग्रेस ने लगाई राहुल गांधी कुछ भी कहते रहते हैं सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता अपना सेवक मान चुकी है वहीं उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के शासन काल में परमाणु परीक्षण, प्रधानमंत्री ग्राम योजना, अन्त्योदय योजना, स्वर्ण चतुर्भुज योजना सहित तमाम देश हित की योजनाओं की चर्चा करते हुए 2014 के बाद से केन्द्रीय सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत चर्चा की जिसमें से चाहे जनधन योजना के तहत करोड़ों लोगों के खाता खुलवाने की बात हो या उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि योजना, शौचालय निर्माण योजना,85 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन देना हो ऐसी तमाम जानकारी को साझा किया इस मौके पर काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चन्द्र गुप्ता, जिलापंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, पूर्व विधायक संजय गुप्ता,लाल बहादुर, कोऑपरेटिव के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, डीसीएफ के चेयरमैन चन्द्र दत्त शुक्ल,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, हुबलाल दिवाकर सहित सभी मण्डल अध्यक्षगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण, पार्टी के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने तहसील चायल का आकस्मिक निरीक्षण साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा तहसील चायल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भूलेख कार्यालय में कार्यरत राजिस्ट्रार कानूनगो ओम प्रकाश गुप्ता, अजय सिंह, श्रीमती अनामिका सिंह व सुश्री चाँदनी सरोज व नजारत में कार्यरत नजारत चपरासी श्रीमती मीना व श्रीमती नशरीन अनुपस्थित पाये गये। इसके साथ ही आर0 सी0 पटल पर सम्बद्ध संग्रह अनुसेवक अनुपस्थित पाये गये। इसके अतिरिक्त सग्रह अनुभाग में कार्यरत नरेन्द्र बाबू अनुपस्थित पाये गये, किन्तु जानकारी मिली कि आर0सी0 मिलान के लिए मुख्यालय मंझनपुर गये हुये है। आशुलिपिक पद पर तैनात पवन श्रीवास्तव चोट लगने के कारण मेडिकल अवकाश पर हैं। तहसीलदार चायल आज प्रातः अवमानना रिट याचिका संख्या-1025/25 के सम्बन्ध में विशेष कार्य के लिए हाईकोर्ट गये थे, किन्तु जिलाधिकारी के आने की जानकारी होने पर रास्ते से वापस आ गये, निरीक्षण के



समय मौजूद थे। नायब तहसीलदार सौरभ सिंह भी विशेष कार्य से हाईकोर्ट जा रहे थे किन्तु जिलाधिकारी के आने की जानकारी होने पर वापस आ गये। नायब तहसीलदार कपिल मिश्रा तहसील कार्यालय में मौजूद थे एवं नायब तहसीलदार संजय कुमार का चैम्बर खुला हुआ था, किन्तु वो आई0जी0आ0एस0 की सत्यापन के लिए ग्राम मलाक मोईनउद्दीनपुर उपरहार गये हुये थे। इसके अतिरिक्त आपूर्ति विभाग में पूर्ति निरीक्षक राम कुँवर आर्य अनुपस्थित थे। उपनिबन्धक कार्यालय में सम्बन्धित उपनिबन्धक अनुपसिथत थे, उपनिबन्धक कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा बताया बताया गया कि अवकाश पर हैं। तहसील कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ पायी गयी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों को तहसीलदार चायल द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया एवं समय से कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कडाई के साथ निर्देशित किया गया।

# अप्रैल से चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन के सभागार में 01 अप्रैल से चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति एवं 10 अप्रैल से चलाये जाने वाले दस्तक अभियान की तैयारियों के सम्बंध में जनपद स्तरीय अंन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायतीराज विभाग, नगर विकास विभाग, महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उद्यान विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित किए गए दायित्वों को समय से माइक्रो प्लान के अनुसार सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया




है। विभागों के द्वारा प्रस्तुत किए गए माइक्रोप्लान, टेऊनिंग स्टेटस, ब्लाक व तहसील स्तर पर अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक व विकास खण्डवार माइक्रोप्लान स्टेटस के बारे में जानकारी लेते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि माइक्रोप्लान में जो कार्यक्रम जिस तिथि पर निर्धारित किया गया है, वे कार्यक्रम उसी तिथि पर ही कराये जाये और सभी सम्बंधित से समन्वय स्थापित कर एक टीम भावना के साथ कार्य करें। सम्भावित जल-जमाव वाले स्थानों, जल-भराव वाले तालाबों, खाली प्लाटों, झाडियों वाले स्थानों को चिन्हीकरण करने एवं माइक्रोप्लान बनाकर जमीनी स्तर पर कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने नाले-नालियों की सफाई के सम्बंध में शहरी क्षेत्रों में सफाई कराये जाने का निर्देश दिया है। इसी तहर से उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई का अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने मच्छर जनित रोगों से बचाव एवं जल-जमाव न होने देने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु नगर निगम, मलेरिया विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीम बनाकर जागरूकता कराये जाने का निर्देश दिया है। दस्तक अभियान के संचालन हेतु ब्लाक चिकित्सालय पर एएनएम, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकत्रियों का संवेदीकरण कराये जाने व उन्हें डोर-टू-डोर सर्वे करने के लिए कहा है। उन्होंने आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण भी कराये जाने के लिए कहा है। विद्यालयों में बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने का निर्देश दिया है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, जल-जमाव न होने देने तथा अपने घरों के आस-पास साफ-सफाई बनाये रखने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया है।

# भ्रष्टाचार ,महंगाई, अहंकार की पर्यायवाची है भाजपा : गौरव पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कौशाम्बी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई, अहंकार की पर्यायवाची है भाजपा क्योंकि ये डबल इंजन की सरकार जब -जब मोदी सरकार इस देश के युवाओं के साथ छल करना होता है तो उनको जाति एवं धर्म में फंसा देती। आज आप देख रहे हैं गैस सिलेंडर के दाम आसमान पर हैं साग सब्जी साधारण आदमी का नहीं सकता शिक्षा काफी महंगी हो गई है ! लेकिन फिर भी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। जिस प्रकार कौशाम्बी जिले की जो सबसे बड़ी समस्या है भैया है कि सभी विभागों में ऑनलाइन की सुविधा की गई है लेकिन जो भी आम नागरिक अपना ऑनलाइन किसी भी कार्य को लेकर करता है तो उसके कागज को तहसील, ब्लॉक और नगर पालिका परिषद कार्यालय पर ही रुक जाती है जब तक कोई वह व्यक्ति वहां न जाए और साहब को कुछ दे ना तब तक उसकी फाइल आगे नहीं जाएगी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर सरकार की हम कड़ी निंदा करते हैं।

आज का जो सबसे बड़ा मुद्दा है हुआ है बेरोजगारी और महंगाई इससे जनता त्रस्त है और परेशान सरकार के कानून में इन मामलों को लेकर जून तक नहीं रेंग रही है जो बहुत ही दुःखद है।

# विकास भवन सभागार में पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन

**8 अप्रैल से प्रारंभ होकर 22 अप्रैल, 2025 तक रहेगा**

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के द्वारा विकास भवन सभागार में पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से प्रारंभ होकर 22 अप्रैल, 2025 तक रहेगा। उद्घाटन में तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 6 माह के तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर पोषण रैली को भी रवाना किया गया। उद्घाटन के समय



जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर प्रथम संजिता सिंह समस्त मुख्य सेविकाएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही।

# भूमिधारी जमीन पर पुलिस संरक्षण में अवैध रूप से कब्जा करने के प्रयास का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज ।** झूसी थाना क्षेत्र के ग्राम हवेलिया निवासी शोएब खान ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करकेपुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उनकी भूमिधरी भूमि पर पुलिस संरक्षण में अवैध रूप से कब्जा करने की प्रयास किता जा रहा है। शोएब खान के अनुसार, उन्होंने यह जमीन वर्ष 2000 में खरीदी थी और तभी से उस पर उनका वैध कब्जा है। दाखिल-खारिज के सभी कागजात उनके नाम पर हैं। इसके बावजूद, निशा यादव नाम की एक महिला ने एक अन्य व्यक्ति से विवादित दस्तावेजों के माध्यम से भूमि को अपने नाम करवा लिया। शोएब ने बताया कि निशा यादव को जमीन बेचने वाला व्यक्ति वह है जिसकी भूमि पहले ही लोक निर्माण विभाग की परियोजना में चली गई थी, और उस जमीन का मुआवजा भी मिल चुका है। उक्त



मामले में जिला जज के आदेश पर कार्यवाही हुई थी और PWD ने पुष्टि की थी कि वह भूमि अधिग्रहण में आ चुकी है। विवाद फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट की राजस्व अदालत में लंबित है। बावजूद इसके, शोएब का आरोप है कि निशा यादव और उनके साथ कुछ दबंग किस्म के लोग ज़बरन उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। जब शोएब ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी, तो पुलिस मौके पर तो पहुंची लेकिन उन्हें और उनके पुत्र को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जबकि उस दौरान विरोधी पक्ष ने कब्जे की कोशिश की। शोएब ने बताया कि पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने पर फिलहाल निर्माण कार्य रुकवाया गया, लेकिन उन्हें अब भी डर है कि पुलिस की शह पर दोबारा जमीन कब्जाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया हैं और अब मीडिया के सामने भी अपनी बात रखी है। शोएब ने यह भी दावा किया कि उन्हें निशा यादव और उसके समर्थकों से जान का खतरा है। शोएब ने आरोप लगाया कि स्थानीय थाना प्रभारी ने उन्हें सीयूजी नंबर से कॉल कर धमकी दी और कहा कि जमीन की तरफ देखना भी मत, वरना जेल भेज दूंगा। शोएब ने बताया कि पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने पर फिलहाल निर्माण कार्य रुकवाया गया, लेकिन उन्हें अब भी डर है कि पुलिस की शह पर दोबारा जमीन कब्जाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया है और अब मीडिया के सामने भी अपनी बात रखी है। शोएब ने यह भी दावा किया कि उन्हें निशा यादव और उसके समर्थकों से जान का खतरा है

# सांसद फूलपुर ने शासन द्वारा प्राप्त करायी गयी कुल 34 एम्बुलेंसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल ने बुधवार को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जनपद प्रयागराज को प्राप्त करायी गयी कुल 34 एम्बुलेंसों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर उन्हें रवाना करते हुए शुभारम्भ किया। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा जनपद प्रयागराज को 108 नम्बर की 09 नयी एम्बुलेंस, 102 नम्बर की 23 नयी एम्बुलेंस तथा ए0एल0एस की 2 नयी एम्बुलेंस प्राप्त करायी गयी हैं। इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार




का लगातार यह प्रयास है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगो को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिले, इसी कड़ी में आज 34 एम्बुलेंस का शुभारम्भ कर उन्हें रवाना किया गया है। इससे हमारे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं में निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ए0के0 तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लखनऊ में 1 लाख का इनामी बदमाश वैभव मुठभेड़ में गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** विकासनगर में सर्राफा कारोबारी के मुनीम से 6.80 लाख रुपये लूटने वाला 1 लाख का इनामी बदमाश वैभव मुठभेड़ में गिरफ्तार हो गया है. वैभव ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की



थी और फरार हो गया था, लेकिन बुधवार को देर शाम पीजीआई क्षेत्र में एसटीएफ टीम के साथ मुठभेड़ में वह गिरफ्तार हो गया. मुठभेड़ के दौरान वैभव ने एसटीएफ टीम पर फायरिंग की, एसटीएफ ने जवाबी फायरिंग की जिसमें उसके पैर में गोली लग गई , इस लूटकांड में शामिल कई लोग पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं और 2 बदमाशों ने कोर्ट में सरेंडर भी कर दिया है । वैभव की गिरफ्तारी से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जैसा कि पहले भी लखनऊ में बैंक लूट कांड में पुलिस ने एनकाउंटर में 2 बदमाशों को मुठभेड़ ढेर किया था ।

# भीषण सड़क हादसा:में ट्रक से कुचलकर परिवार के तीन बच्चों समेत चार की मौत!

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** भीषण सड़क हादसा:में ट्रक से कुचलकर परिवार के तीन बच्चों समेत चार की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रयागराज के नैनी थाना इलाके में नए यमुना पुल के पास निर्माणाधीन रेलवे पावर हाउस के पास बुधवार तड़के 3ः00 के पास के यहां पर गिट्टी लादकर चालक ट्रक लेकर पहुंचा। इसके दौरान ट्रक बैंक करते समय तीन बच्चों के साथ मजदूर छोटेलाल (45) पुत्र देवशरण चपेट में आ गए। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक शंकरगढ़ थाना इलाके के कपारी गांव का रहने वाला था। थाना प्रभारी नैनी वैभव सिंह ने बताया कि गाड़ी को थाने लाया गया है, मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक और उसका परिवार यहां पर बन रहे पावर हाउस में काम करता था। बच्चों का नाम अभी नहीं मिल पाया है, परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों के आने के बाद नाम स्पष्ट हो सकेगा

# संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता, दिवंगत के दशकर्म के लिए पहुंची मदद

**दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए मुख्यमंत्री ने मरांग बुरू से की प्रार्थना**



**रांची, झारखंड-** धनबाद निवासी दिवंगत रामप्रसाद महतो के दशकर्म में सरकार बनी सहयोगी। उनके आश्रितों की चिंता समाप्त हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के उपरांत दिवंगत रामप्रकाश महतो के घर धनबाद जिला प्रशासन द्वारा चावल, दाल, तेल, सब्जियां समेत अन्य सामग्री पहुँचा दी गई। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी शांति के लिए मरांग बुरु से प्रार्थना की है। **यह है मामला-** मुख्यमंत्री को धनबाद जिला अंतर्गत तोपचांची प्रखंड निवासी रामप्रसाद महतो की मृत्यु की जानकारी प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि दिवंगत का परिवार गरीब है और दशकर्म में लोगों को भोजन कराने के लिए घर में अन्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियां नहीं हैं। परिवार इसके लिए सक्षम नहीं है। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त , धनबाद को दशकर्म के लिए सभी जरूरी सामग्रियां उपलब्ध कराने एवं आश्रितों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का आदेश दिया।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में हज़ारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2025 संपन्न, सांसद मनीष जायसवाल ने दिया सभी को बधाई

**हज़ारीबाग, झारखंड-** हज़ारीबाग की ख्यातिपुर्ण और ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2025 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न कराने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हज़ारीबाग के सभी अखाड़ाधारी, क्लबों के सदस्यों, आम-आवाम, रामभक्त, सद्भावना से जुड़े लोग, समाजसेवी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रामनवमी महासमिति के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठन और प्रेस-मीडिया के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग रामनवमी की परंपरा वर्तमान वर्ष पूरे उत्कर्ष और वैभव पर दिखा और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। झांकियों के अवलोकन के लिए विशाल जनसैलाब भी उमड़ा। हजारीबाग के जन-जन रामधुन में रमें रहें और कण- कण में श्री राम नाम गुंजायमान होती रही। उन्होंने बिना किसी विवाद या अप्रिय घटना के पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र कला कौशल प्रदर्शन के वैभव के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने के लिए हजारीबाग के रामभक्तों और श्रद्धालुओं को साधुवाद भी दिया।

## प्राथमिक स्कूल पडरिया में नामांकन रैली का आयोजन, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल




**चौपारण, झारखंड-** चौपारण प्रखंड के पडरिया पंचायत स्थित प्राइमरी स्कूल पडरिया में नए नामांकन को बढ़ावा देने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य था कि अधिक से अधिक बच्चों का स्कूल में प्रवेश हो और हर बच्चा स्कूल तक पहुँच सके।रैली की शुरुआत स्कूल परिसर से हुई और आस-पास के इलाकों में जाकर लोगों को बच्चों के नामांकन के लिए जागरूक किया गया। स्पीकर के माध्यम से पूरे क्षेत्र में शिक्षा का संदेश पहुँचाया गया और सभी अभिभावकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने बच्चों को स्कूल में ज़रूर नामांकित करें।इस रैली में स्कूल के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं और प्रबंधन समिति के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। पंचायत समिति, वार्ड सदस्य और ग्रामीणों ने भी पूरा सहयोग दिया। रैली के दौरान पडरिया पंचायत के मुखिया पप्पू कुमार ने पूरी रैली में शामिल होकर सहयोग प्रदान किया। पिरामल फाउंडेशन से दुर्गेन्द्र राव ने भी रैली में भाग लेकर लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया और समुदाय के सहयोग की सराहना की। सभी के सामूहिक प्रयासों से यह रैली सफल रही और नामांकन अभियान को नई ऊर्जा मिली।

# चौपारण के पवई में दर्दनाक सड़क हादसा- बाइक सवार की मौत

**● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**



**स्वतंत्र प्रभात**

**चौपारण, झारखंड-** चौपारण के पवई क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में कोलकाता निवासी बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 44 वर्षीय दिवाकर चक्रवर्ती, पिता विजय चक्रवर्ती, निवासी 53/ A, रविंद्र नगर, B.K.C कॉलेज ISI थाना, बड़ा नगर, जिला नॉर्थ 24 परगना, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दिवाकर अपने तीन साथियों– परमेश्वर दुसाध, राजू मजूमदार, और आकाश मालकर–के साथ 8 अप्रैल 2025 को कोलकाता से नेपाल की यात्रा पर निकले थे। यात्रा के दौरान मंगलवार की सुबह लगभग 5:00 बजे, चौपारण के पवई में एक सड़क किनारे खड़े ट्रेलर (संख्या JH02BP 4265) से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस चालक शक्ति सिंह को घटनास्थल पर भेजा। काफी मशक्कत के बाद बाइक और शव को ट्रेलर से निकाला गया और चौपारण अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दिवाकर को मृत घोषित कर दिया।

दिवाकर के साथ यात्रा कर रहे अन्य तीनों बाइक सवार सुरक्षित हैं और वे भी चौपारण अस्पताल तथा थाना पहुंचे। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दिवाकर के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने मानवता का परिचय देते हुए एम्बुलेंस से दिवाकर के शव को कोलकाता स्थित उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की।

इस दुर्घटना के संबंध में दिवाकर के परिजनों ने चौपारण थाना में आवेदन देकर ट्रेलर चालक पर मामला दर्ज कराने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि ट्रेलर त्वज्ञ रोड पर खड़ा था लेकिन उसके पीछे किसी प्रकार का सिग्नल, रिफ्लेक्टिंग टेप या साइन बोर्ड नहीं लगा था, जिससे यह दुर्घटना हुई। आवेदन के आधार पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) और सड़क निर्माण में लगी एजेंसी कौशल इंजीनियरिंग भी जिम्मेदार है। उनका आरोप है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, अधूरा कार्य और वनवे यातायात व्यवस्था के कारण त्वज्ञ रोड पर दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# अवैध कोयला, बालु, पत्थर खनन एवं परिवहन पर छापामारी कर पूर्णतः अंकुश लगाएँ- एसपी

**स्वतंत्र प्रभात**

**जामताड़ा, झारखंड-** पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा की अध्यक्षता मेंबुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी बैठक में जामताड़ा जिला के सभी थाना प्रभारी/प्रभाग निरीक्षक/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नाला / जामताड़ा, पुलिस उपाधीक्षक, (मुख्यालय), जामताड़ा सहित सभी शाखा के शाखा प्रभारी सम्मिलित हुए। उक्त बैठक में माह मार्च 2025 में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों का निष्पादन आदि विभिन्न विषयों पर समीक्षा किया गया। समीक्षोपरान्त उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को निम्नांकित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही माह मार्च में हुए अपराधिक घटनाओं की समिक्षा की गई।जिला में पुर्व से लंबित चलें आ रहे लंबित काडों का त्वरित रूप से अनुसंधान पूर्ण कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।साईबर अपराध संबंधित लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। थाना/ओ0पी0 में लंबित सभी कांडों का विस्तृत समीक्षा कर प्रत्येक सप्ताह समीक्षा प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु सभी पुलिस उपाधीक्षक / पुलिस निरीक्षक प्रभग को निर्देशित किया गया। प्रविवेदित कांडों में ससमय प्रवेक्षण प्रतिवेदन निर्गत करने हेतु सभी पुलिस निरिक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देशित किया गया। कांड अनुसंधान में उसके गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया ताकि अपराधकर्मीयों को न्यायलय से सजा मिल सके। महिला उत्पीड़न/पौक्सो से संबंधित कांडों में 50 दिनों के अंदर अनुसंधन पुर्ण कर आरोप पत्र संमर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों में बिट पुलिसिंग के तहत क्यु0 आर0 कोड स्केनर स्थापित करते हुए गस्ती के क्रम में प्रत्येक स्थानों में जाकर गश्ती दल द्वारा प्रत्येक दिन क्षेत्र में गश्ती करने का निर्देश दिया गया। कम्युनिटि पुलिसिंग के तहत अपने अपने क्षेत्र मे डायन बिसाहि/महिला उत्पीड़न / साईबर जागरूकता से सबंधित हेतु निर्देश दिया गया।

सभी थाना प्रभारियो को अपने अपने थाना के सिमावर्ती अन्तराज्जीय/अन्तरजिला के थाना प्रभारियो के साथ समन्वय बैठक करते अपराधकर्मियों कि सुचना का आदान प्रदान कर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। जिला अंर्तगत वाहन चोरी गिरोह का उद्?भेदन कर



वाहन चोरी की घटना पर पूर्णत अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया।

क्षेत्र में अपराधकर्मियों पर निगरानी सहित आम जनता में सुरक्षा का भाव जागरूक करने हेतु महत्वपुर्ण व्यावसायिक स्थानों पर अधिक से अधिक सी0सी0टी0वी0 कैमरा स्थापित करने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र में अवेध कोयला / बालु / पत्थर खनन एवं परिवहन पर छापामारी कर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिया गया। क्षेत्र में अवैध शराब / मादक पर्दाथ निर्माण भण्डारण एवं परिवहन के विरूध छापामारी कर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिया गया।सड़क दुर्घाटना पर अंकुश लगाने हेतु सघन वाहन जांच यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के विरूध एम0 भी0 एक्ट के तहत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

# जिला पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान का औचक निरीक्षण कुचायकोट प्रखंड के सिपाया मलाही टोला महादलित बस्ती में किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की जांच में पाया गया कि बहुत सारे बच्चे किसी न किसी टीकाकरण से अभी भी वंचित हैं ।उन बच्चों का एस एम ओ डब्ल्यू एच ओ द्वारा लिस्ट जिला पदाधिकारी महोदय को उपलब्ध कराई गई थी। इसका जांच आज जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं स्थल पर जाकर किया गया।

जांच में एस एम ओ डब्ल्यू एच ओ के द्वारा दिये गये सभी रिपोर्ट को सही पाया गया। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित बच्चे जिनमें कालू कुमार, संजना, धनंजय कुमार पिता दुर्गेश महतो, धनु कुमारी पिता दीपक साहनी, आशिक कुमार आदि बच्चों के मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड का स्वयं अवलोकन किये और उन्हें टीकाकरण से वंचित पाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित एम ओ आइ सी डॉक्टर श्यामसुंदर कुमार, बीसीएम श्री सूर्यकांत कुमार और बी एच एम श्री जितेंद्र सिंह यादव से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि एम ओ आई सी और बी सी एम् स्वयं उपस्थित रहकर अपने देखरेख में छूटे हुए बच्चों का सभी प्रकार के टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

इस क्रम में सिपाया मलाही टोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 342 सलेहपुर की सेविका इंद्रावती देवी के अनुपस्थित पाए जाने पर उनके पति द्वारा बताया गया कि वह कुचायकोट बैठक के लिए गई हैं जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस के माध्यम से जांच कराया गया, जहां बैठक में वह अनुपस्थित पाई गई। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। वहां आशा कार्यकर्ता के अभी तक चयन नहीं होने पर जिला पदाधिकारी द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी के साथ सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर(एस एम ओ गोपालगंज) वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन डॉ0अमजद अली मौजूद रहे। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा मलाही टोला के आमजन से उनके समस्याओं की जानकारी भी ली गई। जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि वहां आने के लिए रास्ता नहीं है ।उन्होंने मांग किया कि मुख्य मार्ग सड़क से वार्ड नंबर 7 भगराशन के घर तक रास्ता बनवाया जाय। वार्ड नंबर 7 के धीरज कुमार साहनी द्वारा नल जल खराब रहने की शिकायत की गई जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा ठीक कराने का आश्वासन दिया गया। वहीं कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड नहीं बन रहा है और उन्हें राशन भी नहीं दिया जा रहा है। जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यहां शीघ्र कैंप लगाकर सभी प्रकार की सरकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभ दिलाया जाएगा। जिस पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस प्रकार अचानक जिला पदाधिकारी को अपने बीच पाकर ग्रामीण काफी प्रसन्न दिखे।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोज छापर का भी औचक निरीक्षण किया गया। जहां मात्र स्टाफ नर्स अर्चना कुमारी उपस्थित पाई गई। जिला पदाधिकारी द्वारा स्टाफ नर्स अर्चना कुमारी का अपने ड्रेस में नहीं होने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाइयां का निरीक्षण किया गया, वहां प्रत्येक दिन आने वाले मरीजों की रजिस्टर पंजी जांच की गई, वहां की साफ सफाई की व्यवस्था बहुत खराब पाए जाने पर जिला पदाधिकारी द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एम ओ आई सी को आवश्यक निर्देश दिए।

# कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रांची स्थित राजकीय पिछड़ी जाति +2 बालिका उच्च विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से किया संवाद

**● अब बेटियाँ बनेंगी डॉक्टर-इंजीनियर, सिर्फ शादी तक सीमित नहीं रहेगी सोच- चमरा लिंडा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**रांची, झारखंड-** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को राजधानी रांची के जेल मोड़ स्थित राजकीय पिछड़ी जाति +2 आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन, आवासीय सुविधा, पुस्तकालय, एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री लिंडा ने विद्यालय प्रबंधन समिति एवं छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें झारखंड सरकार की विभिन्न शैक्षणिक एवं कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी को अच्छे से पढ़ना है, डॉक्टर, इंजीनियर बनना है। अब वह सोच नहीं रहेगी कि लड़कियाँ बस शादी करके किसी और के घर चली जाएंगी। हर क्षेत्र में आज महिलाएँ पुरुषों के बराबर खड़ी हैं। इस मौके पर मंत्री ने विद्यालय परिसर में ही नवनिर्माणाधीन बालिका छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार छात्राओं की हर शैक्षणिक जरूरत जैसे कि किताबें, ड्रेस , हॉस्टल, स्कॉलरशिप और करियर गाइडेंस की पूर्ति के लिए कटिबद्ध है। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं का उद्देश्य है कि छात्राएँ बेहतर



प्रदर्शन करें और अपने घर-समाज और राज्य का नाम रौशन करें। राज्य सरकार शिक्षा के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्गों, विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। यह औचक निरीक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सरकार की योजनाओं के जमीनी प्रभाव का आकलन हो सके।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास संभव है। आने वाले समय में ऐसे विद्यालयों और छात्रावासों की संख्या एवं गुणवत्ता में और सुधार लाया जाएगा।

# इंटरनेशनल रामनवमी 2025 की सफलता पर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने दी बधाई

**● कहा आस्था, अनुशासन और एकता की मिसाल है हजारीबाग**

**स्वतंत्र प्रभात**



**हजारीबाग, झारखण्ड-** इंटरनेशनल रामनवमी 2025 के ऐतिहासिक और भव्य आयोजन को लेकर हजारीबाग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने समस्त राम भक्तों, आयोजन समिति, जिला प्रशासन और आम नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एक प्रेस वक्तव्य में मुन्ना सिंह ने कहा कि हजारीबाग की धरती ने एक बार फिर यह प्रमाणित कर दिया है कि यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का भी एक जीवंत केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आस्था, अनुशासन और एकता की मिसाल है, जहां हर वर्ग, हर समुदाय ने एक साथ मिलकर भक्ति, भाईचारे और व्यवस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव, जिला प्रशासन, पुलिस बल, नगर निगम, स्वयंसेवकों और समस्त आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और कुशल समन्वय के बिना यह आयोजन इस स्तर की सफलता प्राप्त नहीं कर सकता था। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकजुटता भी सशक्त होती है। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले वर्षों में हजारीबाग का यह आयोजन वैश्विक स्तर पर रामभक्ति और भारतीय संस्कृति के दूत के रूप में और अधिक प्रतिष्ठा अर्जित करेगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा से भारतीय संस्कृति, परंपरा और भाईचारे के मूल्यों की समर्थक रही है। इस आयोजन ने इन्हीं मूल्यों को नई ऊंचाई दी है।

## नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने की समीक्षा बैठक, मास्टर प्लान के अनुरूप विकास का दिया निर्देश



**रांची, झारखंड-** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने मंगलवार को नेपाल हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने राजधानी रांची समेत राज्य के सभी शहरों का विकास मास्टर प्लान के अनुरूप करने और शहर से सटे क्षेत्रों को भी योजना में शामिल करने का निर्देश दिया। मंत्री ने टीयर-1, 2 और 3 शहरों के सुनियोजित विकास पर जोर देते हुए पेयजल और सेप्टेज प्रबंधन योजनाओं में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने ऑन स्पॉट समाधान सुनिश्चित करने को कहा। प्रमुख निर्देशों में जलापूर्ति और सेप्टेज योजनाओं की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में भूमि समस्या के समाधान को लेकर मुख्य सचिव स्तर पर बैठक होगी। स्मार्ट सिटी तर्ज पर एरिया बेस्ड डेवलपमेंट मॉडल को बढ़ावा। ड्रोन सर्वे से होल्डिंग टैक्स संग्रह में सुधार। रांची के प्रवेश मार्गों का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण। निर्माणाधीन रविंद्र भवन का कार्य शीघ्र पूरा कर रविंद्र जयंती पर उद्घाटन। बैठक में प्रधान सचिव सुनील कुमार सहित SUDA, DMA, JUIDCO और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर पंचायत मनियर के अध्यक्ष पद चुनाव के लिए जिलाधिकारी बलिया ने दिया दिशा निर्देश



**बलिया (यूपी)** मनियर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर होने वाले चुनाव के संदर्भ में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा दिशा निर्देश दिया गया। राज्य निर्वाचन आयोग, उ.प्र. के अधिसूचना के क्रम में प्रवीण कुमार लक्षकार ने जनपद बलिया के मनियर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के सामान्य उप निर्वाचन समय सारिणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश निर्गत किया है।ब्लाक पत्रकार खुर्शीद आलम ने जानकारी देते हुए हमारे वरिष्ठ संवाददाता-सैयद सेराज अहमद को बताया कि नाम के लिए निर्देशन पत्रों की प्राप्ति की अवधि 10 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक (पूर्वाह्न 11बजे से अपराह्न 03 बजे तक) है। जबकि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का समय-16 अप्रैल 2025 बुधवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक)। अभ्यर्थन वापसी का दिनाँक व समय-19 अप्रैल 2025 (शनिवार) (पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक)। प्रतीक आवंटन का दिनाँक व समय-21 अप्रैल 2025 (सोमवार) (पूर्वाह्न 11.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक)। मतदान का दिनाँक व समय-02 मई, 2025 (शुक्रवार) (प्रातः 07.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक) तथा मतगणना का दिनाँक व समय-05 मई 2025 (सोमवार) (प्रातः 08.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक) सम्पन्न होगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोवांरी वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .09/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोवांरी में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39 .ठेला 40.अन्य वांछित समाग्री।

**राजपती**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रोवांरी**
**वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

**सर्वेश कुमार**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी ग्राम पंचायत रोवांरी**
**वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .09/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वीरपुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 12ः00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 3ः00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39 .ठेला 40.अन्य वांछित समाग्री।

**मोहब्बत**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत वीरपुर**
**वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

**सर्वेश कुमार**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारीग्राम पंचायत वीरपुर**
**वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भवानियापुर उपाध्याय वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .09/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भवानियापुर उपाध्याय में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 2ः00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 03ः00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**संजय कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत भवानियापुर उपाध्याय**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**मोहन कुमार मंगलम**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भवानियापुर उपाध्याय**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दुनिया पर राज करने का खतरनाक ईरादा

कई बार सत्ता की बटेर ऐसे निरंकुश विचारों वाले हिटलर सरीखे व्यक्ति के हाथों पहुंच जाती है जो अपने प्रभुत्व को कायम करने के लिए समूची मानवता समाज या व्यवस्था के लिए चुनौती बन जाता है रावण से लेकर कंस और हिटलर से लेकर किंमजोंग तक ऐसे अनेक क्रूर शासकों के नाम इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। इन दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप पर भी सत्ता का ऐसा ही खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है और उनकी नीतियां दुनिया के कई देशों के लिए असमंजस की स्थिति उत्पन्न कर रहीं हैं।

ताज़ा परिप्रेक्ष्य में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रैरिफ वॉर शुरू किया है, उसका असर अब दुनिया के बाजार में दिखने लगा है। दुनिया भर के बाजारों में उथल-पुथल मच गई है और जिस प्रकार कई देशों के शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है, उससे आर्थिक मंदी के आसार दिखने लगे हैं। पूरी दुनिया के साथ भारत के शेयर बाजार भी अछुता नहीं रहा है। सोमवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स पिछले बंद से करीब 4000 अंक नीचे रहा। हालांकि, बाजार बंद होने से पहले यह संभला और 2226 अंक नीचे गिरकर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी करीब 1100 अंकों का गोता लगाने के बाद 742 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ।

रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिकी टैरिफ वॉर के कारण खुद अमेरिकी बाजार का रुख नीचे की तरफ हो गया है। अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को करीब 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1,212.98 अंकों की भारी गिरावट दर्ज की गई, जो 3.17 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाती है और इसका स्तर 37,101.88 पर आ गया। वहीं, एसएंडपी 500 सूचकांक 181.37 अंक या 3.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,892.71 पर पहुंच गया। तकनीकी शेयरों पर आधारित नैस्डैक कंपोजिट भी इस दबाव से अछूता नहीं रहा और इसमें 623.23 अंकों यानी 4.00 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जिससे यह 14,964.56 पर आ गया। इससे पहले डाउ जोन्स, नेस्डैक और एसएंडपी 500 में औसतन करीब छह फीसद की गिरावट देखी गई। यह गिरावट सभी क्षेत्रों में जारी रही। उसका असर भारतीय शेयर बाजार में भी दिखा। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर यही रुख बना रहा, तो दुनिया में बहुत जल्दी मंदी का दौर शुरू हो जाएगा। दरअसल ट्रंप के ट्रैरिफ वॉर से वैश्विक व्यापार तनाव और आर्थिक मंदी की आशंकाओं से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। निवेशकों का विश्वास डगमगा गया है और इसी कारण शेयरों की बिकवाली के कारण निवेशकों के लाखों करोड़ों रुपये डूब गए। चूंकि बाजार में जोखिम से बचने की भावना बनी हुई है और इस यह धाराशायी हो रहा है। विशेषकर अमेरिका ने चीन के बीच जिस प्रकार से टैरिफ वॉर शुरू हुआ है, उससे पूरी दुनिया में अनिश्चितता का दौर शुरू कर दिया है। अमेरिका ने चीन के निर्यात को नुकसान पहुंचाने के लिए 54 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स लगाया तो चीन ने जवाब में अमेरिकी सामानों पर 34 प्रतिशत टैक्स बढ़ा दिया। चीन ने इसके साथ ही सात प्रकार के दुर्लभ खनिजों का निर्यात रोक दिया और अमेरिका व भारत से आने वाले मेडिकल एक्स-रे मशीनों की जांच शुरू कर दी। चीन ने 16 अमेरिकी कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगा दिए हैं। साफ है कि डोनाल्ड ट्रंप की एक जिद दुनिया पर कितनी भारी पड़ रही है, इसका सीधा असर देखकर भी अमेरिका के राष्ट्रपति आंखें मूंदे हुए हैं। उल्टे ट्रंप ने टैरिफ (शुल्क) को %दवा% बताया है और स्पष्ट किया है कि वह अपनी नीति से पीछे नहीं हटेंगे। उनके अनुसार कभी-कभी चीजों को ठीक करने के लिए कड़वी दवा लेनी पड़?ती है। उनके इस रवैये ने दुनिया भर के निवेशकों में डर भर दिया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ट्रंप प्रशासन के इस टैरिफ का असर अभी पूरी तरह से बाजार में वित्त वर्ष मूल्य में शामिल नहीं हुआ है। इसका मतलब यह है कि निवेशक अभी भी इस नीति की पूरी गंभीरता को नहीं समझ पाए हैं, और जब यह असर दिखने लगेगा तो बाजार में और गिरावट आ सकती है। विशेषज्ञों के मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की वजह से वैश्विक स्तर पर मंदी की आहट की शुरूआत हो सकता है। इसका कारण है कि टैरिफ से महंगाई बढ़ेगी, कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ेगा, और उपभोक्ताओं का विश्वास डगमगाएगा। महंगाई



बढ़ने का अर्थ है कि लोग अपने जरूरी खर्चों में भी हाथ पीछे खींचना शुरू कर देंगे। इस तरह बाजार में पूंजी का प्रवाह रुकेगा। इसका सबसे बुरा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका को मौजूदा नीतियां बनी रहीं, तो यह पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल सकती हैं। भारत को भले ही सीधे तौर पर उतना नुकसान न हो, लेकिन वैश्विक मंदी का असर यहां भी जरूर दिखेगा। उदाहरण के तौर पर ट्रंप द्वारा भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद गोल्डमैन सैक्स ने भारत की विकास दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत से घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। दरअसल भारत का शेयर बाजार सीधे तौर पर अमेरिका से लिंक है। वहां की गिरावट यहां के सबसे बड़े सेक्टर यानी आईटी सेक्टर को धराशायी कर देता है। इसका असर पिछले कुछ दिनों में साफतौर पर देखने को मिला है। देखा जाए तो ट्रंप को तो सिर्फ अमेरिका की चिंता है, भले ही उनकी यह चिंता अब अमेरिका के लिए ही चिंता का विषय बन गई है। तमाम अमेरिकी विशेषज्ञ साफ कह चुके हैं कि ट्रंप के टैरिफ का अमेरिका पर भी काफी बुरा असर पड़ेगा। तात्कालिक प्रभाव से शेयर बाजार ने 6 लाख करोड़ डॉलर तो गंवा ही दिए हैं, जो अमेरिका की अर्थव्यवस्था का करीब 20 फीसदी है। भारत में भी 20 लाख करोड़ से ज्यादा की गिरावट सिर्फ टैरिफ के ऐलान के बाद से आ चुकी है। वैश्विक शेयर बाजार में इतनी बड़ी गिरावट कोरोना के बाद पहली बार देखी गई है। वैसे ही दुनिया अभी मंदी की मार से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई थी कि ट्रंप प्रशासन की शुल्क नीति ने एक नया चक्रव्यूह रच दिया। कोरोना के बाद सारी अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष करती नजर आ रही हैं। उसकी चपेट में अमेरिका भी रहा है। अब भी यहां महंगाई पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अगर संस्थागत निवेशकों ने अपना हाथ पीछे खींचना शुरू कर दिया, तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था और लड़खड़ाने लगेगी। अभी अमेरिका को लगता है कि वह पारस्परिक शुल्क के जरिए अपनी पूंजी में बढ़ोतरी और अर्थव्यवस्था में मजबूती ला सकेगा, मगर हकीकत यही है कि इसका सबसे बुरा प्रभाव खुद उसी पर पड़ेगा। इसीलिए वहां शुरू से इस नीति का विरोध हो रहा है। आधुनिक अर्थव्यवस्थाएं तन्हा नहीं रह गई हैं, उनमें परस्पर जुड़ाव है। वे अपने लाभ के लिए नए समीकरण और संगठन बनाती रहती हैं। ऐसे में कहीं अमेरिका अलग-थलग न पड़ता जाए। हालांकि यह अमेरिका को फिर से %ग्रेट% बनाने के ट्रंप के दुस्साहसी कदम का परिणाम है। मगर इससे ट्रंप अपने घोषित मकसद में कामयाब होंगे, इसकी संभावना भी नहीं दिखती। आखिर अर्थशास्त्र का आम सिद्धांत है कि सुगम व्यापार से सबको लाभ होता है, जबकि ट्रंप ने उलटी राह पकड़ी है। ऐसे में अच्छा तो

यही होगा कि ट्रैरिफ वार को लेकर फिर से विचार करें लेकिन इस की उम्मीद करना महज मन समझाने जैसा है। लेकिन दुनिया की कोई भी ऐसी व्यवस्था लंबे समय तक अस्तित्व में नहीं रही है इतिहास इसका गवाह है। अमेरिका के राष्ट्रपति की अनीति भी अधिक समय तक चलने वाली नहीं है और इसका भी पटाक्षेप अवश्य होगा हालांकि फौरी तौर पर इसके दुष्परिणामों से निपटना मजबूरी है लेकिन इस अंधेरे से ही उम्मीद के नए सूरज का उदगम होना तय है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# आखिर क्या काट है 'ट्रम्पोसिन' की?

आपने नाम सुना होगा 'एनासिन' का ! ये एक एक दर्द निवारक दवा है। लेकिन 'ट्रम्पोसिन 'एक ऐसी दवा है जिससे पूरी दुनिया का सिरदर्द इन दिनों बढ़ा हुआ है। पूरी दुनिया ट्रम्पोसिन के साइड इफेक्ट्स से बचने की जुगत में लगी हुई है। क्या रूस, क्या चीन ,क्या भारत सबके सब ट्रम्पोसिन से घबड़ाये हुए हैं। अब आप समझ गए होंगे कि आखिर ये ट्रम्पोसिन क्या बला है? नहीं समझे ! तो जान लीजिये कि ये ट्रम्पोसिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नयी टैरिफ नीति है ,जिसकी वजह से दुनिया के तमाम शेयर बाजार औंधे मुंह पड़े हुए हैं।

अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड सर ने दुनिया के साथ टैरिफ युद्ध छेड़ दिया। ये तृतीय विश्व युद्ध का नया रूप है। डोनाल्ड सर ने ये टैरिफ वार क्यों शुरू किया,ये या तो ट्रम्प साहब जानते हैं या उनका भगवान। ट्रम्प साहब के टैरिफ वार के निशाने पर सबसे ऊपर चीन है। मंगलवार को व्हाइट हाउस ने चीन पर कुल 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की पुष्टि की, जो आज 9 अप्रैल से लागू होगा।

आपको बता दें कि महामहिम डोनाल्ड ट्रम्प साहब ने सोमवार को कहा था कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34 प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लिया तो उसे मार्च में लगाए 20 प्रतिशत और 2 अप्रैल को लगाए गए 34 प्रतिशत टैरिफ के साथ बुधवार से 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।हिन्‌ ने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ टैक्स के बदले में अमेरिका पर टैरिफ टैक्स बढ़कर 34 प्रतिशत कर दिया था

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ टैक्स को लेकर शुरू हुई तकरार थमने के बजाय लगातार बढ़ रही है। चीन ने कहा था कि हम ट्रेड वॉर के लिए तैयार हैं। चीन ने कहा था कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है। इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।अमेरिका के टैरिफ वार के खिलाफ जितना मुखर चीन है उतना मुखर और कोई देश नहीं है। भारत तो बिलकुल नहीं है। चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था- 'अगर ट्रेड वॉर हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है- और इससे और मजबूत होकर निकलेगा।' चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने रविवार को एक टिप्पणी में लिखा- 'अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन 'आसमान नहीं गिरेगा।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 60 देशों पर टैरिफ लगा दिया है।

अमेरिका चीन पर टैरिफ थोपने से पहले शायद ये भूल गया किअमेरिका के करीब 760 अरब डॉलर के सरकारी बॉन्ड हैं। मतलब ये कि चीन के पास अमेरिकी इकोनॉमी को प्रभावित करने की बड़ी ताकत है। वहीं, चीन ने अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। चीन ने 1.9 लाख करोड़ डॉलर का अतिरिक्त लोन इंडस्ट्रियल सेक्टर को दिया है। इससे यहां फैक्ट्रियों का निर्माण और अपग्रेडेशन तेज हुआ। हुआवेई ने शंघाई में 35,000 इंजीनियरों के लिए एक रिसर्च सेंटर खोला है, जो गूगल के कैलिफोर्निया हेडक्वार्टर से 10 गुना बड़ा है। इससे टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कैपेसिटी तेज होगी।

महामिहम डोनाल्ड ट्रम्प के ट्रम्पॉसिन का असर भारत पर भी आज से पड़ने लगेगा। ट्रम्प के फैसले के मुताबिक, 9 अप्रैल यानी आज से भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगना शुरू हो जाएगा। इससे अमेरिका को भेजे जाने वाले टेक्सटाइल प्रोडक्ट पर भी 26 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। इसे देखते हुए अमेरिका के खरीदारों ने पानीपत के एक्सपोर्टर्स को दिया ऑर्डर रोक दिया है। ट्रम्प प्रशासन अपनी हठधर्मी पर आमादा है। व्हाइट हाउस ने उन सभी खबरों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि ट्रम्प चीन को छोड़कर सभी देशों पर 90 दिनों तक रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने पर विचार कर रहे हैं।

ट्रम्प प्रशासन ने दुनिया के तमाम गरीब देशों को भी नहीं छोड़ा है। अमेरिका ने कम्बोडिया पर सबसे ज्यादा 49 प्रतिशत, वियतनाम पर 46और श्रीलंका पर 44 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर 37 और थायलॅण्ड पर 36 फीसदी टैरिफ थोपा गया है। योरोपीय यूनियन पर सबसे कम 20 फीसदी टैरिफ लगाया गया है।

अमेरिका के इस टैरिफ वार का असर खुद अमेरिका पर भी पड़ रहा है।अमेरिकी शेयर बाजार में मंगलवार को फिर से बड़ी गिरावट देखने को मिली। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.6 फीसदी गिरा, जबकि पहले 4.1 फीसदी की बढ़त बाने के बाद यह एक अच्छे दिन की ओर बढ़ रहा था। इस गिरावट के बाद यह इंडेक्स फरवरी में बनाए गए अपने रिकॉर्ड से करीब 10 फीसदी नीचे चला गया। भारत के सेंसेक्स में 19 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा



का नुकसान हो चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसमें और इजाफा हो सकता है। भारत सरकार ने चीन की तरह अमेरिका के इस टैरिफ वार को लेकर चुप्पी साध रखी है। न संसद को कुछ बताया है और न सड़क को। हालाँकि ट्रम्पोसिन का असर दिखाई देने लगा है। दो दिन पहले ही भारत में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपया प्रति लीटर के साथ ही रसोई गैस के दामों में 50 रूपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया गया है।

चीन जहाँ एक और अमेरिका से टैरिफ वॉर के मुद्दे पर लगातार जड्ड ले रहा है वहीं दूसरी और भारत हिन्दू-मुस्लिम में हैउलझा है। देश में ताइर्फ वॉर पर कहीं कोई विमर्श नहीं हो रह। कांग्रेस तक इस मुद्दे पार मौन है। उसे भी वक्फ बोर्ड संषोधन क़ानून से फुरसत नहीं मिली है। कनग्रेस गुजरात में बैठकर चुनावों की तैयारी कर रही है जबकि जरूरत थी टैरिफ के मुद्दे पर सरकार को जगाने के लिए आंदोलन करने की। आने वाले द्दिन दुनिया के दूसरे देशों कि तरह भारत पर क्या कहर वरपा सकते हैं कहना कठिन है। लेकिन आप सावधान रहिये। सतर्कता में ही भलाई है।

**राकेश अचल**

# निजी स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों का शोषण

आज के समय में शिक्षा को ज्ञान का माध्यम कम और व्यवसाय का जरिया अधिक समझा जाने लगा है। निजी स्कूल, जो कभी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक माने जाते थे, अब अभिभावकों की जेब पर बोझ बनते जा रहे हैं। कापी-किताबों की आड़ में इन स्कूलों द्वारा की जा रही लूट किसी डकैती से कम नहीं है। यह एक ऐसा मुद्दा है जो न केवल शिक्षा व्यवस्था की साख पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज के मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए गम्भीर संकट पैदा कर रहा है।

हर साल नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों की ओर से किताबों, कॉपियों और स्टेशनरी की लम्बी फेहरिस्त अभिभावकों के सामने पेश कर दी जाती है। ये सामग्रियां न केवल महंगी होती हैं, बल्कि इन्हें खरीदने के लिए अभिभावकों को स्कूल द्वारा निर्धारित दुकानों या प्रकाशकों तक सीमित कर दिया जाता है। बाजार में उपलब्ध सस्ते और समान गुणवत्ता वाले विकल्पों को दरकिनार कर स्कूल प्रबंधन अपनी मर्जी थोपता है। यह स्पष्ट है कि इसके पीछे कमीशन और मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है। क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है कि बच्चों के भविष्य के नाम पर उनके माता-पिता को आर्थिक रूप से कमजोर किया जाए?

यह शोषण यहीं तक सीमित नहीं है। हर साल पाठ्यक्रम में मामूली बदलाव कर नई किताबें खरीदने की बाध्यता थोपी जाती है, भले ही पुरानी किताबें उपयोगी हों। इसके अलावा, स्कूलों द्वारा आयोजित गतिविधियों, वर्कशॉप और अन्य शुल्कों के नाम पर भी अभिभावकों से अतिरिक्त वसूली की जाती है। एक तरफ सरकार शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने की बात करती है, वहीं निजी स्कूलों की यह मनमानी उस सपने (सरकार की मंशा) को चकनाचूर कर रही है।

यह विडम्बना है कि शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में भी बाजारवाद पूरी तरह से हावी हो गया है। सरकार स्कूलों में अच्छी शिक्षा मिल नहीं पा




रही है, इस लिये अभिभावक मजबूरी में चुप रहते हैं, क्योंकि वे अपने बच्चों के भविष्य से समझौता नहीं करना चाहते। लेकिन सवाल यह है कि आखिर यह सिलसिला कब तक चलेगा?

सरकार को चाहिए कि वह निजी स्कूलों पर सख्त नियामक नीतियां लागू करे। किताबों और स्टेशनरी की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और अभिभावकों को सस्ते विकल्प चुनने की आजादी दी जाए। साथ ही, स्कूल प्रबंधन और प्रकाशकों के बीच सांठगांठ की जांच के लिए एक स्वतंत्र तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए। "शिक्षा का मकसद ज्ञान बांटना है, न कि अभिभावकों की मेहनत की कमाई को लूटना। निजी स्कूलों को यह समझना होगा कि उनकी जिम्मेदारी केवल मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जवाबदेही भी है। जब तक इस लूट पर लगाम नहीं लगेगी, तब तक शिक्षा का असली उद्देश्य अधूरा ही रहेगा।"

# संपादकीय

## (जीवन-मीमांसा)आधुनिकता की मरीचिका मे जीवन शैली, लोभ असीमित

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंद्य विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।




भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में %अतिथि देवो भव% और %वसुधैव कुटुंबकम% वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना, आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं। पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी की एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतर जाति विवाह पाश्चात्य सभ्यता के कारण बहुत बढ़ गए हैं। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है, जो विश्व की सभ्यताओं में आज मौजूद है,जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

## विश्व टैरिफ युद्ध- क्या हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं?



ट्रंप के सत्ता में आने के बाद विश्व टैरिफ युद्ध शुरू हो चुका है। इस टैरिफ युद्ध ने भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों को हिलाकर रख दिया है। खुद अमेरिका इससे अछूता नहीं है। मंदी और बेरोजगारी पसर रही है और ट्रंप की सनक के खिलाफ बड़े बड़े प्रदर्शन शुरू हो चुके हैं। ट्रंप ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में भारी उथल-पुथल को दवा का असर करार दिया है और अमेरिकी जनता को आश्वासन देने की कोशिश की है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।

यह व्यापार युद्ध क्या रंग लाएगा, यह तो समय बतायेगा, लेकिन अमेरिका सहित कोई भी देश अपनी विकास दर को बनाए रखने की स्थिति में नहीं है। इसका अर्थ है कि वैश्विक विकास दर गिरेगी, महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी- जो आज मानवता की मूल समस्या है, बढ़ेगी। पूंजीवाद का चरित्र यही होता है कि वह मानवता को संकट में डालकर मुनाफा बटोरता है। साम्राज्यवाद, जो पूंजीवाद का चरम रूप है, आज अपने सबसे नंगे और वीभत्स रूप में सामने खड़ा है।

ट्रंप का विश्व टैरिफ युद्ध दुनिया के बाजारों का फिर से बंटवारा करने का युद्ध है। बाजारों को बांटने के लिए पूंजीवाद इसके पहले दो विश्व युद्धों को जन्म दे चुका है। हिटलर ने बाजारों के बंटवारे और अपने पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए द्वितीय विश्व युद्ध छेड़ा था। बाजार का बंटवारा हुआ, एक-तिहाई दुनिया पूंजीवाद के शिकंजे से मुक्त हो गई और हिटलर का भी पतन हो गया। आज ट्रंप हिटलर की उसी भूमिका में सामने आ रहे हैं। शायद इतिहास अपने आपको फिर से दुहरा दें और हिटलर की तरह ही ट्रंप का भी पतन हो जाएं। मानव सभ्यता हमेशा आगे बढ़ना चाहती है, पीछे नहीं और जो इसे पीछे ले जाने की कोशिश करता है, देर-सबेर इतिहास ने उसकी नियति तय कर रखी है। मोदी और ट्रंप की इतिहास-गति शायद एक ही हो!

डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को अमेरिका की मुक्ति का दिन घोषित किया है। इसी दिन ट्रंप ने पूरी दुनिया के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़ा है। ट्रंप अकेले ही विश्व विजेता बनने के लिए निकल पड़े हैं, हिटलर की तरह किसी सहयोगी की उन्हें जरूरत नहीं है। चीन ने ट्रंप के इस कदम का करारा जवाब दिया है अमेरिकी उत्पादों के आयतों पर 34त्न कर लगाकर। इस युद्ध के पांचवें दिन ट्रंप ने कहा है कि जब तक चीन, यूरोपीय संघ और अन्य देशों के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा समाप्त नहीं हो जाता, तब तक वह टैरिफ वापस नहीं लेंगे। ट्रंप के अनुसार, इसका अर्थ है कि अमेरिका के व्यापार घाटे के लिए पूरी दुनिया जिम्मेदार है और इसलिए व्यापार घाटे से अमेरिका को उबारने के लिए पूरी दुनिया को अमेरिका के लिए अपना बाजार खोलना होगा, भले ही उनको अमेरिकी उत्पादों की जरूरत हो या न हो, भले ही उनके देश के किसानों, मजदूरों और कृषि व उद्योगों का दिवाला निकल जाएं। इस प्रकार यह टैरिफ युद्ध अब तक अमेरिका के साथ खड़े दूसरे पूंजीवादी देशों के खिलाफ भी है। यह उन पूंजीवादी बुनियादी आधारभूत मूल्यों के भी खिलाफ है, जिसे विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन के जरिए वैश्वीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तय किया गया था।

वस्तुतः 2 अप्रैल को ट्रंप ने एक ऐसी पाशविक भावना को मुक्त किया है, जो अब तक के बनाए तमाम पूंजीवादी नियमों और बंधनों को तोड़कर केवल अमेरिकी प्रभुत्व और नियंत्रण की इच्छा से संचालित होता है। यह प्रभुत्व और नियंत्रण की इच्छा न्याय की किसी भी भावना और अवधारणा को कुचलकर आगे बढ़ना चाहती है। वह सहयोग की हर संभावना को नकारती है और टकराव के हर रूप को बढ़ावा देती है। इस अर्थ में ट्रंप के साम्राज्यवाद के हिटलर के फासीवाद में बदलने की पूरी संभावना मौजूद है। इस व्यापार युद्ध के सैन्य युद्ध में बदलने के खतरे छिपे हुए हैं, क्योंकि ट्रंप का टैरिफ वार विशुद्ध रूप से अमेरिका की सैन्य शक्ति पर ही टिका है।

यह व्यापार युद्ध दुनिया की वैचारिकी में अमेरिकी दादागिरी को स्थापित करने, उसे मान्यता देने का भी युद्ध है। इसीलिए दुनिया को यह कहना पड़ेगा कि अमेरिका के व्यापार घाटे को पूरा करने, उसे खत्म करने का ठेका उन्होंने ले नहीं रखा है। ट्रंप का संरक्षणवाद दुनिया की अर्थव्यवस्था की तबाही की कीमत पर नहीं चल सकता। ट्रंप के खिलाफ अमेरिका की जनता खड़ी हो रही है। अमेरिका की जनता के साथ भारत और पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता को खड़े होना आज वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी ट्रंप की नहीं, केवल और केवल विश्व-जनगण की है। इस महती काम में मोदी सरकार की या दक्षिणपंथी सरकारों और ताकतों से किसी भी प्रकार के मदद की आशा नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि वे तो ट्रंप की स्वाभाविक सहयोगी ही हैं।

**आलेख- संजय पराते**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सलेमपुर, देवरिया।** विकास खण्ड सभागार में ग्राम प्रधानों,सचिवो एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण पश्चात ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायत में सतत विकास के नौ लक्ष्यों पर काम करके अपने ग्राम पंचायत को विकास की ओर अग्रसर कर सकेंगे। डीपीआरसी कुशीनगर के प्रबंधक बृजेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए कार्यों को मापने के लिए ग्राम पंचायत विकास सूचकांक सरकार का एक माध्यम है जिसके माध्यम से सरकार ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की समीक्षा भी कर सकती है और ग्राम पंचायत को उन्हें कार्यों के आधार पर पुरस्कृत भी करती है। प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने सतत विकास के नौ लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें अपने द्वारा ली गई थिमो पर अगर बेहतर तरीके से काम करें तो वह अपने गांव को एक विकसित तथा आदर्श ग्राम पंचायत बना सकेंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कृष्ण मुरारी पाण्डेय, आशिक खान, नन्दलाल चौहान, मनीष यादव, राजू पाण्डेय, अमरनाथ मिश्र, पंकज यादव, रामप्यारे यादव आदि उपस्थित रहे।

### पेयजल योजना का निरीक्षण

**चित्रकूट :** अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार भारती ने जल जीवन मिशन की महत्वपूर्ण परियोजना रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत ग्राम सरैया में निर्माणाधीन ओएचटी सहित ग्राम पंचायत हेला, ग्राम पंचायत कल्याणपुर के लक्ष्मणपुर आदि का भौतिक निरीक्षण कर ग्रामीणों से नियमित जलापूर्ति का फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार सभी ग्रामों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जलापूर्ति का ऑपरेटिंग सिस्टम नियमानुसार दुरुस्त किया जाए तथा ग्रामों में लोगों को पेयजल सरंक्षण के प्रति जागरूक करें। इस मौके पर जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर एस मौर्य, सीनियर इंजीनियर रवि द्विवेदी, अवर अभियंता नित्यानंद आदि मौजूद रहे।

### किसान समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**चित्रकूट ब्यूरो :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तत्वाधान में बुधवार को ब्लॉक परिसर कर्वी सभागार में मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही इस सम्बन्ध में ज्ञापन भी सौंपा गया। ब्लाक अध्यक्ष नरेश सिंह व सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों ने अन्ना गौवंशों को गौशालाओं पर संरक्षित करने, ग्राम संग्रामपुर में खराब पड़े सरकारी हैण्डपंपो व समरसेबुलों को बनवाने, गांव में नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत कार्यालय बनाकर किसानों का शोषण करने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद इन समस्याओं के समाधान के लिए एडीओ कोऑपरेटिव नीरज सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर किसान छेदीलाल सिंह, विजय त्रिपाठी, रामेश्वर सिंह, संत गोपाल भारतीय, कमलेश सिंह, श्रीकेशन राजपूत, राममिलन प्रजापति, अवधबिहारी सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुद्धी के प्रधान को अज्ञात व्यक्ति ने दी जान से मारने की धमकी, परिवार दहशत में



**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के दुद्धी क्षेत्र स्थित गुलालझरिया ग्राम पंचायत के प्रधान त्रिभुवन यादव को मंगलवार रात एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने रात लगभग 9ः06 बजे से 10ः30 बजे के बीच प्रधान के मोबाइल नंबर पर बीस से अधिक बार कॉल किया।कॉल करने वाले ने न केवल प्रधान को धमकाया, बल्कि उनकी मां, बहन और बेटियों के खिलाफ भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। आरोपी ने प्रधान को घर से उठाने और जान से मार देने की धमकी दी।प्रधान त्रिभुवन यादव ने बताया कि आरोपी ने फोन पर कहा, ÷तुझे चीरकर फेंक दूंगा, जहां मिलोगे खत्म कर दूंगा।÷ प्रधान के पास इस पूरी बातचीत की कुछ कॉल रिकॉर्डिंग भी मौजूद हैं। धमकी भरे फोन के बाद से प्रधान का पूरा परिवार दहशत में है।प्रधान ने कोतवाली दुद्धी में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से आरोपी की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार भी लगाई है।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है और इस घटना के पीछे किसी संभावित साजिश की भी जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनांतर्ग 10 लाख

**● नई सूक्ष्म इकाईयों के स्थापना का मिला लक्ष्य**

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 9 अप्रैल।** उपायुक्त उद्योग सतीश कुमार ने बताया कि जनपद में अधिकतम रोजगार सृजन के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत 10 वर्षों में जनपद में 10 लाख नई सूक्ष्म इकाइयाँ स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

जनपद में योजना का लाभ उठाने की पात्रता एवं शर्तें हैं कि आवेदक जनपद का निवासी होना चाहिए तथा आयु 21 से 40 वर्ष के बीच हो। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण निर्धारित है, जबकि इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष योग्यता रखने वाले आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। साथ ही, जिन आवेदकों ने सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, या उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल संबंधित प्रमाण पत्र, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त की हो, उन्हें भी वरीयता प्रदान की जाएगी। पूर्व में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को छोड़कर राज्य अथवा केंद्र सरकार की किसी अन्य योजना में ब्याज या पूंजी अनुदान प्राप्त न करने वाले तथा आकांक्षात्मक विकास खंड के अभ्यर्थियों को भी विशेष वरीयता दी जाएगी।

योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं पर अधिकतम 5 लाख तक का ऋण, परियोजना स्वीकृति की तिथि से अगले 4 वर्षों तक शत-प्रतिशत ब्याज उपादान के साथ प्रदान किया जाएगा। परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्म लोन के रूप में अनिवार्य होगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु मनीष वर्मा, मो. 9415657771 जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, देवरिया से संपर्क किया जा सकता है।




**एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**सलेमपुर, देवरिया।** विकास खण्ड सभागार में ग्राम प्रधानों,सचिवो एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण पश्चात ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायत में सतत विकास के नौ लक्ष्यों पर काम करके अपने ग्राम पंचायत को विकास की ओर अग्रसर कर सकेंगे। डीपीआरसी कुशीनगर के प्रबंधक बृजेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए कार्यों को मापने के लिए ग्राम पंचायत विकास सूचकांक सरकार का एक माध्यम है जिसके माध्यम से सरकार ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की समीक्षा भी कर सकती है और ग्राम पंचायत को उन्हें कार्यों के आधार पर पुरस्कृत भी करती है। प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने सतत विकास के नौ लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें अपने द्वारा ली गई थिमो पर अगर बेहतर तरीके से काम करें तो वह अपने गांव को एक विकसित तथा आदर्श ग्राम पंचायत बना सकेंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कृष्ण मुरारी पाण्डेय, आशिक खान,नन्दलाल चौहान, मनीष यादव, राजू पाण्डेय,अमरनाथ मिश्र, पंकज यादव, रामप्यारे यादव आदि उपस्थित रहे।

## समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है भाजपा- आनंद शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात



**मनिकपुर, चित्रकूट :** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को मानिकपुर विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। तीन सत्रों में आयोजित इस सम्मेलन में भाजपा पदाधिकारियों ने सक्रिय सदस्यों को सम्बोधित किया। सम्मेलन के प्रथम सत्र में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की शुरुआत प्राथमिक सदस्यता अभियान से हुई। इस अभियान में सक्रिय सदस्य बनाते हुए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा में सभी वर्गों को समाहित कर संगठन संरचना का कार्य करते हुए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है तथा आगे भी ऐसा ही होगा। कहा कि भाजपा ने 11 वर्षों में पार्टी संगठन को निचले स्तर से लेकर शीर्ष तक लगातार मजबूत किया है। भाजपा अकेली ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है, जिसे विचारधारा और पालिटिक्स के आधार पर अलग से पहचाना जाता है।

द्वितीय सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष बांदा सुनील पटेल ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक समृद्ध, सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है। आजादी के बाद से कौंग्रेस सरकार के चाल, चरित्र और तुष्टिकरण को समाप्त करने के लिए भाजपा का उदय हुआ। तीसरे व अंतिम सत्र में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जनपद चित्रकूट के प्रभारी अनिल यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की विकसित भारत की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि 2014 के बाद भारत ने विश्व में जो अपनी पहचान बनाई है, उसे इतिहास में अनेकों वर्षो तक याद किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जो भाई-भतीजावाद व परिवारवाद से विरक्त राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर चलने वाली पार्टी है। पार्टी का संगठनात्मक चुनाव पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है और सभी वर्गों को समान भागीदारी मिलती है। पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में भारत देश लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। आज दुनिया में भारत का नाम हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राघवेन्द्र सिंह ने किया।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा मऊ, रामनगर गंगाधर मिश्रा, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, अभियान के संयोजक आनन्द पटेल, भाजपा नेता बद्री प्रसाद त्रिपाठी, विकास मिश्रा, मनोज तिवारी, दिव्या त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, हीरो मिश्रा, महेश पांडेय, पुरुषोत्तम अग्रहरि, पुष्पराज सिंह, कैलाश मिश्रा, अजय मिश्रा, राजाराम पाल, मुन्नालाल प्रजापति, ममता तिवारी, मोहनदास मिश्रा, राकेश कोल, द्रोणाचार्य द्विवेदी, प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बाल सभा का आयोजन कर बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** बाल मित्र ग्राम पंचायत पियारिया माफी, ग्राम पंचायत मदना, लोढ़वारा व चकौंध में बुधवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए दायित्वों के बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत पियरिया माफी में आयोजित बाल सभा में यूनिसेफ के मंडलीय सलाहकार राजेश सैनी, पंचायत सहायक एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी, रामचंद्र, कमलेश रैकवार सहित प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान, सचिव व वार्ड मेंबरों ने बच्चों को उनके अधिकार एवं दायित्व के बारे में बताया। इस दौरान बाल सभा में नए बच्चों को शामिल करते हुए उन्हें पद सौंपा गया। जिसमें आशीष कुमार को अध्यक्ष, प्रीती देवी को उपाध्यक्ष, रज्जू को शिक्षा मंत्री, रक्षा को शिक्षा उपमंत्री, सुन्दरलाल को स्वास्थ्य मंत्री, प्रिया को स्वास्थ्य उपमंत्री, अनिल को पोषण मंत्री, रेशमा को पोषण उपमंत्री, कल्लू को खेलकूद मंत्री, मुस्कान को खेलकूद उपमंत्री, शुभम को सुरक्षा मंत्री, शिवानी को सुरक्षा उपमंत्री, शिवम को सम्पर्क मंत्री, खुशबू को सम्पर्क उपमंत्री, वेद को योजना मंत्री व प्रियंका को योजना उपमंत्री बनाया गया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत लोढ़ावारा व चकौंध में आयोजित बाल सभा में जेंडर विशेषज्ञ मीनू सिंह व प्रिया माथुर ने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर शिक्षा के लिए नियमित विद्यालय आने के लिए प्ररित किया। इसके अलावा बाल मित्र ग्राम पंचायत मदना के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित बाल सभा में बाल पदाधिकारियों ने बताया कि बाल सभा के प्रयासों से ग्राम प्रधान द्वारा लगभग 100 मीटर सड़क बनवाई गई। लोगों ने अपने जानवर रास्तों में बांधना बंद कर दिया व बच्चों के खेलने के मैदान के लिए प्रस्ताव भी विभाग में दिया जा चुका है, लेकिन अभी लेखापाल द्वारा जगह आवंटित नहीं की गई है। बाल पदाधिकारियों ने बताया कि स्कूल के पीछे खेत में गोबर फेंके जाने से दुर्गंध आती है एवं स्कूल के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन बिजली की तार बांस के पेड़ से छूती है, जिसमें बिजली का करेंट उतरने का डर रहता है। इस पर ग्राम प्रधान ने बताया कि इस सम्बन्ध में अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## एआरटीओ ने अभियान चलाकर 15 ई-रिक्शे किए सीज, 50 का किया चालान

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर शहर में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा और ऑटो के खिलाफ परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई जारी है। बुधवार को शहर के प्रमुख मार्ग प्रयागराज रोड, पुरानी बाजार, सदर बाजार, बेड़ी पुलिया, शंकर बाजार, धनुष चैराहे पर सघन जांच करते हुए बिना लाइसेंस, बिना चेसिस नं और बिना फिटनेस वाले एक सैकड़ा ई-रिक्शा एवं ऑटो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेश पर अनाधिकृत और अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुधारना है। साथ ही जनता को सुरक्षित परिवहन मिल सके और कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए लगातार जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे 50 ऑटो ई-रिक्शा के चालान किए और 15 ई-रिक्शा को सीज किया गया। बताया कि नाबालिग चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी और बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा चालक के संचालन को रोका जाएगा। कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अवैध रूप से संचालित वाहनों के कारण उत्पन्न होने वाली यातायात संबंधी समस्याओं और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है।

पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें और एक जिम्मेदार नागारिक की भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। बताया कि जिले में लगातार चेकिंग अभियान के माध्यम से कार्यवाही जारी रहेगी।

### सोनभद्र तहसील में आग लगने से अभिलेख जले, मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**-जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र ने आज जानकारी दी कि 09 अप्रैल, 2025 को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार, जनपद सोनभद्र की तहसील राबर्ट्सगंज में आग लगने की घटना सामने आई है, जिसमें महत्वपूर्ण अभिलेख जल गए हैं। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए, जिला मजिस्ट्रेट ने आग लगने के पूरे घटनाक्रम और इससे हुए नुकसान की मजिस्ट्रियल जांच कराने का निर्णय लिया है।उन्होंने बताया कि इस मजिस्ट्रियल जांच के लिए सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सोनभद्र को मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी नामित किया गया है।जिला मजिस्ट्रेट ने नामित जांच अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे घटना के कारणों और आग लगने से हुए नुकसान की तथ्यात्मक और स्पष्ट साक्ष्यों पर आधारित जांच रिपोर्ट अधिकतम एक पक्ष (पंद्रह दिन) के भीतर उपलब्ध कराएं। इस जांच के माध्यम से आग लगने के सही कारणों और क्षति का आकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

## विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर एसडीओ का गैर जिम्मेदाराना रवैया समस्याओं का नहीं करते समाधान उपभोक्ताओं से करते हैं उल्टी सीधी बातें

**● विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर में कई बड़ी-बड़ी समस्याएं फिर भी नहीं हो रहा अभी तक समाधान।**

स्वतंत्र प्रभात




**गोंडा।** खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र एसडीओ पंकज राठौर के गैर जिम्मेदाराना रवैया से विद्युत उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ रही भारी समस्याएं। गोंडा जिले के खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र पर नियुक्त एसडीओ पंकज राठौर द्वारा क्षेत्र में उपभोक्ताओं से करते हैं उल्टी सीधी बातें कंप्लेंट करने पर भी नहीं होती समस्या का समाधान क्या प्रदेश सरकार की सख्त शासन व्यवस्था के बावजूद एसडीओ पंकज सिंह राठौड़ करेंगे खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र पर मनमानी या फिर विद्युत उपभोक्ताओं के समस्याओं का निभा पायेंगे अपनी जिम्मेदारी आखिर अपनी जिम्मेदारियां से अलग क्यों कर रहे एसडीओ पंकज सिंह राठौड़ कार्य क्या उपभोक्ताओं से उल्टी सीधी बातें करना ही बन गया है कार्य। विद्युत उपकेंद्र पर एसडीओ का कार्य होता है कि विद्युत वितरण प्रणाली में किसी भी समस्या या आपातकाल के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया देना।समस्या का कारण पता लगाना और उसे ठीक करने के लिए आवश्यक कदम उठाना। जबकि इसके विपरीत पंकज सिंह राठौड़ करते हैं समस्या का समाधान अगर कोई भी उपभोक्ता आपातकाल स्थिति में उनसे बात भी करता है तो करते हैं उल्टी सीधी बात दिखाते हैं अपना रौब क्या यही सरकार की गाइडलाइन है क्या इसी आधार पर करेंगे एसडीओ पंकज सिंह राठौड़ उपभोक्ताओं के साथ बात या फिर करेंगे समस्याओं का समाधान। विद्युत उपकेंद्र के ग्राम पंचायत देवरिया कला में विद्युत लाइन फाल्ट होने की शिकायत की गई जिस पर उनके द्वारा अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन न करते हुए उल्टी सीधी बातें करते हुए बात को हटा दिया गया। वही जब भी संबंध में जिलाधिकारी नेहा शर्मा से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि विद्युत उपभोक्ताओं के साथ उल्टी सीधी बातें करना गलत है जो भी समस्या है उसका समाधान कराया जाएगा तथा संबंधित को निर्देशित किया जा रहा है।

**विद्युत उपकेंद्र पर एसडीओ की क्या होती है जिम्मेदारी जानें उपभोक्ता**

उपकेंद्र का संचालन और रखरखाव- उपकेंद्र के उपकरणों की नियमित रूप से जांच करना और उनकी मरम्मत सुनिश्चित करना। उपकेंद्र के उपकरणों के प्रदर्शन का विश्लेषण करना और उनकी कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के लिए उपाय करना। उपकेंद्र के उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, जैसे कि सुरक्षा उपकरणों की जांच करना और उनकी मरम्मत करना। उपकेंद्र के संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करना, जैसे कि बिजली, पानी, और अन्य आवश्यक सामग्री।

**विद्युत वितरण प्रणाली में समस्या प्रबंधन-** विद्युत वितरण प्रणाली में किसी भी समस्या या आपातकाल के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया देना। समस्या का कारण पता लगाना और उसे ठीक करने के लिए आवश्यक कदम उठाना।

विद्युत वितरण प्रणाली में किसी भी समस्या से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए उपाय करना।

विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार के लिए सुझाव देना।

**सुरक्षा और अनुपालन-** उपकेंद्र में सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करना।

उपकेंद्र में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

विद्युत वितरण प्रणाली से संबंधित नियमों और विनियमों का पालन सुनिश्चित करना।

उपकेंद्र में होने वाली किसी भी दुर्घटना या घटना की जांच करना और रिपोर्ट करना।

**अन्य कार्य-**उपकेंद्र के कर्मचारियों का प्रशिक्षण और विकास सुनिश्चित करना।

उपकेंद्र के संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेजों का रखरखाव करना।

उपकेंद्र के संचालन के लिए आवश्यक रिपोर्ट तैयार करना।

उपकेंद्र के संचालन के लिए आवश्यक जानकारी एकत्र करना और उसका विश्लेषण करना।

## उत्तर प्रदेश सरकार की आपदा प्रबंधन में अभूतपूर्व उपलब्धियां- अपर जिलाधिकारी सोनभद्र

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र उत्तर प्रदेश।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण, सहदेव कुमार मिश्र ने पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 11 विभिन्न आपदाओं को राज्य आपदा के रूप में अधिसूचित किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पीड़ित व्यक्तियों को राहत सहायता प्रदान करना है।श्री मिश्र ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य सरकार ने नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई व गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वंद, डूबना, तथा सांड एवं वनरोज, नीलगाय के हमले से होने वाली मृत्यु जैसी कई दुर्घटनाओं को राज्य आपदा की श्रेणी में शामिल किया है। यह कदम आपदा पीड़ितों को त्वरित और व्यापक सहायता पहुंचाने की सरकार की मंशा को दर्शाता है।उन्होंने जनपद स्तर पर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में क्षमता संवर्धन और राहत बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। राहत वितरण प्रणाली को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए शुरू की गई %एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन सिस्टम% का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इससे राहत वितरण की पूरी प्रक्रिया पेपरलेस हो गई है। इस योजना के तहत, इस वर्ष भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित 22 आपदाओं, जैसे अग्निकांड, आकाशीय बिजली, डूबकर मृत्यु, सर्पदंश, सांड एवं वन रोज, बेमौसम भारी वर्षा, आंधी-तूफान आदि से जनपद सोनभद्र में हुई जनहानि, पशु हानि और मकान क्षति के मामलों में शासन से प्राप्त धनराशि का समय-समय पर भुगतान किया गया है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आकाशीय बिजली, सर्पदंश और डूबने की घटनाएं अक्सर अधिक होती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बचाव और राहत सहायता प्रदान करने तथा क्षमता संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए जनपद में विशेष अभियान चलाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि जनपद प्रशासन द्वारा पिछले आठ वर्षों में समय पर राहत वितरण, प्रत्येक वर्ष कंबल वितरण, अलाव और रैन बसेरों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों और आपदा प्रबंधन विभाग के समन्वय से ग्राम पंचायतों में राहत चौपाल आयोजित कर विभिन्न आपदाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता है। जनपद में वर्षा और तापमान पर लगातार निगरानी रखने के लिए 26 स्थानों पर स्वचालित वर्षामापी और स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किए गए हैं।सर्पदंश की घटनाओं की अधिकता को देखते हुए, जनपद में सर्पदंश न्यूनीकरण परियोजना संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से संबंधित विभागों के सहयोग से आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें झाड़-फूंक करने वालों से बचाकर अस्पताल ले जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जनपद के 621 ग्राम पंचायतों और विद्यालयों में प्रमुख आपदाओं से संबंधित विनाइल बोर्ड/पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौसम के अनुसार विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, इस बारे में जन जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

तहसील दुद्धी के ब्लॉक दुद्धी में 32 स्थानों पर वज्रपात सुरक्षा अलार्म योजना का निर्माण किया गया है। औद्योगिक इकाइयों के साथ समय-समय पर अग्निकांड और विभिन्न आपदाओं पर पूर्वाभ्यास और मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जनपद में संचालित आपदा मित्र परियोजना के सक्रिय स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालयों और ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण और शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम और खुली बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का कार्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निरंतर किया जा रहा है।अपर जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि जनपद का आपदा प्रबंधन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आपदाओं से बचाव और प्रभावितों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

### ओबरा में बेलगाम टीपरों का आतंक और प्रदूषण का कहर- नागरिकों में भय व्याप्त, प्रशासन की कार्रवाई शून्य



**ओबरा सोनभद्र।** ओबरा तहसील के बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र के नागरिक इन दिनों एक गंभीर दुष्चक्र में फंसे हुए हैं। एक ओर जहां बेलगाम टीपर चालकों की जानलेवा रफ्तार और गैरजिम्मेदाराना रवैये ने उनकी जिंदगी को खतरे में डाल दिया है, वहीं दूसरी ओर इलाके में जारी अंधाधुंध खनन गतिविधियों के कारण फैल रहे जानलेवा प्रदूषण ने उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। इस भयावह स्थिति से त्रस्त होकर पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के नगर महासचिव अजीत सिंह ने आखिरकार क्षेत्र के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्होंने इन गंभीर समस्याओं से एसडीएम को अवगत कराते हुए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की पुरजोर मांग की है।बिल्ली क्षेत्र में संचालित खदानों से निकलने वाले विशालकाय टीपर अक्सर अपनी क्षमता से कहीं अधिक माल भरकर सड़कों पर दौड़ते हैं। इसका प्रत्यक्ष परिणाम यह होता है कि ओबरा-चोपन जैसे व्यस्त मुख्य मार्ग पर आए दिन बड़े-बड़े पत्थर, गिट्टी और भस्सी गिरते रहते हैं। यह जानलेवा मलबा न केवल सड़क यातायात को बाधित करता है, बल्कि पैदल चलने वालों और अन्य वाहन चालकों के लिए भी एक गंभीर खतरा बन गया है। इन खतरनाक परिस्थितियों के चलते क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं अब आम बात हो गई हैं। कुछ दिन पहले घटी एक हृदयविदारक घटना ने तो पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया था। नगर पुलिस उपाधीक्षक (सीओ सिटी) चारु द्विवेदी जब अपनी सरकारी गाड़ी से जा रही थीं, तभी खनन क्षेत्र से निकले एक अनियंत्रित टीपर ने उनकी गाड़ी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। यह ईश्वर की कृपा ही थी कि इस भीषण हादसे में सीओ सिटी और उनके चालक बाल-बाल बच गए।हालांकि, इस गंभीर घटना के बाद भी जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला है। बिल्ली मारकुंडी के निवासियों के मन में अब यही चिंता सता रही है कि उन्हें इस जानलेवा प्रदूषण और सड़कों पर मंडराते मौत के खतरे से कब निजात मिलेगी? घनी आबादी वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर न तो कोई गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाया गया है और न ही इन भारी-भरकम वाहनों की तेज गति पर किसी प्रकार का अंकुश लगाया जा सका है। आसपास रहने वाले नागरिक इन पत्थर लदे वाहनों की बेलगाम रफ्तार से बुरी तरह से परेशान हैं।

इस मार्ग की संवेदनशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके एक तरफ प्रतिष्ठित कॉलेज स्थित है, तो दूसरी तरफ बिल्ली रेलवे स्टेशन और चारों ओर घनी आबादी फैली हुई है। ऐसे में तेज रफ्तार भारी वाहनों का आवागमन किसी भी समय एक बड़े और दर्दनाक हादसे को जन्म दे सकता है।विडंबना यह है कि शारदा मंदिर चौराहे जैसे व्यस्त स्थान पर लाखों रुपये खर्च करके एक पुलिस केंद्र तो स्थापित किया गया है, लेकिन उद्घाटन के बाद से ही वह धूल फांक रहा है। इसके बंद पड़े रहने से स्थानीय लोगों की सुरक्षा की उम्मीदें भी धूमिल होती जा रही हैं। दूसरी ओर, गजराज नगर से लेकर बग्गा नाला तक सड़क के दोनों किनारों पर पत्थर, गिट्टी और भस्सी का विशाल ढेर लगा हुआ है। यह अवैध मलबा न केवल सड़क की चौड़ाई को कम कर रहा है, बल्कि दोपहिया वाहन चालकों, खासकर मोटरसाइकिल और साइकिल सवारों के लिए एक जानलेवा खतरा साबित हो रहा है। आए दिन इस मलबे के कारण वे फिसलकर चोटिल और घायल हो रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन तमाम गंभीर समस्याओं पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है।स्थानीय लोग अब प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें इस जहरीले वातावरण से मुक्ति मिल सके। उनका स्पष्ट कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द ही कोई ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो वे सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन कब इस गंभीर समस्या पर अपनी नींद से जागेगा और कब नागरिकों को इस भयावह स्थिति से मुक्ति दिलाने के लिए कोई ठोस समाधान निकालेगा। पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति ने एसडीएम से तत्काल इस समस्या का संज्ञान लेने और बेलगाम टीपर चालकों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के साथ-साथ सड़क पर गिरे खतरनाक मटेरियल को तुरंत हटवाने और प्रदूषण नियंत्रण के उचित उपाय सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की है, ताकि बिल्ली मारकुंडी के निवासियों को कुछ राहत मिल सके और भविष्य में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपौल में बड़ी कार्रवाई- SDPO के स्टेनो ASI 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**सुपौल।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की टीम ने सोमवार को बीरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आवासीय परिसर से उनके स्टेनो एएसआई बिट्टू कुमार को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। निगरानी डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई पूर्व में प्राप्त एक शिकायत के आधार पर की गई थी। शिकायत की पुष्टि होते ही निगरानी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और जैसे ही एएसआई ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर छापा मारकर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपी से घूस की राशि जब्त की गई और उसे पूछताछ के लिए पटना ले जाया गया। वहां उससे मामले में और जानकारी जुटाई जाएगी। यह कार्रवाई न सिर्फ प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, बल्कि यह राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का भी स्पष्ट संकेत देती है। इस कदम से सरकारी महकमे में कार्यरत भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ा संदेश गया है कि कोई भी दोषी कार्रवाई से नहीं बचेगा।

### ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में युवक ने तोड़ा दम

**बेनीगंज ( हरदोई )।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज पहला रायपुर गांव के एक युवक बुधवार दोपहर घर से पैदल कोथावां बाजार सब्जी लेने निकले युवक की घर वापस आते समय कोथावां बेनीगंज मैन सड़क मार्ग रायपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गयाद्य पुलिस ग्रामीणों की सहायता से उपचार के लिए घायल युवक को सीएचसी कोथावां लाया गया ।प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कियाद्य युवक की हालत नाजुक देखते हु ? जिले के चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया। आनन फ़ानन में परिजनों ने अपने निजी वाहन से युवक को लखनऊ ले जाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया जिससे परिजनों में मातम क्षा गया। पर जिन्होंने बताया मृतक लेखराम पुत्र मेड़ई उम्र 45 वर्ष थीद्य मृतक लेखराम अपने पीछे पत्नी सुमन बड़ी बेटी सालू, बड़ा बेटा मनीराम, ज्योती, छोटू को छोड़कर चल बसाद्य अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए खेती किसानी मजदूरी का करता थाद्य इस दुखद समाचार से परिजनों सहित गांव के लोगों में मायूसी छाई हैद्य पुलिस ने बाइक को कब्जे में लिया बाइक चालक मौके से बाइक छोड़ कर फरार हुआ। परिजन की सूचना पर कोथावां चौकी इंचार्ज विजय कुमार ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा द्य

### सीएचसी प्रभारी विपुल वर्मा ने 102,108 एकट्ठएक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कोथावाँ (हरदोई)द्वस्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से जनपद को दिया गया एंबुलेंस का तोहफाद्य इसी कड़ी में जिले के कोथावाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को सीएचसी प्रभारी विपुल वर्मा ने 102,108 एकट्ठएक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया द्य प्रभारी ने बताया है यह एंबुलेंस आकस्मिक चिकित्सीय गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए चिकित्सालय पहुंचाने एवं 2 वर्ष तक के शिशुओं को चिकित्सीय सहायता के लिए कारगिल साबित होंगे द्य एंबुलेंस की संख्या बढ़ जाने से क्षेत्र में मरीजो को काफी सहूलियत मिलेगी द्य इस मौके पर स्वास्थ्य महकमें के चिकित्सक सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस के सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया

हरदोई मलिहामऊ मे भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अंतर्गत सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय राजनीति मे लाये गए परिवर्तन पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक प्रभाष कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, विधानसभा संयोजक आजाद भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय मिश्रा सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, विधानसभा सांडी के मण्डल अध्यक्ष गण व् सक्रिय सदस्य गण उपस्थित रहे।

# नगर परिषद का 2025-26 का बजट पेश,96.67 करोड़ रुपये की कुल प्राप्ति का अनुमान

स्वतंत्र प्रभात




**त्रिवेणीगंज ।** नगर परिषद के सभागार में सोमवार को मुख्य पार्षद संगीता कुमारी यादव की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी,जो देर संध्या तक चली। बोर्ड की बैठक में में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए करीब 96 करोड़ 67 लाख 36 हजार 636 रुपये की अनुमानित कुल प्राप्तियों एवं 91 करोड़ 27 लाख 93 हजार रुपये के कुल व्यय का बजट पेश किया गया। इस बजट में अनुमानित अंतिम अवशेष राशि 5 करोड़ 39 लाख 43 हजार 636 रुपये रहने की संभावना जताई गई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार,वित्तीय वर्ष की प्रारंभिक शेष राशि 6.34 करोड़ रुपये बताई गई है, जबकि आंतरिक राजस्व,केंद्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान सहित कुल 90.83 करोड़ रुपये की आय अनुमानित है। पेश की गई वित्तीय बजट में राजस्व एवं आय के स्त्रोत में बकाया एवं चालू सम्पत्ति कर वसूली का लक्ष्य एक करोड़ रुपये,अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क डेढ़ करोड़ रुपये,प्रोफेशनल टैक्स 50 लाख रुपये,दुकान,वाहन,मार्केट से एक करोड़ 51 लाख रुपये,फी एवं यूजर चार्ज 92.12 लाख रुपये,फार्म,प्रकाशन व उपकरण भाड़ा से दस लाख एक हजार रुपये,स्वच्छ भारत, जल-जीवन हरियाली आदि से 42 करोड़ 41 लाख रुपये,पूंजीगत अनुदान सड़क,नाली, लाइट आदि से 41 करोड़ 30 करोड़ रुपये,मोबाइल टावर शुल्क से 3 लाख रुपये राजस्व एवं आय के स्त्रोत हैं तो वहीं व्यय के स्वरूप स्थापना व्यय के रूप में वेतन,पेंशन आदि 1 करोड़ 45 लाख रुपये,प्रशासनिक व्यय यानी कार्यालय संचालन में 1 करोड़ 43 लाख रुपये,परिचालन एवं संरक्षण व्यय 9 करोड़ 90 लाख रुपये,कार्यक्रम संबंधित व्यय स्वच्छता,फोगिंग,आपदा प्रबंधन आदि पर 32 करोड़ 16 लाख रुपये और पूंजीगत व्यय सड़क,पुल, मार्केट,पार्क,स्ट्रीट लाइट आदि पर 47 करोड़ 36 लाख रुपये खर्च निर्धारित है बजट में बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के प्रावधानों के तहत सम्पत्ति कर की दर को वार्षिक किराया मूल्य का 9त्न बनाए रखा गया है। हर पांच वर्ष में सम्पत्ति कर का पुनरीक्षण किया जाएगा। साथ ही,अनिर्धारित और नए मकानों को होल्डिंग कर के दायरे में लाने की योजना है। नगर परिषद द्वारा बकायेदारों की सूची अखबारों में प्रकाशित कर कानूनी कार्रवाई के जरिए राजस्व संग्रह में वृद्धि का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, मोबाइल टावर शुल्क की वसूली हेतु डिमांड नोटिस जारी कर,भुगतान न करने पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।बजट में शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाओं पर उपलब्ध राशि का 27.19त्न अर्थात 26.28 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान भी किया गया है,जो सामाजिक समावेशन की दिशा में अहम कदम है। नगर परिषद का यह बजट शहर के आधारभूत विकास, स्वच्छता, डिजिटल सशक्तिकरण और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखा जा रहा है बजट सत्र में मुख्य पार्षद के अलावे उप मुख्य पार्षद गीता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी राज साहिल,वित्तीय सलाहकार नमित कुमार,नगर प्रबन्धक चंद्र भूषण विभूति, लोक स्वच्छता पदाधिकारी दीपेश कुमार,लेखापाल हिमांशु राज,अंसार जी,वार्ड पार्षद महेश कुमार,विवेक कुमार राज,शिव शंकर साह,संजय जी,सुमन कुमार उर्फ डब्लू,सज्जन कुमार अग्रवाल एवं अन्य पार्षद मौजूद थे।

# मिडास इंग्लिश स्कूल के तरक्की के लिए हर संभव मदद करेंगे : श्याम धनी राही

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** मंगलवार सायं मिडास इंग्लिश स्कूल बर्डपुर में वार्षिकोत्सव एवं भवन शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी राही,जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान,मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार,जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह,बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक, मुख्य विकास अधिकारी ने किया । सांसद ने लखनऊ से आन लाइन संबोधन कर मिडास के छात्र छात्राओं के सुनहरे भविष्य की कामना किया ।साथ ही शिलान्यास भवन में एक कमरा निर्माण के लिए निधि से धन देने की घोषणा किया। सदर विधायक ने कहा स्कूल में ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। अविभावक भी एक बार मौके पर पहुंचता है।अपने बच्चों के शिक्षण संस्थान को देखता है।अपनी सुझाव देता है। उन्होंने कहा मिडास इंग्लिश स्कूल में हमारे द्वारा हर संभव मदद किया जाएगा बच्चों के शिक्षा के संसाधनों की उपलब्धता कराई जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा पिछड़े क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षा क्षेत्र में मजबूती देगी। यहां के बच्चों में प्रतिस्पर्धा उत्पन्न होगी ।जो वह आगे की ओर अग्रसर होंगे ।तत्पश्चात मंच पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की मराठी गीत पर नृत्य, कौवाली,लोगगीत, एवं देश पर बलिदान होने वाले जवानों पर मंचन किया गया ।जिसमें देश का वीर जवान सीमा पर दुश्मनों से लड़ते हुए बलिदान होता है,के मंचन का दृश्य मनमोहक रहा,जिससे उपस्थित अभिभावकों की आंखें भीगती दिखी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया गया ।इस दौरान डॉ महेश कुमार,डा नियाज़,डा प्रमोद यादव, नितेश पांडेय,अमित उपाध्याय, सबलू साहनी,राणा प्रताप सिंह,सुजीत कुमार जायसवाल, रामकरन, विद्यालय के प्रधानाचार्य एजाज अहमद सहित अविभावक मौजूद रहे। अन्त में स्कूल के प्रबंधक राम शरण ने कार्यक्रम में आए हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अब आपके इलाके में बनेगा आपकी पसंद का रेलवे स्टेशन, बस आपको घर बैठ करना है ये आसान-सा काम

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई ।** अपनी पसंद के अनुरूप पास वाले अमृत भारत स्टेशन का पुनर्विकास करा सकते हैं आमजन रेलवे की वेबसाइट के सुझाव दो आपका स्टेशन कैसा हो लिंक पर दे सकते हैं अपना सुझाव रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल ने बताया कि अब आप भी अपनी पसंद के अनुरूप पास वाले चिह्नित अमृत भारत स्टेशन का पुनर्विकास करा सकते हैं। अगर आप स्टेशन पर क्षेत्रीयता या ऐतिहासिकता की झलक चाहते हैं, आवागमन को सुगम बनाने के लिए शहर से बेहतर कनेक्टिविटी चाहते हैं या यात्री सुविधाओं का और विस्तार, तो अपनी इच्छाओं को दबाइए नहीं। सीधे इंडियन रेलवे के वेबसाइट पर जाइए और सुझाव दो आपका स्टेशन कैसा हो लिंक के माध्यम से अपने मन की बात रेल मंत्रालय तक पहुंचाइए। रेलवे बोर्ड अपनी वेबसाइट www.indianrailways.gov.in पर सुझाव दो आपका स्टेशन कैसा हो लिंक के माध्यम से आपकी राय आमंत्रित कर रहा है। रेल मंत्रालय के निर्देश पर सेंटर फार रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम (क्रिस) ने इंडियन रेलवे




के वेबसाइट पर यह लिंक तैयार किया है। लिंक पर क्लिक करते ही सामने सुझावों से संबंधित पेज खुल जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने स्टेशन के पुनर्विकास में बदलाव चाहता है, तो वह पेज पर दिए गए विकल्पों को अपनी इच्छानुसार भर सकता है। पेज पर नाम, पता, व्यवसाय, मोबाइल नंबर और ई मेल आइडी भरने के साथ स्टेशन का नाम चुनना होगा। आप अपनी राय HARDOI RAILWAY के फेसबुक पेज पर भी दे सकते है इसके लिए आपको फेसबुक पर HARDOI RAILWAY लिखकर सर्च करना होगा और पहली पोस्ट आपको हरदोई रेलवे स्टेशन पर आपके सुझाव की दिखाई पड़ेगी आप अपने स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में देखना चाहते हैं तो सुझाव दे सकते हैं। इसके अलावा अलग-अलग विकल्पों में स्टेशन से एप्रोच रोड, स्टेशन के दोनों तरफ से शहर से कनेक्टिविटी, स्टेशन से बाहर निकलने के रास्ते, वेटिंग हाल का उच्चीकरण, क्षेत्रीयता के आधार पर स्टेशन का माडल, ऐतिहासिक स्वरूप, दिव्यांगजन, महिला और बच्चों समेत यात्री सुविधाओं से संबंधित अपनी राय दे सकते हैं। सुझाव से संबंधित आडियो और वीडियो के अलावा अभिलेख भी अपलोड कर सकते हैं। पेज पर इसके लिए भी अलग से विकल्प दिए गए हैं। सबमिट करने के साथ आपका सुझाव रेल मंत्रालय तक पहुंच जाएगा। जानकारों के अनुसार मंत्रालय स्तर पर गठित कमेटी आपके सुझावों की समीक्षा करेगी। बेहतर सुझावों को अमल में लाया जाएगा, जिससे सुझाव देने वाले व्यक्ति को भी अवगत कराया जाएगा। रेल मंत्रालय अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्विकास का खाका दो वर्ष पहले तैयार कर लिया है। नवनिर्माण भी आरंभ हो गया है। रेलवे प्रशासन लोगों की मंशा के अनुरूप स्टेशनों का पुनर्विकास नहीं कर पा रहा, जिन्हें स्टेशन व क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक व भौगोलिक संरचना की बेहतर जानकारी होती है। इसलिए स्टेशनों के विकास को लेकर आमजन की राय लेने की योजना बनाई है ।

## 12 लाख 4 हजार रुपये की लागत से बन रहा घटिया आंगनवाड़ी भवन



**शहडोल ।** जिले के ग्राम पंचायत धनपुरा में बन रहा नया आंगनवाड़ी भवन में घटिया किस्म का सीमेंट और सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा हैं। जिसमें 12 लाख रुपये की लागत से बन रहा भवन को ठेकेदार के द्वारा भारी अनिमितता बरती जा रही हैं। जिसमें पंचायत सचिव का योगदान देखने को मिल रहा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के ही उपसरपंच आशीष सिंह के द्वारा आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य का जिम्मा ले रखा हैं। जिसमें लोकल सीमेंट और लोकल सरिया का इस्तेमाल में किया जा रहा है, व बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। आपको बता दे कि उपसरपंच आशीष सिंह के द्वारा ग्राम पंचायतों में दबाब बना कर इस तरह का निर्माण कार्य को किया जा रहा हैं। जिसमें लाल इट का उपयोग कर उसको छुपा दिया गया। जिसमें वीडियो में साफ तौर में देखने को मिल जाएगा। सूत्रों के अनुसार बन रहे आंगनबाड़ी भवन में एस्टीमेट के आधार पर सीमेंट के ईटों का प्रयोग होना आवश्यक थ, मगर उपसरपंच द्वारा निर्माण कार्य के पहले से ही लाल ईट गिरवा लिया गया था, नाम ना बताने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि कुछ मात्रा में स्थानीय नदी के रेत का भी प्रयोग किया गया है। जिस पर कार्यवाही नहीं हो रही है।

# आंगनबाड़ी भर्ती और बर्तनों की गुणवत्ता को लेकर विभाग पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा- जिला कार्यक्रम अधिकारी मथुरा हमेशा चर्चा में रहते हैं अभी हाल में आंगनबाड़ी भर्ती और केंद्रों को मिले बर्तनों की गुणवत्ता को लेकर बड़े सवाल उठ रहे हैं गौरतलब है कि जनपद में अभी आंगनबाड़ी भर्ती चल रही है जिसमें मगोर्रा इलाके गांव की एक घर से तीन महिलाओं को नियुक्त कर दिया है इन नियुक्तियों को लेकर उप जिला अधिकारी गोवर्धन को शिकायती पत्र सोंपा है शिकायत के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी मथुरा को जांच के लिए नियुक्त किया है जिनके खिलाफ शिकायत थी उन्हीं को जांच अधिकारी नियुक्त कर के स्वत- सवाल खड़े हो गए हैं इसी प्रकार बलदेव क्षेत्र की एक महिला आंगनबाड़ी भर्ती हुई है महिला को विधवा दर्शाया है। इस प्रकार की तीसरी शिकायत केंद्रों को मिले बर्तनों की गुणवत्ता को लेकर हुई है जिसमें में खराब गुणवत्ता के बर्तनों की खरीदारी कर भेज दिए हैं। बर्तनों को खरीदने के लिए शासन से बड़ा मोटा बजट जनपद के लिए मिला है। इन सभी पूरे मामलों को लेकर बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी मथुरा से पूछा गया तो उन्होंने बताया आंगनबाड़ी भर्ती में सरकार द्वारा निर्धारित मानकों का प्रयोग हुआ है शैक्षिक योग्यता 12वीं पास हो, विधवा और बीपीएल कार्ड धारक को पहले प्राथमिकता दी जाएगी दोनों मामलों में विधवा और बीपीएल कार्ड धारक हैं बलदेव में महिला के पति के नाम के आगे विभाग की गलती से स्वर्गीय लिख गया है लिस्ट पर व्हाइटनर लगाने पर भी बताया कोर्ट केस में जिन महिलाओं के नाम शामिल हैं उनको नियुक्ति पत्र रोक दिया है श्रीमती मिश्रा ने बताया बर्तनों की गुणवत्ता के सवाल पर शासन से 82 लाख रुपए आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बर्तन खरीदने का बजट मिला था 4100 रुपए में 30 प्लेट, 30 चम्मच, 30 ग्लास, दो बड़े भगोना 10 लीटर ढक्कन सहित खरीदे गए हैं और 9 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए गैस चूल्हा सहित बर्तन 10000 की राशि में खरीदारी हुई है।

# अनूप लाल यादव महाविद्यालय में संविधान संशोधन पर कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



अनूप लाल यादव महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में क्या भारत के संविधान में बदलाव आवश्यक है या नहीं विषय पर एक विचारशील कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयदेव प्रसाद यादव के संरक्षण में, आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. अशोक कुमार द्वारा किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार अमर ने की। इस अवसर पर उपस्थित विद्वानों एवं छात्र-छात्राओं ने विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान में बदलाव एक जटिल एवं गंभीर विषय है, जो राजनीति से सीधे जुड़ा हुआ है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए समय-समय पर संविधान में आवश्यक संशोधन किए जाने चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि जनहित, सामाजिक आवश्यकताओं एवं वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संविधान में परिवर्तन की आवश्यकता महसूस की जा सकती है। कॉमन सर्विस कोड, चुनावी पारदर्शिता, मिलावट पर नियंत्रण, नशाखोरी पर रोक, जनसंख्या नियंत्रण, भ्रष्टाचार उन्मूलन, प्लास्टिक प्रतिबंध, पर्यावरण संरक्षण, सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग, और यातायात नियमों के सख्त पालन हेतु कठोर कानून बनाए जाने चाहिए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि इन सुधारों के लिए अगर संविधान में बदलाव की आवश्यकता पड़े, तो वह स्वीकार्य है। हालांकि, कई वक्ताओं का यह भी मत था कि संविधान बहुत सोच-समझकर बनाया गया दस्तावेज है, और इसके निर्माता उच्च कोटि के विद्वान थे। भारतीय संविधान में पहले भी कई बार संशोधन हो चुके हैं, लेकिन बार-बार बदलाव करना संविधान की स्थायित्वता और गरिमा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर सकता है। कार्यशाला में प्रो. अरुण कुमार, प्रो. सुरेंद्र प्रसाद यादव, प्रो. राजकुमार यादव, प्रो. कमल किशोर यादव, प्रो. सूर्यनारायण यादव, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. सुरेंद्र कुमार के साथ-साथ छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संविधान की महत्ता और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

## मेहंदीघाट संडीला भटपुर राजमार्ग 137 के दोनों तरफ की पटरियों पर कांटेदार झाड़ियां होने से आये दिन हो रहें सड़क हादसे

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** मेहंदीघाट संडीला भटपुर राजमार्ग 137 के दोनों तरफ पटरी मरम्मत न होने के कारण झाड़ियां होने के कारण लोगों को आवागमन मुश्किल है। पटरी न होने व झाड़ियों के कारण आए दिन सड़क हादसा होते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर दोनों तरफ पटरी मरम्मत व झाड़ियां साफ करने की मांग सदस्य विधान परिषद इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह से की। बताते चलें मेंहदीघाट संडीला भटपुर राजमार्ग संख्या 137 लोक निर्माण विभाग बिलग्राम खंड के अधीन आता है। इस मार्ग से औद्योगिक शहर कानपुर, पौराणिक स्थल मेहंदी घाट जाने का प्रमुख मार्ग है। संडीला के औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार होने के कारण वाहनों का आवागमन मुख्य शहर कानपुर आगरा एक्सप्रेस से दिल्ली आदि प्रमुख शहरों का रहता है। इस मार्ग पर डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, परिषदीय स्कूल, प्रमुख बाजार, अस्पताल स्थित है। छोटे वाहनों से लेकर बड़े वाहनों का हमेशा आवागमन रहता है। दोनों तरफ से वाहन आने से पैदल चलने वाले राहगीर साइकिल चालको व मोटरसाइकिल चालकों के सामने दोनों तरफ पटरी न होने तथा झाड़ियों के कारण संकट खड़ा हो जाता है। थोड़ी सी चूक से राहगीर वाहन की चपेट में आ जाते है। पटरी मरम्मत न होने के कारण व झाड़ियों के कारण दर्जनों सड़क दुर्घटनाओं में लोग जान गंवा चुके हैं। सबसे ज्यादा छात्रों के सामने आवागमन मुश्किल होता है। अभिभावक हमेशा भयभीत रहते हैं। इस ज्वलंत समस्या को स्थानीय लोगों ने सदस्य विधान परिषद इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह को अवगत कराया, अवनीश कुमार सिंह ने पूरे मामलों की समस्या के निस्तारण के लिए शासन को पत्र लिखा।

# स्कूल चलो अभियान के तहत संविलियन विद्यालय अटिया मझिगवां के बच्चों ने निकाली रैली

स्वतंत्र प्रभात




बेनीगंज(हरदोई)।स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत संविलियन विद्यालय अटिया मझिगवां विकासखंड कोथावाँ के अंतर्गत बुधवार को शिक्षकों द्वारा रैली निकाली गई। बता दें खंड शिक्षा अधिकारी प्रभावती के निर्देशन में सभी विद्यालयों को नामांकन रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कोई बच्चा शिक्षा की धारा से मुखर ना हो सके और नामांकन का लक्ष्य शासन के निर्देशों के अनुरूप हो। उसी कड़ी में प्रधानाध्यापक शिव मूर्ति त्रिपाठी,सहायक अध्यापक अरुणेंद्र प्रताप सिंह,सहायक नीतू वर्मा,शिक्षा मित्र संतोष कुमार,नम्रता सिंह बच्चों के साथ मझिगवां में घर-घर जाकर स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया साथ में ही अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाध्यापक ने बताया की डीबीटी के माध्यम से बच्चों को ?1200 खाते में दिए जा रहे हैं मध्यान भोजन मीनू के अनुसार बच्चों को दिया जाता हैद्य सोमवार को मौसमी फल और बुधवार को बच्चों को दूध दिया जाता हैद्य निशुल्क पुस्तकों का वितरण भी बच्चों को कराया जाता हैद्य समय-समय पर बच्चों की स्वास्थ्य टीम द्वारा निशुल्क जांच भी करायी जाती हैं विद्यालय में एस्ट्रोनॉमी लैब में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को विज्ञान की शिक्षा दी जाती हैद्य अध्यापक नीतू वर्मा ने बताया कि आईटीसी लैब का निर्माण हो रहा हैद्य जिसमें बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा भी प्रदान की जाएगी बच्चों को स्वच्छ जल पीने के लिए कमरों में लाइट पंखे की व्यवस्था है स्मार्ट टीवी पर बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती हैद्य गांव के नागरिकों ने रैली की सहरानीय कदम बताया।

# आर्य नगर विधान सभा का सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह संपन्न



**कानपुर।** आज गीतांजलि गेस्ट हाउस में विधायक सलिल विश्नोई के संयोजन में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं वरिष्ठजन कार्यकर्ता सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भहुआ। कार्यक्रम में संयोजक विधायक सलिल विश्नोई ने अपने सम्बोधन में कहा कि पार्टी की पूँजी हमारा सक्रिय कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी ही देश की एकमात्र पार्टी है जिसमें जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को सदैव सम्मान मिलता है, यही एकमात्र दल है जिसमें बूथ स्तर का कार्यकर्ता मंत्री हो जाता है। कार्यक्रम में समाजसेवी काशी सिंह परिहार, पदम मिश्रा, सत्य प्रकाश जायसवाल, प्रवेश सोनकर, श्री कृष्ण गोपाल अवस्थी, लक्ष्मी शंकर पाण्डेय, सीता देवी, शिव मंगल बाल्मीकि, कीर्ति अग्निहोत्री आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रमेश अवस्थी, मुख्य वक्ता पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के संयोजक नवाब सिंह ने किया। मा0 विधायक सलिल विश्नोई, वैभव खण्डेलवाल, ऋचा सक्सेना, रोहित जायसवाल, चन्द्रकान्त द्विवेदी सन्ध्या मिश्रा, गुरुनारायण गुप्ता, कुशाग्र गुप्ता तथा शैलेन्द्र शर्मा द्वारा आये हुये अतिथियों का स्वागत किया गया।